धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

12.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 151 | 12

युवाओं के विजन पर चलेगी सरकार : मोदी

न्यूज डायरी

### मल्होत्रा ने आरबीआई गवर्नर का पद संभाला

**मुंबई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1990 बैच के राजस्थान कैडर के अधिकारी संजय मल्होत्रा ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 26 वें गवर्नर कार्यभार संभाल लिया। श्री मल्होत्रा को श्री शक्तिकांत दास के स्थान पर नियुक्त किया गया है।

### झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है : हेमंत सोरेन

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की। उन्होंने झामुमो केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है और कभी हार नहीं मानी है।

### कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा केंद्र होगा

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के कोडरमा ताप विद्युत केंद्र (केटीपीएस) फेज 2 का कार्य शुरू हो गया है। बुधवार को डीवीसी अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने कहा कि कोडरमा यूनिट डीवीसी का सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र होगा। केटीपीएस का दूसरा फेज 2 गुना 800 मेगावाट 4 वर्षों में कार्य संपन्न किया जायेगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 97000 रु./प्रति किलो |

## राज्यपाल के अभिभाषण में घोषणाओं की बहार, सभी क्षेत्रों में नियुक्तियां शीघ्र

# केंद्र से बकाया वसूली का कानूनी विकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनायी और सरकार की ओर से कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र और राज्य के परस्पर सहयोग से ही राज्य की जनता का चहुंमुखी विकास संभव है। राज्यपाल ने कहा, सरकार राज्य में 60 हजार पदों पर शिक्षकों, 15 हजार पदों पर प्राधानाध्यापकों, अलग-अलग कार्यालयों के लिए 2,500 क्लर्क के अलावा 10 हजार पुलिसकर्मियों की नियुक्तियां शीघ्र शुरू करेगी। 10 हजार भाषा शिक्षकों की नियुक्ति होगी। अभिभाषण में राज्यपाल ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार और उनकी कंपनियों के पास बकाया 1.36 लाख करोड़ वापस लाने के लिए उनकी सरकार कानून का सहारा लेगी। राज्यपाल ने नवनिर्वाचित विधायकों को बधाई दी और उनसे सुखी, समृद्ध और उन्नत झारखंड बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करने को कहा। (शेष 11 पर)



- समृद्ध झारखंड बनाने को मिल कर काम करें
- अभिभाषण में गिनायी सरकार की उपलब्धियां
- झारखंड में शीघ्र खुलेगा नयुक्ति का पिटारा
- महिलाओं को मिलेगा 33 फीसदी आरक्षण
- बिना ब्याज के कृषि ऋण दिया जायेगा
- स्थानीय नीति बनायेगी झारखंड सरकार
- थर्ड-फोर्थ ग्रेड की नौकरी में शत प्रतिशत आरक्षण (पेज 2 भी देखें)

### स्थिर सरकार के गठन का जनादेश

राज्यपाल ने कहा कि षष्ठम विधानसभा के शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति के बाद राज्य में स्थिर सरकार के गठन का जनादेश जनता ने दिया है। यह सरकार झारखंड की मूल चेतना के साथ समावेशी विकास का ध्येय लेकर आगे बढ़ेगी। हमारी सरकार बिना किसी द्वेष के वंचितों को विशेष महत्व देने के मानवीय सोच के साथ सबको उचित अधिकार, सबको सुरक्षा और हर द्वार तक समृद्धि पहुंचाने को प्रतिबद्ध है। सरकार शहीदों के त्याग और बलिदान को हृदय में आत्मसात करते हुए द्वेष, घृणा, अहंकार, प्रतिशोध से दूर रहने का प्रण लेकर कार्य करेगी। झारखंडी अस्मिता को केंद्र में रखकर सजग, सुलभ, पारदर्शी और संवेदनशील प्रशासन के माध्यम से राज्य को प्रगति के उच्च शिखर पर ले जाने के लिये संकल्पित है।

#### सदन साक्षी बनेगा

राज्यपाल ने कहा कि विधानसभा अनुभवी और नये सदस्यों का समागम हुआ है। सबको मिलकर जनादेश का सम्मान करते हुए जनभावनाओं और जनआकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करना है। जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए पूरी लगन, निष्ठा और समर्पण से कार्य करना है। आदर्श परंपराओं को आप सबको मिलकर आगे बढ़ाना है। हमारी सरकार संघीय ढांचे की स्वस्थ परंपरा को आगे बढ़ाने का काम करेगी। भारत की गरिमामयी विरासत का सम्मान करते हुए कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना के अनुरूप जनहित के व्यापक कार्य करेगी। यह सदन अपने विधायी कार्यों से झारखंड राज्य को प्रगति के शिखर तक ले जायेगा।

**महिला कल्याण :** राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी राखी मंडल की महिलाओं को 15,000 करोड़ रुपये का क्रेडिट लिंकेज उपलब्ध कराते हुए स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। सभी जरूरतमंद परिवारों को 15 लाख रुपये के अनुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ा जायेगा। सभी गरीब व्यक्ति को प्रति महीने 7 किलोग्राम चावल और 2 किलोग्राम दाल उपलब्ध कराया जायेगा। राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी।

### 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- महिला व बाल विकास में सर्वाधिक 6390.55 करोड़



**रांची।** विधानसभा के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 11697.45 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें सबसे अधिक महिला व बाल विकास विभाग के लिये 6390.55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऊर्जा विभाग के लिए 2577.92 करोड़, गृहकारा विभाग के लिए 445.96 करोड़, माध्यमिक शिक्षा के लिए 301.89 करोड़ और प्राथमिक शिक्षा के लिए 272.80 करोड़ का प्रावधान है। अनुपूरक बजट पेश होने के बाद सदन की कार्यवाही 12 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। अब गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। (पेज 2 भी देखें)

### अतुल का शव पहुंचा पटना, मां बोली बेटे को मार दिया

**देशभर में दहेज कानून के दुरुपयोग का मुद्दा उठा**

**पटना।** बंगलूरू में आइटी पेशेवर अतुल सुभाष आत्महत्या का मामला देशभर में चर्चा में है। देशभर में दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी दहेज उत्पीड़न के मामलों में कानून के दुरुपयोग पर चिंता जतायी है। इस बीच अतुल सुभाष का शव बुधवार को पटना पहुंचा। अतुल की मां शव देखते ही बेहोश हो गयी। उन्होंने रोते-रोते कहा, ये आत्महत्या नहीं, हत्या है। जिस तरह से उसे परेशान किया गया, उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया उसकी हत्या हुई है। मेरे बच्चा को बहुत टॉर्चर किया गया है। मेरे बेटे को इंसाफ दो। परिवार वाले इंसाफ की गुहार लगा रहे हैं। अस्थि कलश को लेकर जब परिवार वाले बेंगलुरु से पटना पहुंचे तो पूरा माहोल गमगीन हो गया।

### हाइकोर्ट ने कहा, जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र करें

# 26000 आचार्यों के रिजल्ट पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति मामले में रिजल्ट के प्रकाशन पर फिलहाल रोक लगा दी। नियुक्ति प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिका की कोर्ट बुधवार को सुनवाई पूरी कर ली। अंतिम फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही कहा कि जब तक अदालत अपना फैसला नहीं सुनाता रिजल्ट जारी नहीं किया जाये। वही एक अन्य मामले में अदालत ने सरकार से कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र पूरी करें। अदालत ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही कहा कि अंतिम फैसला आने तक रिजल्ट का प्रकाशन नहीं करें। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच में चल रही है। सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। (शेष 11 पर)



## गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में सरयू राय पर पीड़क कार्रवाई पर 10 जनवरी तक रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जदयू विधायक सरयू राय को मिली राहत बरकरार रखी है। बुधवार को अदालत ने उनके खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव द्वारा दर्ज करवाए गए मामले में पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 10 जनवरी तक विस्तार दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए दोबारा समय दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सरयू राय की याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। चुनाव के समय पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार मिलने से सरयू राय को बड़ी राहत मिली है।

## खरमास बाद नये बंगलो में होगा मंत्रियों का गृह प्रवेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए नवनिर्मित बंगलो उनके वेलकम को तैयार है। जानकारी के अनुसार, खरमास के बाद मंत्रियों का इस नए बंगलो में गृह प्रवेश होगा। बताते चलें कि सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए बने बंगलो का निरीक्षण भी किया था। इसके बाद सीएम ने अफसरों को 15 जनवरी 2025 तक आवास से जुड़े सभी कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया था। स्मार्ट सिटी में मंत्रियों के लिए 11 आवास बनाए गए हैं। बंगलो में मंत्रियों की तंदुरुस्ती का भी ख्याल रखा गया है। इसमें स्विमिंग पुल, जिम, प्ले जोन, बॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। पूरे एरिया को हरा-भरा बनाया गया है। इसमें क्लब हाउस की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



## राज्य के तीन नगर निकायों में विशेष वित्तीय सहायता योजना से कार्य होगा संपन्न

**रांची।** झारखंड के तीन नगर निकायों के लिए विशेष रुपये योजना शुरू करके राशि प्राप्त की जायेगी। नगर विकास विभाग व राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आपसी समन्वय करके तीन माइल स्टोन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है और इन निकायों में विशेष वित्तीय सहायता की राशि खर्च की जायेगी। शहरी नगर निकायों में विश्रामपुर, लोहरदगा व रामगढ़ नगर परिषद में इसके तहत कार्य किए जायेंगे। नगर विकास विभाग ने तीन निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को माइलस्टोन प्राप्त करने की कार्रवाई करने के लिए कहा है। इसी के आधार पर केंद्र सरकार से राशि की मांग की जायेगी।

### शपथ पत्र

समक्ष, नोटरी पब्लिक मेदिनीनगर पलामू।



मैं भरत कुमार पासवान पिता रूपन पासवान निवासी ग्राम भोगु, पोस्ट-खामडीह, थाना सतबरवा जिला पलामू शपथ पूर्वक निम्नलिखित बातों का एकरार करता हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त नाम पते का मूल निवासी हूं।
2. यह कि चिराग पासवान (Chirag Paswan) मेरा पुत्र है।
3. यह कि मेरा पुत्र चिराग पासवान का जन्म दिनांक 01.08.2012 को हुआ है।
4. यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड में नाम चिराग पासवान (Chirag Paswan) है तथा आधार कार्ड में मेरा पुत्र का जन्म तिथि 01.08.2010 अंकित हो गया है।
5. यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में नाम अनुराग पासवान (Anurag Paswan) है तथा जन्म प्रमाण पत्र में सही जन्म तिथि 01.08.2012 अंकित है एवं मेरे पुत्र का सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में नाम अनुराग पासवान (Anurag paswan) है जो सही है।
6. यह कि मैं अपने पुत्र का आधार कार्ड में नाम चिराग पासवान (Chirag Paswan) के जगह अनुराग पासवान (Anurag Paswan) नाम अंकित कर सुधार करवाने हेतु यह शपथ पत्र कर रहा हूं, ताकि मेरा पुत्र का नाम तथा जन्म तिथि, आधार कार्ड में सुधार हो सके।
7. यह कि उपर वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है, किसी भी तरह का गलती पाये जाने पर मैं स्वयं दंड का भागीदार बनूंगा।

भरत कुमार पासवान
शपथकर्ता

उपरोक्त शपथकर्ता ने मेरे सामने इस शपथ पत्र पर अपना हस्ताक्षर बनाए हैं जिनकी पहचान मैंने किया है।

मदन मोहनसिंह
नोटरी पब्लिक डालटनगंज पलामू।
बुक नं- 66, सिरियल नंबर - 8566
दिनांक- 10.12.2024


### दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना)/गार्डनरीच, कोलकाता, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं ई-निविदा सं., कार्य का नाम एवं उसका स्थान, इस कार्य की अनुमानित लागत, बयाना राशि: (1) एमआरटीएसईआर/जीआरसी/इंजी./डब्ल्यूटी-01 (खुली), दिनांक 10.12.2024;** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अधीन मुरी-रांची-टोरी अनुभाग के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन कार्य के लिए लोहरदगा में 10 इकाई टाइप-II क्वार्टरों के निर्माण के साथ कम्पाउंड वॉल, ड्रेन, आरसीसी रोड इत्यादि जैसे अन्य सभी अनुषांगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; रु. 3,97,16,320.94; रु. 3,48,600/-। **(2) एमआरटीएसईआर/जीआरसी/इंजी./डब्ल्यूटी-02 (खुली), दिनांक 10.12.2024;** 3000 एमटी लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अधीन मुरी-रांची-टोरी अनुभाग के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम का 1x25 केवी से 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में उन्नयन कार्य के लिए लोहरदगा में 10 इकाई टाइप-III क्वार्टरों के निर्माण के साथ कम्पाउंड वॉल, ड्रेन, आरसीसी रोड इत्यादि जैसे अन्य सभी अनुषांगिक कार्यों के लिए खुली ई-निविदा; रु. 4,57,52,920.79; रु. 3,78,800/-। **कार्य की समापन अवधि:** क्रमांक 1 के लिए 15 (पंद्रह) महीने क्रमांक 2 के लिए 18 (अठारह) महीने। **बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए आईआरईपीएस पोर्टल का प्रयोग कर ऑनलाइन ई-निविदा दिनांक 02.01.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक स्वीकार की जाएगी। **वेबसाइट का विवरण जहां सूचना पट्ट का स्थान:** दोनों के लिए वेबसाइट सं. **www.ireps.gov.in** एवं मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना)/दक्षिण पूर्व रेलवे/गार्डनरीच (इंजी.) का कार्यालय। **संशोधन:** दोनों के लिए कोई भी संशोधन बोली शुरू होने से पहले यानी दिनांक 19.12.2024 तक आईआरईपीएस पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।
(PR-889)


## खाद्य आपूर्ति मंत्री ने की मैराथन समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश

# झारखंड में आउटसोर्सिंग से बहाल किये जायेंगे 286 एजीएम : डॉ इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट बिल्डिंग के एनेक्सी भवन में हुई। इसमें मंत्री ने कहा कि विभाग को और अधिक सक्षम बनाने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से 286 एजीएम की बहाली की जाएगी। साथ ही खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चावल वितरण बढ़ाकर 7 किलो करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंदों को राशन कार्ड से जोड़ा जाएगा। बैठक में विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी और राज्य के विभिन्न विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने संदेश दिया कि यह विभाग गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों से सीधा जुड़ा है इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**गलत करनेवालों को सजा और बेहतर करनेवालों को ईनाम:** मंत्री ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि गलत कार्य करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी, जबकि अच्छा काम करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों को पूरा करने के लिए दृढ़संकल्प है और राज्य के हर नागरिक को इसका लाभ मिलेगा। जामताड़ा के उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। राज्य सरकार अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विभागीय कामकाज को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं।

### मंत्री की मुख्य घोषणाएं और निर्देश

**राशन कार्ड से अधिकतम उपभोक्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य:** मंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 5.5 लाख उपभोक्ताओं को राशन कार्ड से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी परिवार अनाज के अभाव में भूखा न रहे।

**सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल के तहत बंदना और सोहराय पर्व पर बेहतर गुणवत्ता की धोती, लूंगी और साड़ी का वितरण किया जाएगा। मंत्री ने इस योजना में पूर्व में हुई गड़बड़ियों की शिकायतों पर जांच और दोषियों को सजा दिलाने का आश्वासन दिया।

**खाद्य सुरक्षा योजना के तहत चावल वितरण में बढ़ोतरी:** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चावल का वितरण 5 किलो से बढ़ाकर 7 किलो किया जाएगा।

**झारखंड का धान राज्य के भीतर ही उपयोग:** राज्य में उत्पादित धान को झारखंड के बाहर नहीं भेजा जाएगा। सभी संसाधनों का उपयोग झारखंड के लोगों के लिए ही किया जाएगा।

**पहाड़ी क्षेत्रों में चावल की पहुंच:** मंत्री ने कहा कि झारखंड की दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी चावल को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा, ताकि कोई भी परिवार वंचित न रह सके।

**गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जोर:** विभाग 2जी नहीं, 5जी की स्पीड में काम करेगा और सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किए जाएंगे।

### आजसू विधायक निर्मल महतो ने दिया धरना

## गूंजा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच का मुद्दा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** विधानसभा के गेट पर जेएसएससी सीजीएल का मुद्दा गरमाया। आजसू विधायक निर्मल महतो धरने पर बैठे थे। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच करने की मांग की। साथ ही, हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुये लाठीचार्ज की भी जांच कराने की मांग की। उन्होंने जेएसएससी सीजीएल के जारी रिजल्ट को रद्द करने और छात्रों पर लाठी चार्ज करने वाले अफसरों पर कर्रवाई की मांग की।

वहीं, भाजपा विधायक प्रदीप यादव ने हजारीबाग में परीक्षा रद्द करने को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज को सरकार की विफलता बताया।

विधायक नीरा यादव ने कहा कि छात्र शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना हर लोगों का अधिकार है। जेएलकेएम पार्टी से विधायक जयराम महतो ने कहा कि छात्र आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि सदन में सीजीएल का मुद्दा उठाते हुए सरकार को पहले ही एक प्रतिनिधिमंडल को छात्रों के पास भेजने का अनुरोध किया था, मगर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। इसी का परिणाम है कि जो छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, वो सड़कों पर पीटे और घसीटे जा रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से प्रदीप यादव ने कहा कि तथ्य सामने आयेंगे तो सरकार जांच से पीछे नहीं हटेगी। कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह ने कहा कि जनता की मांग पर मुख्यमंत्री ठोस कदम उठायेंगे।

## धान खरीद के मामले में किसानों को फिर ठगने को तैयार हेमंत सरकार : बाबूलाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने किसानों से वादा के अनुरूप धान की खरीदी नहीं किये जाने पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन फिर से ठगबंधन बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वोट लेने के लिए इंडी ठगबंधन ने बहुत गारंटियों की बात की। लेकिन, लगता है ये सिर्फ चुनावी बातें ही रह जायेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जायेगी। लेकिन, चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें। साथ ही, किसानों के लिये पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं।

## झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पहुंचाकर और मजबूत बनायेंगे : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची में बुधवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक हुई। इसमें सीएम और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने विधानसभा चुनाव में मिली सफलता के लिए सबों को शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि झामुमो संघर्ष से उपजी पार्टी है। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है। विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तथा करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखण्ड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार। हेमंत ने कहा कि आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पहुंचा कर और मजबूत करने का काम करना है। वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्गों को हक-अधिकार देने का काम करना है।

## सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की मांग पर 15 को राजभवन के पास जुटेंगे हजारों छात्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा एक बार फिर विवादों में है। परीक्षा के दौरान गड़बड़ी का आरोप लगाने वाले छात्रों का गुस्सा रिजल्ट जारी होने के बाद और तेज हो गया है। यही वजह है कि हजारीबाग बंद के बाद छात्रों ने 15 दिसंबर को राजधानी रांची में राजभवन के पास धरना देने का फैसला किया है, जिसमें राज्य भर से हजारों छात्र जुटेंगे।

मालूम हो कि हाल ही में जारी रिजल्ट के बाद सफल छात्रों का सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन 16 दिसंबर से 20 दिसंबर तक किया जाएगा, उससे पहले 15 दिसंबर को छात्र राजधानी रांची में बड़ा आंदोलन कर सरकार को संदेश देने वाले हैं। इस सबके बीच शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि लाठीचार्ज की जांच होगी और सरकार छात्रों के हितों को लेकर गंभीर है। विवादों के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 21 और 22 सितंबर को आयोजित झारखंड सामान्य स्नातक पात्रता संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में किसी भी तरह की अनियमितता से इनकार किया है।

## झारखंड कैडर के 9 आइपीएस अधिकारियों को मिलेगी प्रोन्नति, 19 को होगी डीपीसी की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कैडर के 9 आईपीएस अधिकारियों को प्रमोशन मिलेगा। इसको लेकर डीपीसी (डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी) की बैठक 19 दिसंबर को होगी। इस बैठक में मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी के अलावा कई अधिकारी शामिल होंगे। वहीं दूसरी तरफ झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अफसर व तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह जनवरी 2025 में रिटायर होंगे। इसके अलावा 1992 बैच के आईपीएस अफसर आरके मल्लिक भी जनवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं। वे डीजी मुख्यालय हैं। डीजी रेल एमएल मीणा भी जनवरी 2025 में रिटायर हो जायेंगे। इसके अलावा आईजी के पद पर कार्यरत राजकुमार लकड़ा भी जनवरी 2025 में रिटायर होंगे। वे 2005 के आईपीएस अफसर हैं।

**एक जनवरी से तीन आईपीएस हो जायेंगे आईजी, छह बन जायेंगे डीआईजी और तीन को मिलेगा सिलेक्शन ग्रेड :** एक जनवरी 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक सिंह (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। इसके अलावा 2012 बैच के तीन आईपीएस किशोर कौशल, अंजनी झा और मो अर्शी को सिलेक्शन ग्रेड में प्रोन्नति मिलेगा।

## राज्य में बूथ स्तर से प्रदेश स्तर तक सदस्यता अभियान चलायेगा राजद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय, रांची में बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक हुई। इस दौरान संजय सिंह यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक चलाना है, संगठन को मजबूत करना है। सदस्यता अभियान का रसीद जिला अध्यक्ष के माध्यम से सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लेंगे। उन्हीं के माध्यम से प्रदेश कार्यालय में डिपॉजिट भी करेंगे। आने वाले नगर पंचायत और नगर निगम के चुनाव की तैयारी में अभी से राष्ट्रीय जनता दल के नेता, कार्यकर्ता को करना चाहिए। एक-एक कार्यकर्ता नेता को पूरे जिम्मेवारी के साथ सदस्यता अभियान चलाना है और नेता लालू प्रसाद यादव और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के हाथों को मजबूत करना है। सदस्यता अभियान का जो लक्ष्य है, उसे हर हाल में पूरा करना है संजय यादव ने सभी को निर्देश दिया कि सभी तन मन से लगकर सदस्यता अभियान में लग जाएं और अधिक से अधिक सदस्य बनाएं।


cmpdi A Mini Ratna Company
सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्डवाना प्लेस, कांके रोड, रांची-834008, झारखण्ड, इंडिया

### सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं"।



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा

Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

पत्रांक............./ सिमडेगा, दिनांक ............./

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/09/2024-25 जिसका Pr. N0. 340411 (Simdega) 24-25 (D) एवं 341404 (Simdega) 24-25:D है में अपरिहार्य कारणों से तिथि को संशोधित किया जाता है, निम्नवत है :–

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–11.12.2024
3. ई ०निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 18.12.2024 से 17.12.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :– 18.12.2024 को 5:00 बजे

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा

PR.NO.341755 Simdega(24-25):D


## सभी निबंधित पत्रकारों का होगा बीमा और मिलेगी पेंशन की सुविधा

# राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की होगी स्थापना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा। सहारा इंडिया से पीड़ित राज्य के निवेशकों की लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय से लेकर राज्य के हर न्यायालय और संसद से लेकर सड़क तक हर मोर्चे पर पूरी मजबूती से लड़ी जायेगी। किसानों को शून्य ब्याज दर पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। मनरेगा के तहत झारखंड के मजदूरों को भारत सरकार बहुत कम मजदूरी देती है। इस भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के साथ-साथ राज्य सरकार अपनी निधि से राज्य के मनरेगा मजदूरों को सहयोग करेगी। राज्य में अवस्थित विभिन्न नदियों एवं डैम के पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गयी लिफ्ट इरिगेशन योजना को आगे बढ़ाते हुये 10,000 करोड़ रुपये की योजनायें प्रारंभ की जायेंगी।

राज्य भर में प्रखंड स्तर पर 500 सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना की जायेगी। सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में खेल शिक्षक एवं संगीत शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी। साथ ही, 4,500 पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय प्रारंभ किये जायेंगे। प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज और प्रत्येक अनुमंडल में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी। 10वीं कक्षा में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ते हुये 15 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। सभी प्रखंडों और जिलों में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी सह शिक्षा सहयोग केंद्रों की स्थापना की जायेगी। केजी क्लास से पीएचडी तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। 60,000 पदों पर शिक्षकों, 15,000 पदों पर प्रधानाध्यापकों, विभिन्न कार्यालयों में 2,500 पदों पर लिपिकों और विभिन्न थानों में 10,000 पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी। क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 10,000 पदों पर भाषा शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी। अबुआ आवास योजना के तहत 25 लाख से अधिक गरीब परिवारों को सुविधायुक्त तीन कमरों का सुंदर आवास चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जायेगा।

आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के मध्याह्न भोजन में सभी बच्चों को प्रति दिन अंडा या फल दिया जायेगा। रांची सहित राज्य के अन्य शहरों में वर्षों पूर्व बनाये गये घरों के नक्शों का नियमितीकरण किया जायेगा। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों की सरकारी पदों पर सीधी नियुक्ति की जायेगी। सभी जिला मुख्यालयों में बहुद्देशीय स्टेडियम सह खेल प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण के साथ साथ प्रत्येक प्रमंडल में 1-1 स्पोर्ट्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जायेगा। राज्य में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की जायेगी।

## सरकार ने अनुपूरक बजट में विभागों के लिए राशि का किया प्रावधान

| विभाग | राशि | विभाग | राशि |
|---|---|---|---|
| महिला बाल विकास | 6,39,055.83 | वित्त अंकेक्षण | 4.13 |
| प्राथमिक शिक्षा | 27280.18 | वाणिज्यकर | 391.00 |
| माध्यमिक शिक्षा | 30189.57 | खाद्य आपूर्ति | 24.65 |
| आवास प्रभाग | 1.00 | वन विभाग | 168.15 |
| पंचायती राज | 2516.35 | स्वास्थ्य | 14443.13 |
| ग्रामीण कार्य | 2.66 | गृह कारा | 44596.40 |
| डेयरी प्रभाग | 29.34 | उद्योग | 1482.69 |
| कला संस्कृति | 1924.25 | सूचना जनसंपर्क | 8027.06 |
| एसटी.एससी पिछड़ा वर्ग | 5238.13 | सांस्थिक वित्त | 11.16 |
| जल संसाधन | 6869.30 | श्रम विभाग | 158.93 |
| नगर विकास | 143.25 | विधि | 56.95 |
| परिवहन | 0.01 | अल्पसंख्यक कल्याण | 44.02 |
| पर्यटन | 114.95 | हाईकोर्ट | 3739.00 |
| सूचना प्रौद्योगिकी | 36.76 | खान विभाग | 1.02 |
| कृषि प्रभाग | 44.54 | संसदीय कार्य प्रभाग | 12.00 |
| पशुपालन प्रभाग | 509.10 | विधानसभा | 1.00 |
| मंत्रिमंडल सचिवालय | 6137.14 | जेपीएससी | 3540.10 |
| राज्यपाल सचिवालय | 13.00 | योजना विकास | 55.00 |
| मंत्रिमंडल निर्वाचन | 12311.00 | पेयजल | 3445.50 |
| मंत्रिमंडल निगरानी | 32.90 | निबंधन | 26.00 |
| नागर विमानन | 2.00 | आपदा प्रबंधन | 16640.30 |
| सहकारिता | 25006.41 | राजस्व भूमि सुधार | 315.47 |
| ऊर्जा | 257792.21 | पथ विभाग | 17015.00 |
| उत्पाद | 66.70 | ग्रामीण विकास | 19428.99 |
| वित्त विभाग | 5865.42 | तकनीकी शिक्षा | 1952 |
| ब्याज संदाय | 11260.27 | स्कूली शिक्षा | 22.20 |
| ऋण वापसी | 1700.00 | ------------------------ | |
| | | ---------------------------- | |

# पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को व्यक्तिगत दुर्घटना पर मिलेगा एक करोड़ का बीमा

## झारखंड पुलिस और बीओआई के बीच रक्षक सैलरी पैकेज को एमओयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पुलिस मुख्यालय में बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता की उपस्थिति में झारखंड पुलिस और बैंक ऑफ इंडिया के बीच रक्षक सैलरी पैकेज के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गये। झारखंड पुलिस की तरफ से अनुराग गुप्ता और बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से रांची फील्ड महाप्रबंधक मनोज कुमार ने हस्ताक्षर किये। इस विशेष सैलरी पैकेज के तहत पुलिसकर्मियों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। मालूम हो कि झारखंड राज्य का अग्रणी, बैंक ऑफ इंडिया सम्पूर्ण झारखंड में स्थित 550 से भी अधिक शाखाओं के माध्यम से पुलिस सेवा में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यक्तिगत दुर्घटना और मृत्यु बीमा एक करोड़, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता पर 25 लाख, वायुयान दुर्घटना पर 2 करोड़, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर दो आश्रित बच्चों की उच्चतर शिक्षा के लिए बीमा राशि 10 लाख की सुविधा भी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त न्यूनतम ब्याज दर पर पर्सनल ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।



### पुलिस को वित्तीय सुरक्षा और सुविधाएं भी प्रदान की जायेगी

ये सभी विशेष बीमा सुविधाएं, बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा रक्षक सैलरी पैकेज के तहत खाता धारक को पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह एमओयू झारखंड पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें वित्तीय सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगा।

# राज्य में लगातार बढ़ रही ठंड, अगले पांच दिनों तक मौसम रहेगा साफ

**एजेंसी**

**रांची।** झारखंड में बारिश के बाद लगातार ठंड बढ़ रही है। साथ ही ठंडी हवाओं के साथ तापमान लगातार गिर रहा है। इसमें अभी और गिरावट की संभावना है। अगले पांच दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। राज्य में कम से कम 4 डिग्री तक तापमान में गिरावट आएगी। राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। अधिकतम तापमान अभी 27.6 डिग्री सेल्सियस है।

इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट आएगी। इस वजह से लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में अगले पांच दिनों तक बारिश के आसार नहीं हैं।



सुबह में कोहरा रहेगा, लेकिन बाद में मौसम साफ हो जायेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान बुधवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान जमशेदपुर के अधिकतम तापमान में छह डिग्री की वृद्धि हुई है। राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में 2.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 1.4 डिग्री और बोकारो में 3.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। न्यूनतम तापमान की बात करें, तो रांची में 3.9 डिग्री सेल्सियस, जमशेदपुर में 3.4 डिग्री, डाल्टेनगंज में 2.7 डिग्री और बोकारो में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतम तापमान में वृद्धि के बाद रांची का उच्चतम तापमान 22.4 डिग्री, जमशेदपुर का 26.7 डिग्री, डाल्टेनगंज का 25.2 डिग्री, बोकारो का 23.1 डिग्री और चाईबासा का 27.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

## जिला प्रशासन ने अवैध बालू उठाव को रोकने के लिए की कार्रवाई

# एक्शन में जिला प्रशासन : पांच थाना क्षेत्रों से अवैध बालू लदे 15 वाहन जब्त

### 45 अभियुक्तों पर एफआईआर दर्ज, होगी कानूनी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक दिसंबर को सभी जिलों के डीसी को अवैध बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था। सीएम के आदेश के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक्शन मोड में हैं। अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये हैं। डीसी के दिशा-निर्देश पर अवैध बालू उठाव रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार की रात रांची जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मेसरा थाना, दलादली टीओपी, तुपुदाना, बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्रों से कुल 15 गाड़ियां पकड़ी गयी। इसमें 12 गाड़ियों में अवैध बालू और तीन गाड़ियों में स्टोन चिप्स लोड था। वहीं 45 अभियुक्तों पर एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है। वाहन मालिकों, ड्राइवरों और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



### इन पांच थाना क्षेत्रों से पकड़े गये अवैध बालू और स्टोन चिप्स लदे हाइवा और टर्बो

मेसरा थाना क्षेत्र से तीन स्टोन चिप्स लदे हाइवा पकड़े गये। वहीं दलादली टीओपी क्षेत्र से अवैध बालू लदे तीन हाईवा और एक टर्बो पकड़े गये हैं। इनमें से एक हाईवा और एक टर्बो में नंबर प्लेट नहीं लगा था। तुपुदाना थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक टर्बो पकड़ा गया है। बेड़ो थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे दो हाईवा जब्त की गयी है। लापुंग थाना क्षेत्र से पांच अवैध बालू लदे टर्बो वाहन पकड़े गये हैं।

## खबर एक नजर में

### चेक बाउंस के मामले में सोनी देवी की याचिका खारिज, सजा को रखा बरकरार

**रांची।** न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस मामले में सजायाफ्ता सुखदेव नगर के न्यू किशोरगंज निवासी प्रदीप कुमार प्रजापति की पत्नी सोनी देवी की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने अपीलकर्ता की याचिका को खारिज करते हुये उसकी सजा की पुष्टि कर दी है। सोनी देवी को न्यायिक दंडाधिकारी राज कुमार पांडे की अदालत ने शिकायतवाद संख्या 1702/23 मामले में दोषी पाकर बीते 21 जुलाई को एक साल की सजा और 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। जेएम कोर्ट से सुनाई गई सजा को चुनौती देते हुये सजायाफ्ता ने न्यायायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील दाखिल की थी। इस पर सुनवाई के बाद अदालत ने सजा को बरकरार रखा और अपील को खारिज कर दी। अपीलकर्ता ने सुखदेव नगर निवासी शंकर कुमार वर्मा से 13 लाख रुपये दोस्ताना लोन ली थी। बदले में 8.25 लाख रुपये का चेक दिया था। जो बाउंस कर गया था। चेक बाउंस मामले में 16 जनवरी 2023 को केस किया था।

### नाबालिग से यौन संबंध बनाने के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा



**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग को बहला-फुसलाकर यौन संबंध स्थापित करने वाला बालिग दोस्त ने पांच साल बाद फोटो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार युवक आशुतोष कुमार सिंह उर्फ आशुतोष सिंह को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 6 महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 7 दिसंबर को दोषी पाया था। अभियुक्त सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के रवि स्टील, आनंद नगर रोड नंबर 3 निवासी है। पहली बार उसने नवंबर 2017 में कांके थाना क्षेत्र में रहने वाली नाबालिग के साथ उसके घर में घुस कर जबरन यौन संबंध स्थापित किया था। साथ ही, फोटो बना ली थी। अभियुक्त फोटो वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता के साथ दोबारा शारीरिक संबंध स्थापित करने में सफल रहा। धमकी दी की इसका खुलासा नहीं होना चाहिये। नहीं तो फोटा वायरल कर देंगे। इतना ही नहीं अभियुक्त ने फोटो वायरल करने को लेकर पीड़िता के पिता को धमकाया और पैसे की भी मांग की। जब इसकी जानकारी पीड़िता के भाई को लगी तो उसने 29 जून 2022 को कांके थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने 30 जून 2022 को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से चार गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

# सदर एसडीओ ने बेघर व लाचार लोगों को पहुंचाया शेल्टर हाउस, बांटे कंबल

### डीसी के आदेश पर एसडीओ ने फुटपाथ में सोने वाले बेघर लोगों को कंबल बांचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रांची में बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को फुटपाथ पर सोने वाले बेघर और लाचार लोगों को कंबल देने और जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये शेल्टर होम (आश्रय गृह) में रखने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव की समुचित व्यवस्था कराने को कहा है। डीसी के इस आदेश के तहत सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार की देर रात रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वालों को शेल्टर हाउस पहुंचाया। वहीं जो शेल्टर हाउस नहीं जाना चाहते थे, उनके लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था की। ताकि ठंड से उन्हें बचाया जा सके।



**शेल्टर होम का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश :** एसडीओ ने अपर बाजार और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने शेल्टर होम के बाथरूम की साफ- सफाई और रिपेयरिंग का काम करने का निर्देश दिया। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शहर अंचल अधिकारी को मुख्य इलाकों में अलाव जलाने का भी निर्देश दिया।

# बड़े संस्थान बकाया होल्डिंग टैक्स चुकायें : नगर निगम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम ने बुधवार को होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस जांच के लिए अभियान चलाया। सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में निगम के राजस्व शाखा के पदाधिकारी, कर संग्रहण के कार्य में लगी एजेंसी के प्रतिनिधि तथा पीएमयू की एक संयुक्त टीम भी शामिल थी। निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न भवनों, प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस की जांच की गयी। कांके स्थित कैंब्रियन स्कूल में निगम की टीम ने पूरे परिसर की री-असेसमेंट करने का निर्देश दिया। कांके रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल-2 में नोटिस जारी किया गया और जल्द से जल्द बकाया टैक्स का भुगतान करने को कहा गया। अंतु चौक स्थित जानकी भवन की निगम ने मापी की एवं डिमांड भी निर्गत कराया। भवन मालिक को जल्द भुगतान करने को कहा गया। यशोदा टावर स्थित कोटक महिंद्रा बैंक में ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया गया। उन्हें 15 दिनों के अंदर लाइसेंस लेने को कहा गया। सहायक प्रशासक ने कहा- जिन भवनों में होल्डिंग टैक्स बकाया है या व्यवसाय के बाद भी कमर्शियल होल्डिंग नहीं कराया गया है, उन्हें जल्द कमर्शियल होल्डिंग कराकर का भुगतान करना है।

# सीएम से मिले जेसीएम के अध्यक्ष, दी जीत की बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह आभार सभा बुधवार को सीएम हाउस कांके रोड में हुआ। इस मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय समिति के अध्यक्ष अमन तिवारी ने छात्र मोर्चा की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें प्रचण्ड जीत की बधाई दी। साथ ही इस नए कार्यकाल में छात्रहित, उच्च शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने संगठन के सभी लोगों का इस प्रचंड जीत के लिए आभार व्यक्त किया। अमन तिवारी ने कहा जिस तरीके से पूरे झारखंड की जनता ने पूर्ण भरोसा मुख्यमंत्री पर जताया है, मुख्यमंत्री जी भी झारखंड की जनता के आशाओं एवं जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे।



### ग्रामीण विकास मंत्री से पंचायत प्रतिनिधियों को पूर्ण अधिकार दिलाने की मांग

**रांची।** झारखंड जिला परिषद के अध्यक्षों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडे से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री से जिला परिषद एवं झारखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों के अधिकार एवं पंचायती राज व्यवस्था को सख्त बनाने की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में शांति देवी गढ़वा अध्यक्ष सरला सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष धनबाद निर्मला भगत रांची, शांति देवी गढ़वा, शांति देवी गढ़वा, पूनम देवी आदि लोगों ने मुलाकात की।

# गवर्नर पहुंचे विस अध्यक्ष के आवास उनके पिता के निधन पर जताया शोक



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बुधवार को झारखण्ड राज्य विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के कांके रोड स्थित सरकारी आवास पहुंचे। वहां जाकर उन्होंने उनके पिता गोलक बिहारी महतो जी के निधन पर दुःख व शोक व्यक्त किया। इस दौरान राज्यपाल ने दिवगंत आत्मा की चिरशांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

### छात्रों पर लाठीचार्ज कर सरकार ने मंशा स्पष्ट कर दी : चंपई सोरेन

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के विधायक चंपई सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एक कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। इसी तर्ज पर अपने कार्यकाल की शुरूआत में ही न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करके सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। चंपाई सोरेन ने लिखा है कि हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि यदि नियुक्ति सहित किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो सीबीआई जांच से सरकार इसका सर्वमान्य हल निकाल सकती है।

## सीजीएल परीक्षा को रद्द करने की मांग को रांची में निकला कैंडल मार्च

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षाफल में हाईलेवल धांधली : देवेन्द्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा संचालित सीजीएल परीक्षा का विरोध तेज हो गया है। विरोध में छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। आक्रोशित छात्र जेएसएससी सीजीएल परीक्षाफल रद्द करना होगा, झारखंड सरकार हाय-हाय, सेटिंग गेटिंग नाय चलतो और सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। मंगलवार को प्रशासन द्वारा हजारीबाग के आंदोलनरत छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया है। लाठी चार्ज से कई छात्र गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायल छात्र फिलहाल अस्पताल में इलाजरत है। इसे लेकर छात्रों एवं अभिभावको में भारी नाराजगी है। इस बेरहमी लाठी चार्ज का झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने भी विरोध किया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष सह छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने आज बुधवार को सरकार और प्रशासन के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला। यह संध्याकालीन कैंडल मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान शहिद अल्बर्ट एक्का रांची में छात्रों एवं अभिभावको का भारी जूटान देखा गया। छात्रों में भारी नाराजगी एवं गुस्सा देखा गया। अभ्यर्थियों ने जमकर जेएसएससी आयोग और राज्य सरकार विरोधी नारे लगाए। घंटो तक सड़कों में जाम की स्थिति बन रही।




मौके पर लाठी चार्ज का कडी निंदा करते हुए छात्र नेता देवेन्द्र नाथ महतो ने दोषी अधिकारियों पर करवाई करने का मांग की। साथ ही सीजीएल परीक्षाफल पर धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि कट-ऑफ अंक जारी नहीं कर सीधे चयनित छात्रों का सुची जारी करना सेटिंग-गेटिंग साबित होता है। पहले दिन के इस परीक्षा में लगभग मात्र 82 छात्रों का ही सिलेक्शन हुआ जबकि दूसरे दिन 22 सितम्बर को हुए परीक्षा में लगभग 2149 छात्रों का सिलेक्शन हुआ है जो कि एक गंभीर जांच का विषय है। छात्रों का भविष्य का ख्याल रखते हुए तत्काल डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन पर रोका लगाया जाय एवं इस विवादित परीक्षाफल को रद्द कर पुनः प्रदर्शिता के साथ परीक्षा का आयोजन होनी चाहिए। कैंडल मार्च के दौरान देवेंद्र नाथ महतो, चंदन रजक, खगेन महतो, हर्षित सिंह, कर्मु मुंडा, लक्ष्मी कुमारी,रवी मंडल, विजय, प्रभु, विष्णु आदि हजारों की संख्या में अभ्यर्थी, कोचिंग संचालक शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# बाल कल्याण समिति के नवचयनित अध्यक्ष एवं सदस्यों का आवासीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था द्वारा बाल कल्याण समिति के नवचयनित अध्यक्ष एवं सदस्यों का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में किशोर न्याय कानून 2015, झारखंड नियम 2017 एवं मिशन वात्सल्य 2023 के प्रावधानों के अधीन कुशलतापूर्वक सर्वोत्तम बालहित में कार्यों को करने के संदर्भ में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक रांची के हेहल स्थित राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सई) में किया गया था। प्रशिक्षण में 14 जिले के कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**दी गयी बाल श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिरोध कानून और बाल तस्करी से संबंधित कानून की जानकारी :** प्रतिभागियों को किशोर न्याय कानून में निहित 12 कोटी के जरूरतमंद बच्चों के (जिनकी उम्र 0-18 वर्ष (जिसने 18 वर्ष पूरे नहीं किये हों) हो) हितों की रक्षा के लिए वर्तमान में मौजूद कानून यथा बाल श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिरोध कानून, पोक्सो एक्ट, बाल तस्करी से संबंधित कानून की जानकारी दी गयी। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार कानून एवं सीएनसीपी कोटी के बच्चों के हितार्थ मौजूद कानून के संदर्भ में प्रशिक्षियों को जानकारी दी गयी। साथ ही अनाथ, दिव्यांग, आपदा प्रभावित, नशीली दवाओं से प्रभावित, रोगग्रस्त बच्चों एवं विविध कोटी के संकटाग्रस्त बच्चों के रेस्क्यू, राहत, पुर्नवास एवं सामाजिक, आर्थिक उन्ययन, कौशल प्रशिक्षक तथा विविध सरकारी योजनाओं का लाभ एक छतरी के नीचे आईसीपीएस के प्रावधानों में दिये जाने से संबंधित जानकारी प्रशिक्षुओं को दी गयी।

**समापन कार्यक्रम में शामिल हुईं निदेशक :** समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक सह सदस्य सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीरा एस मौजूद थीं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि आपलोग बाल हित में सर्वोतम कार्य करें, सोझ समझकर कानून के मुताबिक फैसले लें, क्योंकि आपकी समिति के एक कलम से किसी बच्चे का वर्तमान और भविष्य निर्भर करता है। सभी से समन्वय बनाकर चलें, जिला और राज्य आपके कार्य में आने वाली बाधाओं को दूर कर सभी संबंधित सुविधाएं देने के लिए पूर्व की भांति तैयार है। कार्यक्रम में उपसचिव विकास कुमार, सर्ड के अधिकारी रवि कुमार, कार्यक्रम प्रबंधक आभाश चौधरी, प्रोग्राम ऑफिसर सरिता कुमारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### लोकसभा में वीडी राम ने उठाया मंडल डैम का मामला

**रांची।** लोकसभा में एक बार फिर से मंडल डैम का मामला उठा। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने शून्य काल में मंडल डैम से जुड़े मामले को उठाया और केंद्र सरकार से राज्य सरकार को निर्देशित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 5 जनवरी 2019 को पीएम मोदी ने उत्तर कोयल जलाशय (मंडल डैम) के अधूरे कार्य को पूरा करने की आधारशिला रखी थी। आज तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। सांसद ने कहा कि मंडल डैम परियोजना से पलामू प्रमंडल के तीनों जिले और बिहार के गया, औरंगाबाद के 111521 हेक्टेयर जमीन को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। मोदी सरकार ने मंडल डैम परियोजना को पूरा करने के लिए 1622.27 करोड़ रुपए स्वीकृत किया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के उदासीनता के कारण 6 महीने तक पुनर्वास का मुआवजा नहीं मिला, उसके बाद से कार्य रुक रहा है। 2023 में केंद्रीय कैबिनेट ने मुआवजा के लिए अतिरिक्त राशि राज्य सरकार को दी। राज्य सरकार डूब क्षेत्र के विस्थापितों को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं कर रही है, जिस कारण परियोजना का कार्य रुका हुआ है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**गिद्धौर।** बुधवार को सालिमपुर मोड़ के पास, एक हाईवा के चकमा देने से अमजद अंसारी (28 वर्ष) नामक युवक अपनी मोटरसाइकिल से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे माथे में गंभीर चोट आई और माथा फट गया। ग्रामीणों की मदद से उसे गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ उसका इलाज किया गया और उसे घर भेज दिया गया। अमजद अंसारी अपने ससुराल से अपने गाँव बरटा लौट रहा था।

### विद्यालय से सोलर प्लेट व चावल की चोरी

कुंदा (चतरा)। थाना क्षेत्र के यूएमएस पोटमदोहर में मंगलवार रात अज्ञात बदमाशों ने गेट के ताला तोड़कर कर तीन सोलर प्लेट व 12 बोड़ा चावल चोरी कर लिया गया। इसकी सूचना शिक्षको को ुधवार को मिली तब जा कर विद्यालय पहुँच कर देखा तो विद्यालय में रखे सोलर प्लेट व चावल गायब है। सचिव अरुण यादव ने घटना की सूचना कुंदा थाना को दिया है। उन्होंने बताया कि उक्त चावल बच्चों को दी जाने वाली मध्याह्न भोजन का चावल था।

### अवैध ढिबरा उत्खनन के खिलाफ अभियान

कोडरमा। वन क्षेत्र में अवैध रूप से ढिबरा, माइका उत्खनन के खिलाफ मंगलवार देर रात्रि को वन विभाग की टीम ने वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर कोडरमा वन्य प्राणी प्रक्षेत्र अंतगर्त इंदरवा, चितरपुर और लोमचांची जंगल मे छापामारी अभियान चलाया गया। वहीं वन विभाग और पुलिस टीम के द्वारा चलाये गए संयुक्त छापामारी अभियान का भनक लगते ही अवैध उत्खनन में लगे लोग फरार होने में सफल रहे, हालांकि इस दौरान तीन शक्तिमान और एक जेसीबी को जप्त किया गया। वहीं वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में अवैध उत्खनन के खिलाफ छापामारी चलाया गया, हालांकि अंधेरे का फायदा उठाते हुए खनन के आरोपी और वाहन चालक फरार होने में सफल रहे। वहीं भारतीय वन अधिनियम और वन प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत आठ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

### जंगली जानवरों का आतंक, दहशत में लोग

**चतरा।** जिले के इटखोरी करमा खुर्द गांव में एक जंगली जानवर के हमले से ग्रामीण दहशत में हैं, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है और वे अपने घरों में दुबके हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई है, हालाँकि पहले कुत्ते के काटने की घटनाएँ हुई थीं। वन विभाग के अधिकारी घटना की जाँच कर रहे हैं और जानवर की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं।

### मईंयां सम्मान योजना के आवेदनों में सुधार करना जरूरी बताया

# सीएम से विशेष कैम्प लगाने का आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का एक शिष्टमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की भारी जीत पर उन्हें बधाई दिया। वहीं शिष्टमंडल का नेतृत्व सीपीएम पोलिट ब्यूरो सदस्य बृंदा करात ने किया। मुख्यमंत्री से करीब आधे घंटे तक की वार्ता में झारखंड के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।



शिष्टमंडल में शामिल पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य और स्थानीय ट्रेड यूनियन नेता संजय पासवान ने मुख्यमंत्री से महत्वाकांक्षी मईंयां सम्मान योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे गृहणी और गरीब महिलाओं को काफी खुशी मिली है। अब अपने निजी जरूरतों के लिए पति और माता पिता पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है, लेकिन राज्य की हजारों गरीब और जरूरतमंद महिला इस योजना से वंचित हैं। हजारों आवेदनों की इंट्री में प्रज्ञा केंद्रों द्वारा बैंक एकाउंट नंबर या आईएफएससी कोड भरने में गलती कर दिया गया है, जिसके कारण रोज हजारों वंचित महिला प्रखंड व अंचल कार्यालयों में सुबह से ही लाईन लगाकर खड़ी हो जाती है, मगर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि विशेष कैम्प लगाकर त्रुटिपूर्ण आवेदनों में सुधार किया जाए। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुधार पोर्टल को जल्द चालू करने का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, प्रफुल्ल लिंडा और समीर दास शामिल थे।

# कोल विद्रोह के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** करमटोली स्थित केंद्रीय धुमकुड़िया में बुधवार को कोल विद्रोह के 193 वर्ष पूरे होने पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। आदिवासी संगठनों के कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि 11 दिसंबर 1831 को कोल विद्रोह का पहला बिगुल फूंका गया था। कार्यक्रम में जल, जंगल, जमीन के साथ संस्कृति, परंपरा और धरोहर को बचाने का संकल्प लिया गया। अमर शहीद वीर बुधू भगत, हलधर भगत, गिरधर भगत, बिंदराई मानकी, सिंगराई मानकी, दशई मानकी, सुई मुंडा, नगु पहान, कोल भूतनाथ, गंगा मानकी, कटिक सरदार और सुरू भगत के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री देवकुमार धान, फूलचंद तिर्की, बलकू उरांव, नारायण उरांव, बुधवा उरांव, किस्टो सिंह मुंडा, पुरन उरांव, रमेश, अभय भुटकुंवर, कैलाश बेदिरया, शांति उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# आरबीआइ की बैंकों की एमएसएमइ शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को राँची जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रेम रंजन प्रसाद सिंह क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक झारखंड ने देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई क्षेत्र के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) व्यवसायिक नवाचारों के माध्यम से उद्यमशीलता प्रयासों के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और



रोजगार के कई अवसर प्रदान करता है। आगे उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इस क्षेत्र को और आगे ले जाने के लिए भौतिक बुनियादी ढाँचागत सक्षमता, प्रौद्योगिकी अपनाने में तत्परता, क्षमता निर्माण, ऋण और जोखिम पूँजी तक पहुँच बढ़ाने, त्वरित/ससमय भुगतान, उद्यमियों के प्रति संवेदनशील होने एवं एमएसएमई इकाइयों के जीवन चक्र को समझने और उन्हें समय पर पर्याप्त ऋण देने की आवश्यकता है और इस दिशा में बैंकों का संकल्पपूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

इस कार्यशाला से विभिन्न जिलों में कार्यरत एमएसएमई शाखाओं के अधिकारीगण लाभान्वित हुए। प्रतिभागियों को एमएसएमई संबंधी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक, सिडबी, एमएसएमई-डीएफओ, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इत्यादि के वरीय अधिकारियों ने एमएसएमई से संबंधित विषयों पर सत्र लिया। इस कार्यशाला में बैंक ऑफ इण्डिया, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन बैंक, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक के साथ साथ राज्य में उपस्थित अन्य प्रमुख बैंकों एवं लघु वित्त बैंकों के 31 अधिकारी सम्मिलित हुए।

# संत जेवियर्स कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शिक्षा विभाग और सेंट जेवियर्स कॉलेज के द्वारा आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा उत्सव के अंतिम दिन 'भाषा-संस्कृति और हमः क्षेत्रीय उत्सव' विषय पर बुधवार को कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में संसाधन सेवी के रूप में उपस्थित हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार ने भाषा और संस्कृति में संबंध पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही उन्होंने निज भाषा पर गर्व करने तथा अपनी भाषा-संस्कृति को जीवंत रखने पर जोर दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. फा. फ्लोरेंस पूर्ति ने आगत अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम से परिचित कराया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से डॉ. अनुपमा भार्गव, डॉ. नीलिमा ज्योत्सना टोप्पो, डॉ. नन्दिता पांडेय, प्रो. सुधा रानी खलखो, डॉ. सुधांशु सिरिल कुजूर, डॉ. विक्रम बहादुर नाग, प्रो. रूमा भप्ताचार्य, प्रो. शिल्पा किंडो इत्यादि प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन बी.एड. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी प्रियांशु एवं नेहा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के इंचार्ज प्रो. जगबंधु महतो ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुप्रिया, अनिकेत, गुलशन, आशीष, अमिषा, चेतना, जॉनसन, शफक, ईला, बुशरा,विद्या, विनय, सचिन, अक्षय इत्यादि विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# श्री श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी मनी, देर रात तक भक्तों ने खाटू नरेश का किया दर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में बुधवार को मोक्षदा एकादशी के अवसर प्रातः से देर रात तक बड़ी संख्या में भक्तजनों ने खाटूनरेश का दर्शन कर आशीष प्राप्त किया। प्रातः खाटूनरेश का श्रृंगार करके 8.30 बजे श्रृंगार आरती की गयी। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर की परम्परानुसार सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया। पीला गुलाब, मुरगन, रजनीगंधा, लाल गेंदा, पीला गेंदा, लाल गुलाब, तुलसीदल की फूल मालाओं से खाटू नरेश का दिव्य श्रृंगार किया गया। इसके पहले खाटूनरेश को मेरुन कलर का चमकदार नवीन पौशाक पहनाया गया। श्री श्याम मंदिर में विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी, गरुड़ जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धि-सिद्धि, प्राचीन तेल चित्रो और गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। मडल के



मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में सभी गर्भगृहों का अनोखा श्रृंगार मंदिर के आचार्यों ने किया। मण्डल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संजय सर्राफ, रतन शर्मा, रौनक पोद्दार, अरविन्द सोमनी, अभिषेक सरावगी ने प्रसाद वितरित किया। देर रात महाआरती के साथ मोक्षदा एकादशी कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में प्रबंधन विभाग ने मनाया भारतीय भाषा उत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के प्रबंधन विभाग ने महान तमिल कवि, लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमणिया भारती की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय भाषा उत्सव का भव्य आयोजन बुधवार को किया। ज्ञात हो की इस वर्ष भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 11 दिसंबर को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसका उद्देश्य मातृभाषाओं और भारतीय भाषाओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के शिक्षकों, छात्रों और अतिथियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डीन मानविकी और



भाषा संकाय डॉ. ललिता कुमारी ने भारतीय भाषाओं की विविधता और उनके महत्व पर गहराई से चर्चा की। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स डॉ. शीतल टोपनो, डीन प्रबंधन डॉ. सोमनाथ रॉय चौधरी, प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बलजीत सिंह कलसी, सहायक रजिस्ट्रार (प्रशासन) अंकित प्रकाश और शिल्पी बोस, आलोक कुमार मौजूद थे।

### श्री श्याम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर्व का आयोजन

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को एकादशी पर्व अत्यंत श्रद्धा सहित भाव से आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। प्रातः 8:00 बजे श्रृंगार आरती के समय से ही प्रभु के दर्शन करने के लिए भक्तों की अपार भीड़ रही। श्री श्याम प्रभु का मनोहारी श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे से अखंड पावन ज्योत प्रज्वलित की गई। कार्यक्रम में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, अमित जलान आदि थे।

# डीएवी आनंद स्वामी के बच्चे हुए सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्कूल एरा एजुकेशनल मैगजीन की ओर से डीएवी आनंद स्वामी स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागीयों को बुधवार को सम्मानित किया गया। इस प्रीतियोगिता में कक्षा पाँचवी से सातवीं वर्ग तक के विद्यार्थी ने भाग लिया। कक्षा पाँचवी के विजयी प्रतिभागी रहे अनुष्का राज, परिधि कुमारी, अनीश कुमार और अनुकृति प्रिया कक्षा छठी से आरव सिंह आशी कुमारी और सोनाक्षी पुरस्कृत हुए जबकि




सातवीं कक्षा के मानस, सिद्धि कृष्णा और छाया कुमारी को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागीयों को एन के मुरलीधर और सुनील कुमार श्रीवास्तव ने सम्मानित किया।

# मानव अधिकार दिवस मनाया




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मानव अधिकार दिवस के मौके पर बुधवार को समग्र मानव अधिकार के द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर वासुदेव फाउंडेशन का निर्देशक राजीव चटर्जी ने कहा कि मानव अधिकार कि रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर लगभग 40 लोगों ने संस्थान की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष पवन यादव,पूर्णिमा सिंह, संध्या मित्र प्रदेश महिला सचिव सहित अन्य लोग मौजूद थे। ये जानकारी जिला महासचिव बबीता देवी ने दी।

# सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक नामकुम में होगा आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मेन रोड स्थित सीपीआई एम कार्यालय में पार्टी की राज्य कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी के दो पोलित ब्यूरो सदस्य और पूर्व सांसद वृंदा करात व डॉ रामचंद्र डोम उपस्थित थे। बैठक में विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गयी। झारखंड में भाजपा गठबंधन को पराजित कर राज्य में एक धर्मनिरपेक्ष सरकार के गठन का काम पूरा होने पर राज्य के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक नामकोम में आयोजित करने का निर्णय लिया



गया। सम्मेलन में राज्य भर में जिला सम्मेलनों से निर्वाचित 347 प्रतिनिधि और 19 दर्शक शामिल होंगे। पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि वे राज्य भर में फैले सीपीएम के 5505 पार्टी सदस्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**115 सदस्यीय स्वागत समिति का गठन :** सम्मेलन की तैयारी के लिए साहित्यकार और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी और ट्राइबल रिसर्च संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ रणेन्द्र की अध्यक्षता में 115 सदस्यीय स्वागत समिति का गठन किया गया। स्वागत समिति में प्रगतिशील और जनवादी साहित्य कला एवं संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों, ट्रेड यूनियनों, महिलाओं, युवाओं व छात्रों के जनसंगठनों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है।

**प्रफुल्ल लिंडा स्वागत समिति के सचिव, दिवाकर मुंडा संयुक्त सचिव बने :** स्वागत समिति के सचिव पार्टी की रांची (पश्चिम) जिला कमेटी के जिला सचिव प्रफुल्ल लिंडा एवं संयुक्त सचिव रांची (पूर्वी) के जिला सचिव दिवाकर सिंह मुंडा तथा कोषाध्यक्ष अमल आजाद होंगे। सम्मेलन स्थल का नाम पार्टी के दिवंगत महासचिव सीताराम येचुरी के नाम पर होगा। सम्मेलन के सभागार का नाम पं. बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भप्ताचार्य के स्मृति में रखा गया है। सम्मेलन के मंच का नाम

# डीपीएस ने मनाया वार्षिकोत्सव, 'द एसेंस ऑफ भारत' का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संस्कृति द एसेंस ऑफ भारत का भव्य आयोजन बुधवार को किया गया। मौके पर कक्षा पाँच के विद्यार्थियों ने नारी शक्ति पर आधारित कार्यक्रम अपराजिता प्रस्तुत किया। जिसमें हाड़ी रानी, डॉ. लक्ष्मी सहगल, सावित्री बाई फूले और नीरजा भनोट जैसी महान नारियों की वीरता और संघर्ष को दर्शाया गया। यह प्रस्तुति समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका का प्रेरणादायक चित्रण थी। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा तीन के छात्रों ने संगम कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय नदियों के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने नदियों के

**हाड़ी रानी, डॉ. लक्ष्मी सहगल, सावित्री बाई फूले और नीरजा भनोट जैसी महान नारियों की वीरता और संघर्ष को दर्शाया**

किनारों पर बसे शहरों की सांस्कृतिक धरोहर और शास्त्रीय नृत्य शैली की झलक दिखाई। इसके साथ उन्होंने नदियों की स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प लिया। भारतीय संस्कृति की डोर थामे कक्षा चार के विद्यार्थियों ने रिश्ते- द इटरनल बॉन्ड नामक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने प्रकृति, परिवार, मित्रता और गुरू जैसे रिश्तों की महत्ता को खूबसूरती से दिखाया। उनकी नृत्य नाटिका ने रिश्तों की गहराई और भावनात्मक जुड़ाव को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप कुमार कर ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की झलक दिखाती हैं और उनका आत्मविश्वास प्रशंसनीय है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संदीप कुमार कर (कार्यकारी निदेशक, आर.डी.सी.आई.एस., सेल, राँची), विशिष्ट अतिथि ए. के. मिस्त्री, एल.एम.सी. मेम्बर (मुख्य महाप्रबंधक, आर.डी.सी.आई.एस., सेल, राँची), संजोय परीदा (मुख्य महाप्रबंधक, सेल, राँची) और श्री एस. जे. जाचुक, पी.वी.सी. डीपीएस राँची (मुख्य महाप्रबंधक, पी & ए , सेल, राँची), ने अपनी उपस्थिति थे।

# जमीन कब्जा करने पहुंचे दलालो को ग्रामीणों ने घेरा

▸▸ बंधक चालक को पुलिस ने छुड़ाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत ओरमांझी क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे सड़क का निर्माण हो रहा है। एक्सप्रेस-वे लाइन के बगल वाली भूमि पर भू-माफिया व जमीन दलालों की नजर हैं। बताया एक्सप्रेस-वे सड़क निर्माण होने के बाद सड़क किनारे की जमीन की कीमत बढने की संभावना देखते हुए, ग्रामीणों की जमीन जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। बुधवार को थाना क्षेत्र के कोवालू में सोमवार को भू-माफिया के सह पर जमीन दलालों द्वारा ग्रामीणों की एसटी जमीन को कब्जा करने का प्रयास किया गया। सुबह 6:30 बजे के करीब अपने जमीन पर जेसीबी चलता देख भू-स्वामी ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी, संगठित होकर पहुंचे ग्रामीणों ने जेसीबी को घेर लिया वही चालक को बंधक बना लिया। गांव के संतोष मुंडा, सुखदेव मुंडा, उमेश गंझु, कमलेश मुंडा, भवेश तिर्की, सुंदरनाथ मुंडा, रूपेश मुंडा, अशोक मुंडा व प्रदीप मुंडा के साथ कई ग्रामीण महिला के साथ भु-स्वामी राजेंद्र मुंडा व ब्रजेश मुंडा ने बताया उनलोगों की खाता 05, प्लाट- 163, 164 व 165 में 2.36 एकड़ जमीन पूर्वजों जेठु मुंडा व जमुआ मुंडा के नाम खतियानी जमीन है। इनके स्वजन व गोतिया द्वारा कभी भी जमीन बेची भी नही गई है। बंधक बने चालक अनुप कुमार रजक से पुछताछ करने पर उसने बताया कि को रांची के अमन राय द्वारा जमीन पर मशीन चलवाया जा रहा है। हलाकि बाद में गांव के बसंत मुंडा द्वारा खूद को जमीन पर दावेदारी करते हुए जेसीबी चलवाने की बात स्वीकार करने के बाद भू-स्वामी व ग्रामीणों से बहस हो गई। बाद में उसने कहा अपने जमीन पर जेसीबी चलवाएं हैं। इस जमीन पर कौन कब्जा करवा रहा है, जानाकरी नही है। सूचना मिलने के बाद पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझा बुझाकर जेसीबी को जब्त कर चालक के साथ थाना ले गई। वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामले की छानबिन की जा रही है। वहीं घटना स्थल पहुंचे मुखिया बिरेंद्र मुंडा व ग्रामप्रधान मंजय मुंडा ने भी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवायी की मांग करते हुए कहा गांव में बैठक कर मामले को सुलझाने का प्रयास की जाएगी।

# सनातनियों ने बेड़ो में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर से बुधवार को बांग्लादेश में हिन्दू समेत विभिन्न धर्मों के लोगों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सनातनी एकता मंच ने आक्रोश रैली निकाला। रैली लोहरदगा रोड, महावीर चौक, जिला परिषद, बाजार टांड़ व देवी मंडप होते हुए पुनः महादानी मंदिर पहुंचकर सभा में बदल गई। जहां वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिन्दू समेत अन्य अल्पसंख्यक धर्म के साथ लोगों पर हमले बंद करने और हिन्दू धार्मिक स्थलों की रक्षा करने की मांग किया। रैली में लोगों ने विभिन्न स्लोगन के माध्यम से हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे हिंसा व संत चिन्मय कृष्ण दास को रिहा करने समेत अन्य मांग रखा। लोगों ने बांग्लादेश में हिन्दू और अन्य समाज के लोगों पर हो रहे हिंसा के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया। मौके पर वाणी कुमार राय, मुकेश कुमार राय, यमुना सिंह, भीम पाठक, रविंद्र वर्मा, मनोज सिंह, शशि गोप, मनोज बड़ाइक, एसपी साहु, बलराम सिंह, रंजन अधिकारी, आदित्य ताम्रकार, सुरजीत भगत व बसंती देवी समेत दर्जनों महिला व पुरुष आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### राज्यपाल से मिले भाजपा के नेता

**बुढ़मू।** भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिप सदस्य मनोज कुमार महतो, भाजपा के युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यालय मंत्री संजय कुमार महतो और सिद्धू कान्हू खेल क्लब बुढ़मू के अध्यक्ष संदीप कुमार ने बुधवार को माननीय राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान समसामयिक विषयों पर चर्चा किया और सरकार गठन के बाद पूरे प्रदेश में अराजकता की स्थिति से अवगत कराया। 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बुढ़मू आने का आग्रह किया।

### सिकिदिरी में सपा ने बांटा कंबल



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी में बुधवार को समाजवादी पार्टी का मिलन समारोह सह कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि ठंढ को देखते हुए वृद्ध महिला,पुरुष व विकलांगो के बीच कंबल का विवरण किया गया। इस मौके पर पार्टी का मिलन समारोह प्रदेश प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्या को पार्टी नेताओं के समक्ष रखा। नेताओं ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि हेमंत सरकार के इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी एक सहयोगी पार्टी होने के कारण समस्या का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी कुमारी ने किया। इस मौके पर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष इम्तियाज ओहदार, कांके पूर्व प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार कालिंदी, इब्राहिम अंसारी, शिव प्रकाश साहू, तौकीर अहमद, ललिता कुमारी, सुनीता कुजूर, हिरामनी देवी, चम्पा देवी आदि उपस्थित थे।

### कुटाम में श्रीमद् भगवत गीता जयंती



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार को भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल कुटाम मुरी रांची में श्रीमद् भगवतगीता जयंती के उपलक्ष्य में यज्ञ का अनुष्ठान किया गया। यज्ञ में भगवत गीता के श्लोकों का उच्चारण करते हुए आहुति अर्पण की गई। गुरुकुल के आचार्यो एवं विद्यार्थियो के साथ साथ सिल्ली, तुलीन, झालदा,एवं रांची से सैकड़ों भक्त इस महायज्ञ में शामिल हुए। उपस्थित भक्तों के बीच श्रील प्रभुपाद की भगवत गीता वितरित किया गया। गुरुकुल के संस्थापक दास गदाधर प्रभु ने भगवत गीता के महिमा पर प्रकाश डाला और वर्णन किया एवं सभी को भगवत गीता पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### एनके और पिपरवार में कोयला तस्करों की सजी महफिल, हरी झंडी का इंतजार

**खलारी।** लंबे समय के बाद एक बार फिर एनके और पिपरवार कोयलांचल में सजने लगी कोयला तस्करों की महफिल ।सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बहुत जल्द बड़े पैमाने पर कोयला की तस्करी की योजना तस्करों द्वारा बनाया जा चुका है। अभी इसको लेकर एक दो जगहों से ट्रायल के तौर पर कोयला भेजने का कार्य किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो साल का आखरी पर्व के बाद से डकरा, केडीएच, रोहिणी, चुरी, और पुरनाडीह से कोयला तस्करी की पूरी योजना बन कर तैयार है। बस कही से हरी झंडी का इन्तेजार कोयला तस्करो को मिलना है। उसके बाद बड़े पैमाने पर हाइवा और ट्रक अथवा छोटे कारोबार में ओमनी, पिकअप के माध्यम से कोयला की तस्करी हो सकती है। ज्ञात हो कि बरसात बीतते ही कोयले कि मांग बढ़ जाती है और कोयला तस्कर सक्रिय हो जाते है और मांडर, चान्हो, रातू, बुढ़मू, कूड़ु के अलावे कई जगहों पर कोयला भेजा जाता है। समय रहते प्रशासन व सीसीएल प्रबंधन इन कोयला तस्करों पर लगाम नही लगाया तो सीसीएल का करोड़ो को नुकसान होने का अनुमान है।

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत



**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मलार पुल स्थित एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर एक गोदाम के समीप मंगलवार कि देर रात बाइक सवार की ट्रक से हुई दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि नगड़ी थाना क्षेत्र के ऐडचोरो गांव निवासी पंकज टोप्पो (22) पिता जयधर उरांव अपने ग्लैमर बाइक JH–01–3429 पर नगड़ी से इटकी मोड़ कि ओर जा रहा था। एक गोदाम के समीप एनएच पर खड़ी ट्रक TS-07UK-6166 में टकरा जाने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची इटकी थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया और वाहन को कब्जे में लेकर थाना ले आयी।

### सपा ने किया कम्बल का वितरण

**अनगड़ा।** झारखंड प्रदेश समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने आज हरातु पंचायत के ईद गॉव में ठंढ़ से बचाव हेतु गरीब असहायों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस अवसर पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव मुस्तफा अनसारी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में समाजवादी पार्टी का विस्तार हेतु संगठन को मजबूत करना है। यह पार्टी जात–पात की राजनीति नहीं करती है। सभी समुदाय के लोगों का समान रूप से विकास चाहती है। कहा की गॉव एवं पंचायत में विकास से सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या हो तो जरूर अवगत करायें उसका निराकरण अवशय किया जायेगा। मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, प्रदेश प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंनसारी, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इम्तियाज ओहदार, सुरेन्द्र कुमार कालिंदी, हेमंत वर्मा, तौकीर आलम, एवं शिवप्रसाद साहू आदि के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

### दो वाहनों में टक्कर, चार जख्मी

**रातू।** थाना क्षेत्र के एनएच 75 स्थित काटू मोड़ के समीप बुधवार की शाम दो बाईक में भिड़ंत से चार युवक घायल हो गये। इसमें ब्रजपुर निवासी कुणाल पांडेय व शिवम सिंह और अलकमर कॉलोनी निवासी मो सद्दाम व मो शाहरुख शामिल हैं। दुर्घटना में कुणाल पांडेय का पैर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि, शिवम् सिंह के सिर में गहरी चोटें आयी है। जानकारी के मुताबिक, दोनों बाईक सवार समान दिशा से आ रहे थे। ओवरटेक करने के क्रम में पीछे से एक दूसरे को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि चारों सड़क में गिर गये। दुर्घटना में बाईक के परखच्चे उड़ गये हैं। लहना पंचायत के उप मुखिया परमेश्वर सिंह ने उन्हे सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया। पुलिस बाईक को जब्त कर थाने ले आयी है।

# डीसी भजंत्री ने नामकुम अंचल व सीएचसी का किया निरिक्षण

## सीडीपीओ पायी गयी अनुपस्थित, जांच का आदेश दिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित माने जाऐंगें। उन्होने सभी को ससमय कार्यालय आने और वापस जाने की बात कही। उपायुक्त बुधवार को नामकुम प्रखंड कार्यालय का औचक निरिक्षण कर रहे थे। उन्होने सीओ कमल किशोर सिंह और बीडीओ विजय कुमार को मामले में संज्ञान लेकर आवश्यक कारवाई करने का निर्देष दिया। निरिक्षण के दौरान सीडीपीओ सविता वर्मा के अनुपस्थित रहने पर उपायुक्त ने उनकी अनुपस्थिति अधिकृत है या नही इसकी जांच करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री भजंत्री ने प्रखंड और अंचल के विभिन्न कार्यालयों सभागारों रिकॉडरूम, लाग बुक, आगत निर्गत पंजी, रोकड पंजी, संचिका आदि की जांच करते हुए कहा कि सभी आवेदनों का त्वरित गति से निस्पादन करें ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालय का चक्कर ना काटना पडे। उन्होनें दाखिल खारिज के लंबित मामलों का समय सीमा के अंदर सही से निस्पादन करने, अबुआ आवास, मईंया सम्मान योजना के आवेदनों का यथाशीघ्र निस्पादन करने का निर्देश दिया। 108 एंबुलेंस में ले आक्सीजन रेगुलेटर खराब होने पर उपायुक्त ने उसे फौरन सुधार करने का निर्देश दिया। साथ ही सीएचसी में पानी, साफ-सफाई, जेनरेटर सुविधा एंव सोलर सिस्टम की व्यवस्था दुरूस्त करने की बात कही।

## ठगी की शिकार महिलाएं पहुंची थाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के गणेशपुर की दर्जनों महिलाओं से दस लाख से अधिक की ठगी कर ली गई है। शिकायत लेकर थाना पहुंची मंजु देवी, गुड्डी देवी, चमेली देवी, चंद्रिका देवी, गीता देवी, उमीर्ला देवी, समीरा देवी, सावित्री देवी व फुदगी देवी ने बताया गांव के ही कुंदन देवी की पत्नी क्रांति देवी ने गांव के गरीब व भोली-भाली महिलाओं को पहले विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर भारत फाइनेंस, आशीर्वाद स्माइल फाइनेंस, आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस, आशीर्वाद फाइनेंस बैंक, फसल माइक्रो फाइनेंस व भरत फाइनेंस लिमिटेड जैसे विभिन्न कंपनियों में जोड़ा, सभी को कर्ज में रूपए दिलाई, और सभी के पैसे लेकर फरार हो गई। बताया गया कि सभी को 45 हजार से 80 हजार तक कर्ज दिलवाया गया, लेकिन रूपए किसी को नही मिला। वहीं क्रांती देवी सभी का लेकर गांव से फरार हो गई। जब कंपनी वाले कर्ज वसुलने उनलोगों के घर पहुंचने लगे तब महिलाओं को ठगी का एहसास हुआ। महिलाओं ने डालसा कार्यकर्ता शिला तिग्गा से संपर्क कर ठगी होने की जानाकरी दी। जिसके बाद शिला तिग्गा की पहल पर ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया।

## एसडीएम ने एफसीआई गोदाम का किया निरीक्षण



**बुंडू।** बुधवार को बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने जामटोला स्थित एफसीआई गोदाम पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एफसीआई गोदाम के स्टॉक पंजिका अवलोकन करने के साथ राशन निर्गत स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गोदाम अधिकारी से बातचीत की ओर गोदाम स्टॉक की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और स्वच्छता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसडीओ ने बताया गोदाम स्टॉक की स्थिति संतोषजनक है।

## सीएचसी बुढ़मू में फेयरवेल सह क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन

**बुढ़मू।** सीएचसी बुढ़मू में बुधवार को फेयरवेल सह क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन किया गया। सेवानिवृत सेलेस्टीना बारला को प्रभारी डॉ ईशानी ने उपहार देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। इसके बाद क्रिसमस गेदरिंग का आयोजन हुआ, जिसमें ईशु को याद करते हुए सभी ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। यह आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों के बीच एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। प्रभारी डॉ ईशानी ने कहा आज उनके विदाई में हम सभी स्वास्थ्य कर्मी उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं और उनके योगदान को कभी नहीं भूलेंगे। सेलेस्टीना बारला की विदाई हम सभी के लिए एक भावनात्मक पल है, लेकिन हमें यह जानकर संतुष्टि है कि वे अपने परिवार के साथ खुशी से समय बिताएंगी। मौके पर डॉ इशानी, डॉ पलवी, डॉ दीपा, डॉ अभीषेक, डॉ संतोष कुमार,डॉ देवकुमार सिंह, डॉ श्रृष्टी श्रेया, डॉ रूपा संध्या, डॉ स्वाति मुर्मू सहित कई उपस्थित थे।

## सड़क हादसे में मां–बेटे की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** रांची-मेदनी नगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित थाना क्षेत्र के चटवाल मोड़ के निकट बुधवार की दोपहर 12:00 हुए सड़क हादसे में ओपा निवासी सुदामा गोस्वामी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुदामा अपनी मां लक्ष्मी देवी को लेकर चान्हो प्रखंड मुख्यालय जा रहा था, इसी दौरान एक ट्रक यूपी के शक्तिनगर से कोयला लेकर बंगाल दुगार्पुर जा रहा था। इसी क्रम मे ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी बाइक के ऊपर पलट गया। इस दुर्घटना में सुदामा की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसकी मां कोयला ट्रक के नीचे दब गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह उसे निकाला गया और प्राथमिक उपचार के लिए चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु लक्ष्मी देवी को रिम्स रेफर कर दिया जहा उनका इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद से पूरे गांव में गम का माहौल है।

# कोयलांचल में आलोक गिरोह का आतंक

## सपही नदी बालू घाट में लगे ट्रैक्टर चालक, लेबर, मालिक को जमकर पीटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र में आलोक गिरोह का आतंक जारी है। थाना क्षेत्र के डकरा व चुरी में अवैध कार्य में लिप्त लोगों पर गिरोह का आतंक का साया छाया। सूत्रों के अनुसार अपराधियों ने पहला घटना डकरा में स्क्रैप का कार्य मे लगे कर्मियों के साथ जमकर पिटाई व फायरिंग कर लेवी का मांग किया। मांग पूरा होने बाद कार्य करने का हिदायत दिया। वही दूसरा घटना गिरोह के सदस्यों ने मंगलवार को अहले सुबह 4 बजे चुरी सपही नदी से अवैध बालू उठाव में लगे दर्जनों ट्रैक्टर चालक, लेबर व मालिक को जमकर पिटाई कर प्रति ट्रिप 500 रुपये देने मांग किया। अपराध गिरोह का आदेश नही मनाने के बाद नदी तट पर ही ट्रैक्टर लेस देने की धमकी दिया। घटना के बाद से चुरी सपही नदी में बालू लोड करने कोई भी ट्रैक्टर नही पहुँची। घटना की जानकारी पुलिस तक पहुँची मगर कोई स्पष्ट नही हुआ। फिलहाल थाना क्षेत्र की घटना के विषय में कोई मामला दर्ज नही किया।

### कौन है आलोक गिरोह

पुलिसिया सूत्रों के अनुसार बताया जाता है कि यह वही आलोक गिरोह है जो कुछ महीने पहले एनके एरिया के अवैध डंप संचालन समिति से केजीएफ, सूरजदेव जी उर्फ के नाम पर लेवी का मांग करता था। तीनो नाम का एक ही अपराधी का बताया जाता है। वह राहुल तुरी के नाम से फेमस है। फिलहाल मैक्लुस्कीगंज, खलारी, पिपरवार थाना क्षेत्र के लिए सरदर्द बना हुआ है।

### अपराधी को छोड़ेंगे नहीं : पुलिस

वही कोयलांचल क्षेत्र में लगातार हो रही घटना पर पुलिस ने बताया कि अपराधियों की नकेल कसने की पूरी तैयारी हो चुकी है। अपराधी आखरी सांस गिन रहे है, चाहे जो भी हो छोड़ेंगे नही खलारी पुलिस। जिस भाषा मे समझेंगे उसी भाषा मे समझाया जाएगा।


**Jharkhand Education Project Council**
**JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004**

**Tender No:QU/40/67/2024/4617**
**E-Tender Notice**

Jharkhand Education Project Council, Ranchi invites e-Bids prospective bidders for **Selection of an agency for establishment of Science Lab for Class 9th & 12th (Physics Lab, Chemistry lab and Biology Lab) under Quality Initiative in the selected 179 KGBV 45 JBAV and 224 PM SHRI Government Schools with Manpower, Training & AMC**. Bidders can download bid documents from website https://jharkhandtenders.gov.in. Interested bidder can submit their bid through the portal http://jharkhandtenders.gov.in. The lists of dates with regard to this invitation for Bids are available in bid document. A pre-bid meeting will be held on 19.12.2024 at 4.00 pm.

Sd/-
(Shashi Ranjan, I.A.S.)
State Project Director

PR.NO.341791 Jharkhand Education Project Council(24-25):D

**Office of the Executive Engineer**
**Water Ways Division, Ranchi.**
**(Room No.-503, Jal Bhawan, Doranda-834002.)**

**(NOTICE INVITING QUOTATION)**
**Quotation Invitation Notice No.:- 09/2024-25 Date- 10.12.2024**

Sealed quotations hereby invited from Agency/Firm for following item of work as mentioned below for Getalsud Reservoir Scheme on 30-12-2024 up to 3:00 PM and same will be opened at the same day at 3:30PM before the Agency/Firm or their authorized representatives.

| Sl. No. | Items/Descriptions | Quantity | Unit | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply, Fitting and Fixing of Appropriate dia. and length of Steel Wire Rope for Service and Emergency Gate, Total 2 Nos. of Power Intake gate all complete job of Getalsud Reservoir Scheme. | 02 | Nos. | | |
| 2 | Supply, Fitting & Fixing of Gate Guide Shoe of Emergency Gate No.2 & 3 of Power Intake Gate. All complete job including Cutting, Welding etc. | 03 | Nos. | | |
| 3 | Marking of Water level near intake gate. | 01 | Job | | |
| 4 | Repairing of Intake Gate Gear (vibration & Noise). | 01 | Each | | |

Note:- Details are available in our website: http://www.wrdjharkhand.nic.in and at Office Notice Board.

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.

PR 341767 (Water Resource) 24-25 (D)

**कार्यालय:- जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा**
**समाहरणालय भवन, 'सी' ब्लॉक, ग्राउण्ड फ्लोर, खूँटी टोली, सिमडेगा**
Email ID-simdegamdm@gmail.com Fax&Phone:06525-22644

**आवश्यक सूचना**

सिमडेगा जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिकाओं को विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति देने हेतु राजकीयकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली – 1993, निदेशालीय पत्रांक 1139 दिनांक 18.09.2024 एवं सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 1925 दिनांक 21.10.2024 के आलोक में औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची एवं वरीयता सूची संख्या – 2 (ग्रेड –4 में प्रोन्नति हेतु) जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जा रहा है।

शिक्षकों को निदेश दिया जाता है कि वो अपने नाम के सामने अंकित प्रविष्टियों की जांच आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करेंगें।

उक्त सूची के विरूद्ध दावा/आपत्ति की स्थिति में शिक्षक अंतिम रूप से दिनांक 20.12.2024 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में विहित प्रपत्र में साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

विहित प्रपत्र

| आपत्ति कर्ता का नाम एवं पदनाम | पदस्थापित विद्यालय का नाम एवं प्रखण्ड | प्रकाशित सूची मे क्र0 सं0 | जिस कॉलम मे त्रुटी है उसकी संख्या | त्रुटी का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | |
| | | | | | | |

आपत्तिकर्ता का हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा

PR 341715 Simdega (24-25)_D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(विकास-शाखा)**

**विज्ञापन**

दिनांक 30.08.2022 को DMFT की शासी परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में लोहरदगा जिले में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला DMFT मद से निम्नांकित पद पर अनुभवी एवं योग्य Athletics / Physical Trainer / Army / Police Recruitment Trainer की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति की जानी है :–

| | Coaches / Instructors / Trainers | Consolidated pay of Rs. 25,000/- (Twenty-five thousand) per month purely on contractual basis for a 10 month term. The term of contract appointments may be subsequently extended for a spell of 10 months each year depending upon performance. |
|---|---|---|
| 1 | Athletics / Physical Trainer / Army / Police Recruitment Trainer | 01 No. |

चयनित Athletics / Physical Trainer / Army / Police Recruitment Trainer को सर्वप्रथम 10 माह के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा 10 माह के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात् संतोशजनक पाए जाने पर ही अगले 10 माह हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार विहित प्रपत्र में अपना वांछित सभी प्रमाण पत्र प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, DRDA कार्यालय, जिला परिषद भवन, सदर ब्लॉक के निकट, लोहरदगा PIN 835302 के नाम से दिनांक 23.12.2024 तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक के माध्यम से अपराहन् 5.00 बजे तक भेजा जा सकता है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
नोटः– आवेदन–पत्र का प्रारुप एवं नियुक्ति से संबंधित योग्यता सहित विस्तृत जानकारी https://www.lohardaga.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 341762 Lohardaga (24-25)_D

**Jharkhand State Beverage Corporation Limited, Ranchi**
**(A Government of Jharkhand Undertaking)**
**Corporate ID No. U51228JH2010SGC014519,**
**TIN No - 20520108277, GST No- 20AACCJ5622N1ZO**
**Utpad Bhawan, Ground Floor, Near Naveen Police Kendra, Kanke Road, Ranchi**
**E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com**

E-T. No-JSBC/Esst.-05/2012- 02 Ranchi, Dated :- 09/12/2024

**-Tender Notice-**
*E-Tender for Empanelment of Security Guard & MTS*

| S.N. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 01 | Date of Uploading of tender document on website. | 09-12-2024 | 11:00 A.M. |
| 02 | Date of Pre Bid | 18-12-2024 | 04:00 P.M. |
| 03 | Starting Date for Submission of E-Tender | 26-12-2024 | 11:00 A.M. |
| 04 | Last Date/closing date for submission of E-Tender | 06-01-2025 | 04:00 P.M. |
| 05 | Last date for Submission of Document (Hard Copy) in the JSBCL Office | 06-01-2025 | 05:00 P.M. |
| 06 | Online opening of Technical Bid. | 07-01-2025 | 04:00 P.M. |

Tender can be downloaded from https://jsbcl.in/Tender and E- Tender of Jharkhand Website- https://jharkhandtenders.gov.in Tender downloaded should be submitted with tender coast of Rs. 1,000/- (In words :- One Thousand only) in the form of DD issued in the name of Jharkhand State Beverages Corporation Limited, Payable at Ranchi.

Name & Address of Tenderer:
Sd/-
General Manager (Operation)
Jharkhand State Beverages Corporation Limited
Utpad Bhawan, Ground Floor, Near Naveen Police Kendra
Kanke Road, Ranchi-834008.

PR 341746 Excise(24-25).D

# बीमा सखी योजना

राजकपूर की बेटी रितु नंदा भारत की पहली सफल महिला बीमा एजेंट मानी जाती है, जिन्हें खुद एलआईसी ने सम्मानित किया है। रितु नंदा के नाम एक दिन में 17 हजार बीमा कराने का ग्रीनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड है। भारत में बीमा एजेंट व्यवसाय में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। यदि आंकड़ों की बात करें, तो बीमा एजेंट के रूप में महिलाओं की हिस्सेदारी अभी भी बहुत कम है। 50 लाख करोड़ रुपये के जीवन बीमा उद्योग में कुल 24.50 लाख व्यक्तिगत एजेंट हैं, जिनमें मार्च 2022 तक 7 लाख महिला एजेंट हैं। जीवन बीमा उद्योग के कुल 24.43 लाख व्यक्तिगत एजेंटों में से 71% पुरुष और 29 प्रतिशत महिलाएँ हैं। एलाआईसी में कुल महिला एजेंसी कार्यबल में 3.36 लाख या 48% महिलाएँ हैं, उनके निजी समकक्षों ने जीवन बीमा उद्योग में महिलाओं की कुल संख्या में 52% का योगदान दिया। जीवन बीमा कंपनियों में, मैक्स लाइफ में कुल एजेंसी कार्यबल में महिला एजेंटों का अनुपात सबसे अधिक 43 प्रतिशत है, उसके बाद एजेस फेडरल लाइफ और एसयूडी लाइफ इंश्योरेंस (प्रत्येक 42 प्रतिशत) का स्थान है। दूसरी ओर, मार्च 2022 में कुल बीमा एजेंटों में से 25% महिलाएं थीं। शहरी भारतीय महिलाओं की वित्तीय सुरक्षा 2019 में 57% से बढ़कर 2024 में 62% हो गई है। शहरी भारत की कामकाजी महिलाएँ वित्तीय सुरक्षा में सबसे आगे हैं, पाँच वर्षों में पहली बार जीवन बीमा स्वामित्व में पुरुषों से आगे निकल गई हैं। पाँचवें संस्करण के अनुसार, लगभग 77% कामकाजी भारतीय महिलाओं के पास जीवन बीमा है, जबकि पुरुषों के पास यह संख्या 74% है। सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि पिछले पाँच वर्षों में शहरी भारतीय महिलाओं का वित्तीय सुरक्षा स्तर 33 से बढ़कर 40 हो गया है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

मिथुन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

कर्क : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

सिंह : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

कन्या : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

तुला : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है, मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-4-6-8

वृश्चिक : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। शुभांक-3-5-6

धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

मकर : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। समय पर देनदार भी पैसे लौटाने में आनाकानी करेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कुंभ : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

मीन : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-1-3-5

# अंतर्कलह में उलझी भाजपा

देश के आधा दर्जन से अधिक राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्ष में है। झारखंड में वह दस साल के लिये सत्ता से बाहर हो चुकी है और सरकार के कामकाज को लेकर लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की आलोचना करती रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने के लिए आंतरिक विरोधाभासों से जूझने के बावजूद विपक्षी भाजपा वहां भी उग्र नजर आती है। पंजाब में अभी उसे मजबूत विपक्ष के रूप उभरना है। दिल्ली में भी वह बेहतर प्रदर्शन के लिए हाथ-पांव मार रही है।

लेकिन, देश के जितने भी राज्यों में यह विपक्ष में है, उनमें उसकी सबसे खराब स्थिति कर्नाटक में है। पिछले महीने हुए उप चुनावों में वह यहां सभी सीटें हार गई। उसके बाद से पार्टी नेता एक-दूसरे पर सार्वजनिक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इस दक्षिणी राज्य की तीन विधान सभा सीट- शिगगांव, संदुर और चन्नपटना यहां के विधायकों के लोक सभा चुनाव जीतने के कारण खाली हुई थीं। शिगगांव सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई विधायक थे और बाद में हावेरी सीट से लोक सभा चुनाव जीत कर वह दिल्ली का रुख कर गए।

चन्नपटना का प्रतिनिधित्व एचडी कुमारस्वामी करते थे। पहले के चुनाव में जब जद(एस) का गठबंधन कांग्रेस के साथ था तो कुमारस्वामी ने इस सीट से भाजपा उम्मीदवार को हराया था। लेकिन, लोक सभा चुनाव में जद(एस) ने भाजपा के साथ मिलकर लड़ा और जीत कर कुमारस्वामी केंद्र सरकार में मंत्री बन गए। संदुर विधान सभा सीट दोबारा कांग्रेस के कब्जे में आ गई है। पिछले चुनाव में भी कांग्रेस के ई. तुकाराम ने यहां से भाजपा उम्मीदवार को हराया था।

क्षेत्रीय स्तर पर थोड़े भिन्न इन इलाकों में हार में कुछ चीजें एक जैसी दिखती हैं। भाजपा का एक गुट इस हार के लिए खुलकर अपने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को जिम्मेदार बता रहा है। विजयेंद्र के पिता बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और भाजपा के दिग्गज नेताओं में उनका शुमार होता है। यह पहली बार नहीं है जब राज्य में पार्टी की अंदरूनी कलह उजागर हुई है। मौजूदा उठापटक विजयेंद्र और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के गुट के बीच चल रही है।



यतनाल गुट इस समय दिल्ली में डेरा डाले हुए है, जो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को यह संदेश पहुंचाने की कोशिश कर रहा है कि राज्य पार्टी प्रमुख के तौर पर विजयेंद्र नाकाम रहे हैं। इस गुट का तर्क है कि विजयेंद्र के पास एकमात्र सकारात्मक चीज यही है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा के बेटे हैं। यतनाल और उनके समर्थकों के ये तर्क पूरी तरह सच नहीं माने जा सकते क्योंकि, विजयेंद्र के नेतृत्व में भाजपा कर्नाटक के ऐसे इलाकों तक अपना प्रसार करने में कामयाब रही है, जहां वह पहले कभी नहीं पहुंच पाई थी।



- आदिति

> क्षेत्रीय स्तर पर थोड़े भिन्न इन इलाकों में हार में कुछ चीजें एक जैसी दिखती हैं। भाजपा का एक गुट इस हार के लिए खुलकर अपने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को जिम्मेदार बता रहा है। विजयेंद्र के पिता बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और भाजपा के दिग्गज नेताओं में उनका शुमार होता है। यह पहली बार नहीं है जब राज्य में पार्टी की अंदरूनी कलह उजागर हुई है।

विधान सभा चुनाव में कांग्रेस से करारी मात खाने के सात महीने बाद भाजपा ने बहुत ही विचार-विमर्श के बाद विजयेंद्र को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। पार्टी को एक ऐसे नेता की जरूरत थी, जो मजबूत व्यक्तिगत आधार का मालिक होने के साथ-साथ पूरे राज्य में स्वीकार्य हो। लोक सभा चुनाव में पार्टी के बेहतरीन प्रदर्शन ने यह दिखा दिया कि शीर्ष नेतृत्व का निर्णय गलत नहीं था। आम चुनाव में पूरे देश में भाजपा की सीटें घटीं, लेकिन पार्टी ने कर्नाटक की 28 में से 19 सीटों पर जीत कर अपनी धमक का एहसास करा दिया।

लेकिन, बसनगौड़ा और उनके समर्थक चाहते हैं कि विजयेंद्र से पार्टी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी वापस लेकर उन्हें घर भेज दिया जाए। यह गुट विजयेंद्र का इतना विरोधी हो गया है कि इसने वक्फ भूमि अतिक्रमण के मुद्दे पर पार्टी को नजरअंदाज कर बीदर से अपना अलग अभियान शुरू किया, जिसके बैनर और पोस्टरों पर केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें छायी हुई थीं और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र की फोटो कहीं नहीं थीं। यहां तक कि भाजपा की बीदर इकाई ने यतनाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। माना जा रहा है कि इस फैसले को बीएल संतोष का समर्थन प्राप्त है, क्योंकि कभी संतोष के पीछे-पीछे चलने वाले एमएलसी सीटी रवि इस पदयात्रा में शामिल हुए थे।

अब कर्नाटक में विधान सभा चुनाव मई 2028 में होने हैं, लेकिन यतनाल की महत्त्वाकांक्षाएं अभी से ठाठें मार रही हैं। पिछले सप्ताह बेलागावी में स्थानीय मीडिया से बात करते हुए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अपनी भावनाओं का इजहार करते हुए कहा था, मैं निःस्वार्थ राजनेता या कोई संत आदमी नहीं हूं। मैं आने वाले दिनों में कर्नाटक का नंबर एक राजनेता बनूंगा। जब मैं मुख्यमंत्री बन जाऊंगा तो मीडिया मेरे पीछे-पीछे भागेगा। कर्नाटक उन राज्यों में से है जहां 1992 में हुबली में ईदगाह मैदान विवाद के बाद हिंदू भावनाओं को समेट कर धुव्रीकरण हुआ और राम मंदिर रथ यात्रा को जबरदस्त समर्थन यहां मिला।

कर्नाटक भाजपा में अनुशासनहीनता का इतिहास नहीं रहा है और इसीलिए भाजपा कार्यकर्ता भ्रम की स्थिति में पड़ गए हैं। उनका मानना है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन साथ ही वे यह भी समझ रहे हैं कि यतनाल द्वारा उठाए जा रहे मुद्दे विचारधारा के स्तर पर कहीं अधिक ठोस हैं। लेकिन, कर्नाटक में भाजपा के अंदर बड़ी विचित्र और जटिल स्थिति बन गई है। राज्य के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सिद्धरमैया के येदियुरप्पा के साथ बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। चार साल पहले जब बीएस येदियुरप्पा राज्य के मुख्यमंत्री थे तो उनके जन्मदिन पर आयोजित समारोह में सिद्धरमैया न केवल शामिल हुए थे, बल्कि कई मामलों को लेकर उनकी खूब तारीफ भी की थी।

यही वजह है कि यतनाल गुट के कई नेताओं का मानना है कि कांग्रेस के अंदर से ही हमले झेल रहे सिद्धरमैया और भाजपा के विजयेंद्र गुट के बीच एक-दूसरे को बचाने के लिए कोई न कोई मिलीभगत है। हालांकि यह आरोप केवल संदेह तक ही सीमित हैं, क्योंकि इनका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं मिलता। विजयेंद्र यह अच्छी तरह जानते हैं कि उनके समक्ष अपनी काबिलियत साबित करते हुए राज्य में भाजपा को दोबारा खड़ा करने की चुनौती है। लेकिन, अंदरूनी गुटबाजी की ओर इशारा करते हुए उनके समर्थक कहते हैं कि भाजपा का पुनर्जीवित करने का काम विजयेंद्र अपना एक हाथ पीठ पीछे बंधा होने के कारण कैसे कर पाएंगे।

## लेटर टू एडिटर

### इस जीत के मायने

**संयुक्त** राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रम्प का चुनाव एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े समर्थक और प्रमुख सहयोगी जॉर्ज सोरोस के लिए करारा झटका साबित हुआ है। सोरोस, जो भारत सहित दुनिया भर के प्रभुत्व सम्पन्न देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश करते रहे हैं, अब उनके प्रयासों को एक धक्का लगा है। नागरिकों और मतदाताओं ने भी इन षड्यंत्रों को समझा।

**- के. ठाकुर, हजारीबाग**

### कारगर नीति

**सुप्रीम** कोर्ट ने अनियंत्रित प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाते हुए पराली जलाने पर जुमार्ना राशि 15,000 से बढ़ाकर 30,000 कर दी है। राज्य सरकारों की सख्ती के बावजूद समस्या बनी हुई है। इस संदर्भ में केंद्र और राज्य सरकारों को कारगर नीति बनानी चाहिए, ताकि पराली जलाने की आवश्यकता न पड़े।

**– रविशंकर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**झारखण्ड** मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह आभार सभा में झारखण्ड भर से आये पार्टी पदाधिकारियों के साथ शामिल हुई। 2024 विधानसभा चुनाव का परिणाम झामुमो के हर कार्यकर्ता की कड़ी मेहनत और पार्टी पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

हेमन्त जी के नेतृत्व में हम सभी का संकल्प है, पार्टी को और मजबूत करना और जनसेवा को सर्वोपरि रखते हुए झारखण्ड के विकास में अपना हर संभव योगदान देना।

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद !दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद ! जय झारखण्ड !

**-कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गांडेय विस**

# यौन-प्रताड़ना निरोधक कानूनों का क्रियान्वयन कैसे हो ?



**भरतचन्द्र महतो**

## समस्या

**आरजी** कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार - हत्या मामले में पश्चिम बंगाल सरकार ने अस्पष्ट प्रतिक्रिया दी थी जिससे महिला सुरक्षा के प्रति उदासीनता का भाव उजागर हुआ था।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में अपने एक आदेश में सभी सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से कहा है कि वे अपने यहां यौन-प्रताड़ना निरोधक कानूनों का क्रियान्वयन करें। इससे पता चलता है कि हमारे यहां कार्यस्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने में कितनी कम रुचि ली जाती है। यह बात इसलिए भी परेशान करने वाली है कि ये आदेश संसद द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम यानी पॉश अधिनियम के 2013 में पारित होने के 10 साल से अधिक समय के बाद आया है।

यह आदेश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गत वर्ष मई में दिए गए उस बयान के बाद आया है जिसमें गोवा विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर द्वारा छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों के विरुद्ध अपील के मामले में उसने कहा था कि अधिनियम के क्रियान्वयन में गंभीर चूक हुई है। उस समय सर्वोच्च न्यायालय ने विस्तृत निर्देश जारी किए थे और केंद्र, राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों से कहा कि वे इस बात की पुष्टि करें कि क्या उनके अधीन आने वाले सभी विभागों ने जिलों में स्थानीय शिकायत समिति या आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है, क्या उनके बारे में सूचनाओं का समुचित प्रसार किया गया है, और क्या नियमित रूप से जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं? अपने इस आदेश में न्यायालय ने इन समितियों के गठन के लिए जनवरी 2025 की समय सीमा तय की है।महिलाओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के लिए शीबॉक्स पोर्टल्स बनाने की बात कहने के साथ ही न्यायालय ने कहा कि यह सब मार्च 2025 के पहले हो जाना चाहिए। सबसे बड़ी अदालत से बार-बार ऐसी घोषणा का आना यह रेखांकित करता है कि देश में महिलाओं के संरक्षण के लिए कितनी धीमी गति से काम किया जा रहा है।

इसमें आश्चर्य की कोई बात नहीं है। गत वर्ष महिला पहलवानों ने अखिल भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख पर यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्रदर्शन किया था और उसके पश्चात हुई जांच में पाया गया कि देश की अधिकांश अधिमान्य खेल संस्थाओं में आंतरिक शिकायत समितियां नहीं हैं। इस वर्ष के आरंभ में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की सरकार ने अस्पष्ट प्रतिक्रिया दी थी जिससे कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा के प्रति उदासीनता का भाव उजागर हुआ था।

ये घटनाएं दो स्तर पर दुखद हैं क्योंकि सरकारी संस्थानों को पॉश अधिनियम के क्रियान्वयन की पहल करनी चाहिए थी। ऐसा करने से निजी क्षेत्र को प्रेरणा मिलती क्योंकि वह इस मोर्चे पर काफी पीछे है। यह स्थिति तब है जबकि सभी निजी संस्थानों के लिए यह अधिनियम लागू करना अनिवार्य है। वर्ष 2018 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने सभी सूचीबद्ध कंपनियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया था कि वे अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यौन शोषण के मामलों के आंकड़े पेश करें।इस वर्ष मई में अशोका विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इकनॉमिक डेटा ऐंड एनालिसिस ने दिखाया कि कंपनियों द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट में पेश किए जाने वाले यौन शोषण के मामलों के आंकड़ों में यकीनन इजाफा हुआ है। परंतु सूचीबद्ध कंपनियों में ऐसे मामलों की जानकारी देने वाली कंपनियों की तादाद बहुत सीमित है।

इससे भी अहम बात यह है कि कई कंपनियों ने साल दर साल बताया है कि उनके यहां ऐसा कोई प्रकरण सामने नहीं आया। व्यापक तस्वीर यही उभर रही है कि अधिकांश भारतीय कंपनियां चाहे वे निजी हों या सरकारी, सूचीबद्ध हों या गैर सूचीबद्ध, वे पॉश अधिनियम का पालन नहीं करती हैं।

ऐसी कंपनियां भी बड़ी संख्या में हैं जो अनुपालन का दावा करती हैं लेकिन उनके यहां या तो पर्याप्त महिला कर्मी नहीं होती हैं या फिर वहां महिलाओं को शिकायत करने के लिए उचित प्रोत्साहन नहीं मिलता है। यकीनन शिकायतकर्ता का प्रबंधकीय और संगठनात्मक बहिष्कार उन्हें शिकायत करने से हतोत्साहित करता है। इसे सार्वजनिक क्षेत्र मसलन जिला स्तरीय सरकारी संस्थानों पर लागू करें तो भारतीय समाज का पुरुषवादी ढांचा शिकायतकर्ता महिला के लिए ही मुश्किलें पैदा करता है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश हालात को व्यवस्थित करने की दिशा में सही कदम हो सकते हैं।

**(वरिष्ठ अधिवक्ता रांची सिविल कोर्ट)**

# अब हम दो हमारे 16 की बात करते राजनेता

**एनके मुरलीधर**

## सामयिक

**देश** के प्रजनन दर पर बहस हाई प्रोफाइल होकर चल रही है। भारत दुनिया में परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाने वाला पहला देश है। वह दौर था जब समाचार के माध्यमों में हम दो हमारे दो की बात कही जाती थी। दक्षिण भारत और उत्तर भार त में यह भेद अधिक हो गया है। इस विषय पर बहस जारी है। 2037 में भारत दुनिया का सबसे युवा देश नहीं रह जायेगा। लेकिन क्या देश में आरएसएस प्रमुख के अपील और दक्षिण के दो मुख्यमंत्रियों के अपील के कई मायने हैं। संघ प्रमुख सांप्रदायिक कोण से भारत के हिंदूयों के अल्पसंख्यक होने का डर सता रहा है तो मुख्यमंत्रियों को अपने राजनीतिक शक्ति जो सीटों के रुप में परिसीमन के आधार पर होना है, उसमें कम होने का भय सता रहा है।

लेकिन महिला साक्षरता और संयुक्त परिवार के समाप्त होन के कारण बच्चों की संख्या में वृद्धि लगातार कम हो रही है। सवाल अहम है कि यह सामाजिक समस्या के पीछे नगरीकरण का भी योगदान है जहां गांव से लगातार पलायन हो रहाहै। किसी अपील या कानून से इसे बढ़ाया नहीं जा सकता है। आज के घोर आर्थिक युग में शिक्षा और संपति अर्जित करना इतना प्रतियोगी हो गया है कि मध्यम और उच्च वर्ग के साथ निम्न वर्ग भी परिवार को सीमित रखना चाहता है। विशेषकर शिक्षा और स्वास्थ्य पर बढ़ता खर्च भी एकबड़ी भूमिका निभा रहा है।

कुल प्रजनन दर में कमी दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए पूरी तरह अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि यह दर 2.1 की प्रतिस्थापन या रीप्लेसमेंट दर से कम हो गई है।

भारत इस तथ्य से गौरवान्वित हो सकता है कि देश की कुल प्रजनन दर में गिरावट आई है और वह 1965 के प्रति महिला पांच बच्चों से कम होकर 2022 में 2.01 पर आ गई है। आपातकाल के दौर के 18 महीनों को छोड़ दिया जाए तो यह कमी नागरिक अधिकारों का किसी तरह दुरुपयोग किए बिना हासिल की गई है।

ध्यान रहे चीन में यह दर कम करने के लिए 36 वर्षों तक एक बच्चा पैदा करने की नीति लागू की गई थी। कुल प्रजनन दर में कमी दुनिया की दूसरी सबसे अधिक आबादी वाले देश के लिए पूरी तरह अच्छी खबर नहीं है, क्योंकि यह दर 2.1 की प्रतिस्थापन या रीप्लेसमेंट दर से कम हो गई है। रीप्लेसमेंट दर वह होती है जितने बच्चे हर महिला के हों तो देश में बुजुर्गों और युवाओं की संख्या स्थिर बनी रहती है।

लैंसेट के एक अध्ययन पर यकीन किया जाए तो 2050 तक देश की कुल प्रजनन दर 1.29 हो जाएगी। यानी भारत अमीर होने के पहले ही उम्रदराज हो सकता है। देश की जनांकिकी के इस भविष्य से निपटने के लिए कई तरीके अपनाए जा सकते हैं।

उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा आपूर्ति को मजबूत बनाया जा सकता है, श्रम शक्ति को सही ढंग से प्रशिक्षित किया जा सकता है और बीमा योजनाओं में परिवर्तन किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हाल ही में इसका उपाय तीन संतानों के रूप में दिया है। इसे अपनाने के विषय में विचार नहीं किया जाना चाहिए। तब उनका संकेत हिंदुओं और मुस्लिमों की कुल प्रजनन दर के बीच असमानता की ओर था। अब, जबकि आबादी की वृद्धि दर में कमी आ रही है और भारत में जनांकिकीय ठहराव आने की संभावना बन गई है तब उन्हें देश के समक्ष एक खतरा नजर आ रहा है।

जनसंख्या बढ़ाने को प्रोत्साहन देना वृद्धि को गति प्रदान करने की दृष्टि से सरल प्रतीत हो सकता है। कुछ स्कैंडिनेवियन (डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड आदि) और यूरोपीय देश दशकों से आबादी में कमी की समस्या से जूझ रहे हैं। वे परिवारों को चाइल्ड केयर प्रोत्साहन भी प्रदान करते हैं। परंतु इन देशों ने सामाजिक-आर्थिक प्रगति का एक स्तर और प्रशासनिक क्षमता हासिल कर ली है और वह भी बिना सामाजिक रूप से प्रतिगामी हुए (उदाहरण के लिए समान पितृत्व अवकाश)।

भारत जैसे असमान देश में जहां कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति असमान और गैर किफायती है, तीन बच्चे पैदा करने का नियम नुकसानदेह हो सकता है। आबादी में बेतहाशा वृद्धि उन सामाजिक लाभों को नुकसान पहुंचाएगी जो देश ने आजादी के बाद हासिल किए हैं।

उदाहरण के लिए ऐसी नीति महिला अधिकारों के खिलाफ है क्योंकि बच्चे पैदा करने और उन्हें पालने का पूरा बोझ महिलाओं पर पड़ता है। इससे एक ही झटके में वे सभी लाभ खत्म हो जाएंगे जो महिलाओं ने उच्च शिक्षा, कार्यालयों और दुकानों आदि में जाकर हासिल किए हैं। गरीब और रुढ़िवादी परिवारों से आने वाली महिलाओं को ऐसे मानकों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

देश में महिलाओं की श्रम भागीदारी दर 37 फीसदी है और यह लंबे समय से चिंता का विषय रहा है। महिलाओं पर बोझ डालने से हालात में कोई सुधार होने वाला नहीं है। आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने स्थानीय निकाय के चुनाव लड़ने वालों के लिए दो बच्चों की सीमा समाप्त कर दी है और सरकार बड़े परिवारों को प्रोत्साहित करने पर विचार कर रही है। तेलंगाना भी उसका अनुसरण कर सकता है। दक्षिण भारत के राज्यों की चिंता जायज है कि जनसंख्या नियंत्रण के उनके प्रगतिशील कदम वित्त आयोग के आवंटन और संसदीय सीटों के परिसीमन में उनके खिलाफ जाएंगे।

ये आशंकाएं पूरी तरह गलत नहीं हैं और इसे नीतिगत स्तर पर हल करने की आवश्यकता है ताकि इन राज्यों का जननांकिकीय लाभ उत्तर भारत के गरीब और अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए आदर्श बन सके। बड़े परिवारों को प्रोत्साहन देना प्रतिगामी कदम होगा। इसके बजाय देश भर में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### कुजू : पायल ज्वेलर्स में चोरी



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के रांची रोड स्थित पायल ज्वेलर्स से मंगलवार रात चोरों ने कीमती जेवरातों की चोरी की। मामले को लेकर संचालक जीतेंद्र कुमार द्वारा कुजू ओपी में आवेदन दिया गया। वही पुलिस दुकान पहुंचकर छानबीन किया। छानबीन में दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तो उसमें चोरों की तस्वीरे आ गयी है। इसके बाद संचालक ने सीसीटीवी कैमरे में कैद चोरों की तस्वीरों को पुलिस को सौप दिया। पुलिस छानबीन में जुटी है।

### भुरकुंडा में मोतियाबिंद शिविर आज से

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में 12 से 17 दिसंबर तक टॉपकौन ऑप्टिकल भुरकुंडा में मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया जायेगा। शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के मरीजों का 18 दिसंबर को शाम चार बजे निरामया अस्पताल रांची में भर्ती कराया जायेगा। साथ ही 19 दिसंबर को सुबह नि:शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। वहीं सफल ऑपरेशन के बाद 20 दिसंबर को सभी वापस भुरकुंडा लाया जाएगा। इधर भुरकुंडा टेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में 15 दिसंबर को बवासीर का जांच एवं नि:शुल्क इलाज किया जाएगा। उक्त जानकारी राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर एमजेएफ लायन डॉ राजेंद्र महतो ने दिया।

### कराटे में चार बच्चों ने जीता पदक



रजरप्पा। सब जूनियर झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप का समापन रविवार को खेलगांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस दौरान गोला के 4 बच्चों ने मेडल जीत कर अपनी प्रतिभा दिखाई है। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल, क्षेत्र व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। जज ने कहा कि इस सफलता का श्रेय कराटे कोच (कमल नायक) की शिक्षा, बच्चों की कड़ी मेहनत, स्कूल व अभिभावकों के जबरदस्त सहयोग को जाता है। वही इस प्रतियोगिता में अविक कुमार गोल्ड पदक, वर्षा रानी, मयंक कुमार रजक पदक और नैतिक कुमार कास्यं पदक शामिल है. बच्चों की इस उपलब्धि पर कई लोगों ने बधाई दी। इधर, कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा 14 एवं 15 दिसम्बर 2024 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित सब जूनियर कराटे चैंपियनशिप में गोला निवासी अरविन्द कुमार अग्रवाल के पुत्र अविक कुमार का चयन हुआ है. अविक अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे।

### मैनेजर से मिले बिरेंद्र यादव



भुरकुंडा (रामगढ़)। विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने झामुमो नेता बीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में बुधवार को बलकुदरा में मैनेजर फहीम से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बीरेंद्र यादव ने मुख्य रूप से दो बातें रखी। उन्होंने मैनेजर से कहा कि बलकुरा द्वारा जो ओबी फेंका जा रहा है उससे श्मशान घाट जाने वाले रास्ता बंद हो रहा है। साथ ही हैवी ब्लास्टिंग में 6 मीटर का जो गड्ढा खोदा जा रहा है उसे तत्काल रोक लगाकर मात्र तीन मीटर किया जाए। ताकि ग्रामीणों के घरों का काम नुकसान हो। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों पर तत्काल पहल नहीं की गई तो झामुमो पुरा डिस्पैच ठप कर देगी। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। मौके पर बीरेंद्र यादव, रमेश बेदिया, मुकेश बेदिया, राजेंद्र बेदिया, जुगल बेदिया, शंकर कुमार, सागर बेदिया आदि मौजूद थे।

### सर्वोदय निकेतन में खेलकूद शुरू



कुजू। डटमा मोड़ के शिवपुरी कॉलोनी स्थित सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह बुधवार से शुरू हुआ, पांच दिन तक चलेगा। क्रीड़ा सप्ताह का शुभारंभ विद्यालय निर्देशक नरसिंह कुमार ने किया। विद्यालय में कक्षा तृतीय से चतुर्थ के जूनियर छात्रों की अंतर्सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें लड़कों के वर्ग में गांधी सदन और लड़कियों के वर्ग में कलाम सदन विजई रहा। इस अवसर पर विद्यालय निर्देशक नरसिंह कुमार ने कहा कि छात्रों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल अवसरों को भी प्रदान किया जाना आवश्यक है। इससे उनके व्यक्तित्व का समुचित विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं और शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### ए ला एंग्लाइज में ओलंपियाड संपन्न



भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बुधवार को ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा में कक्षा 1 से 12 तक के 640 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें छात्रों को विभिन्न विषय गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और सामाजिक अध्ययन में परीक्षा ली गई। कहा गया कि ओलंपियाड का उद्देश्य छात्रों में तार्किक क्षमता, गणित, विज्ञान और भाषा संबंधी कौशल का विकास करना था। प्रतियोगिता का आयोजक ब्लूम ओलंपियाड था। जिसमें विभिन्न विषयों पर आधारित प्रश्नपत्र तैयार किए गए थे। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों के परिणाम की जल्द घोषणा की जायेगी।ओलंपियाड समन्वयक धर्मेश सोनी और गौरव साहू ने बताया कि ओलंपियाड परीक्षा छात्रों में प्रतिभा निखारने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है।

# जेल में बंद अपराधी मिलन तुरी ने करायी थी दीपक सिंह की हत्या

## 25 हजार रुपये दी थी सुपारी, दो युवक गिरफ्तार

खबरमन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र में चार दिसंबर को हुई दीपक सिंह की हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि पैसे में लेनदेन विवाद के बाद दीपक सिंह की हत्या की साजिश रची गयी। इस कांड के लिए जेल में बंद मिलन तुरी ने गिद्दी के उर्मिक करमाली से फोन के जरिये संपर्क कर संतोष कुमार से बात कराने को कहा।

उर्मिक ने संतोष की मिलन से बात कार्रवाई जिसमे दीपक की हत्या की सुपारी दी गयी। 25000 रुपये में हत्या की बात तय हुयी। उर्मिक करमाली और संतोष कुमा पहला इन्सटॉलमेंट 17,000 रुपये फोन पे के जरिये दिया गया। इन्सटॉलमेंट मिलने के बाद दीपक की हत्या चार दसंबर की रात को कर दी गयी थी। ज्ञात हो की हत्या के बाद बहुत शोर शराबा हुआ था। एसपी अरविन्द कुमार सिंह के निर्देश पर बड़कागांव एसडीपीओ और पुलिस इंस्पेक्टर ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए एक टीम का गठन किया। पुलिस ने इस दौरान हत्या के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया। सख्ती से पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम संतोष कुमार, करियातुपर बरही का रहने वाला बताया जबकि दूसरे ने अपना नाम उर्मिक करमाली गिद्दी निवासी बताया।

दोनों ने हत्या में अपनी सलिप्तता भी स्वीकार की और हत्या में इस्तेमाल किये गए हथियार की जानकारी भी दे दी। पुलिस ने संतोष के पास से 16,300 रुपये बरामद किया। पुलिस इनके पास से फोन पे द्वारा किया गया भुगतान वाला मोबाइल बरामद किया है। जिस पिस्तौल से गोली मारी गयी वो पिस्तौल भी बरामद कर लिया गया है। ज्ञात हो गिद्दी पुलिस ने छह दिसंबर को दोपहर में साधु कुटिया मंदिर के पास दीपक सिंह नामक का शव बरामद किया था। युवक के पीठ में दो जख्म पाया गया था।

घटना स्थल के पास खून का निशान और गोली का चार खोखा पाया गया था। पुलिस ने शव की पहचान रेलीगढ़ा दो तल्ला निवासी महिला उमा देवी ने उसके पुत्र दीपक सिंह के रुप में किया था। उमा देवी पुलिस को बताया था की बुधवार 4 दिसंबर को लगभग 3 बजे एक युवक उसके पुत्र को उसके घर से बुला कर ले गया था। इसके बाद वह रात में घर वापस नहीं आया। बाद में उसकी हत्या की जानकारी हुई।

## एक नजर में

### जनता के साथ हमेशा खड़ी रहूंगी : अंबा प्रसाद



बड़कागांव। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के चुनावी परिणाम के बाद समाधान भवन में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अंबा प्रसाद ने परिणाम की समीक्षा की। इस दौरान यह बात निकल कर आई कि विपक्ष भाजपा एवं आजसू गठबंधन को बड़कागांव की खनन कंपनियां एनटीपीसी, अडानी, ओएनजीसी समेत कई कंपनियों ने खुलकर मदद किया। जबकि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद की सेवा एवं काम का उचित मूल्यांकन नहीं हो पाया। चुनावी नतीजे भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में गया। लोगों ने बताया कि मतदान से ठीक पहले भाजपा एवं आजसू के लोगों द्वारा धन बल का प्रयोग किया चुनाव के समय पूरे क्षेत्र से यह शिकायत सुनने को मिला।सांप्रदायिक तौर पर चुनाव को प्रभावित करने के लिए विरोधियों द्वारा फर्जी एवं सांप्रदायिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले वक्तव्य मतदाता पर्ची के साथ बांटने का कार्य किया गया, कई मतदान केंद्र के बाहर इस तरह के पर्ची देखने को मिली। सोशल मीडिया मे कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ अफवाह एवं फर्जी संदेशों को प्रसारित करवाया गया। अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव को मेरे परिवार ने अपने खून पसीने से सीचा है ,बड़कागांव की सेवा में मेरा सर्वस्व न्योछावर था है और रहेगा । वोट के रूप में मिले आशीर्वाद के लिए जनता जनार्दन का धन्यवाद करती हूं , दुगुनी ऊर्जा से जनता के लिए संघर्ष जारी रहेगा और उपलब्ध रहूँगी । पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं आए लेकिन 5 वर्षों में किए गए विकास कार्य को जनता भली-भांति जानती है, विगत दिनों हुए विधानसभा चुनाव परिणाम कंपनी का बराबर विरोध करने के चलते खुलकर विरोधी पार्टियों का सपोर्ट करने चलते हमारे विपरीत रही। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, जिप प्रतिनिधि दीपक करमाली, संजय महतो, श्याम भार्गव,जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, जमाल सागीर, प्रभु राम, गौतम कुशवाहा, रोहित सिंह, संजय साव, पंकज कुमार, मोहम्मद शमीम, शमशेर आलम, मो. मुबारक समेत पंचायत के अध्यक्ष कोर कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दारु पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

दारु। दारु थाना पुलिस ने बुधवार को एक पुराने मामले में फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वारंटी रंजीत तुरी पिता किशुन तुरी मेडकुरी का रहने वाला है वह वर्ष 2010 के कांड संख्या 45/10 के एक मामले में वारंटी था जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### टाटीझारिया के बेड़म में हटाया गया अतिक्रमण

टाटीझरिया । टाटीझरिया अंचल क्षेत्र के डूमर पंचायत के बेड़म गांव में पिछले कई वर्षों से सरकारी जमीन का अतिक्रमण किया गया था। इसके विरुद्ध कई बार अंचल अधिकारी को शिकायत किया गया था। अंचल अधिकारी नीलू टुडू ने बुधवार को थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी,सीआई राकेश कुमार सिंह,कर्मचारी मनीष कुमार, अमीन रोहित कुमार के साथ मिलकर अंचल कर्मियों के उपस्थिति में जेसीबी से अतिक्रमण युक्त घर, गोशाला,चारदीवारी को हटाया गया। इनमें बेडम के विभिन्न लोगो द्वारा किए गए अतिक्रमित भूमि को एक एक मकान, चारदिवारी, को जेसीबी मशीन से तोडकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### युवती के अपहरण मामले में युवक गिरफ्तार

बरही। युवती की अपहरण मामले में पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त अनिल प्रजापति और काजल देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार उक्त लोगों द्वारा विवाहित युवती का अपहरण कर दुबारा शादी कराने ले जा रहा था। बरही पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नगर व छावनी परिषद में चल रहे विकास योजनाओं की रामगढ़ डीसी ने की समीक्षा

**पतरातू डैम में संप हाउस निर्माण, चैनगड्डा और बंजारी में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए भूमि चिन्हित करें**

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़ । नगर परिषद रामगढ़ एवं छावनी परिषद रामगढ़ अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। उपायुक्त द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा की गई जिसके उपरांत कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ मनीष कुमार द्वारा अन्य विकास कार्यों के संबंध में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई। शहरी जलापूर्ति योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू डैम परिसर में सम्प हाउस निर्माण, चैनगड्डा तथा बंजारी क्षेत्र में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करने हेतु तत्काल रूप से भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया। कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि नगर परिषद क्षेत्र में बिना अनुमति के होर्डिंग लगाए जाने संबंधित मामले में ऑरेंज मीडिया एजेंसी विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई है । वहीं, रामगढ़ व्यवहार न्यायालय के समीप नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निर्मित दुकानों के आवंटन को लेकर शेष बचे दुकानों का आवंटन जल्द से जल्द संपन्न करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। उपायुक्त ने रामगढ़ शहर अंतर्गत शनिचरा हाट के सौंदरयीकरण व साफ सफाई पर आवश्यक निर्देश दिए । वहीं, शहरी क्षेत्र में सड़कों पर पशुओं के आवागमन एवं इससे ट्रैफिक व्यवस्था में हो रही कठिनाइयों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उपायुक्त ने कांजी हाउस, रामगढ़ का संचालन और भी प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सड़कों पर आवागमन करने वाले पशुओं को जप्त कर कांजी हाउस में रखने सहित अन्य कार्रवाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। रामगढ़ शहरी क्षेत्र को हरा भरा रखने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने मरार तालाब सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्टेडियम आदि विकसित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान रामगढ़ शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने, छावनी क्षेत्र अंतर्गत ट्रेकर स्टैंड सहित अन्य क्षेत्रों में साफ सफाई बनाने को लेकर भी चर्चा की गई एवं उपायुक्त द्वारा इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### आकर्श इंटरनेशनल स्कूल का स्थापना दिवस मना

रामगढ़। रामगढ़ मंतागढ़ा स्थित आकर्श इंटरनेशनल स्कूल का 31वां स्थापना दिवस एवं ओशो का जन्मदिन 11 दिसंबर को आकर्श इंटरनेशनल स्कूल परिसर में उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, सम्मानित अतिथि डॉ गीता सिन्हा मानकी, विश्व हिन्दू परिषद के रामगढ़ जिला अध्यक्ष संतू भाई मानिक, विश्व हिन्दू परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तिलक राज मंगलम , झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा एवं छोटू वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर विद्यालय के संचालक मनोज कुमार द्वारा उनका शॉल ओढ़ाकर व पौधा देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके उपरांत स्कूल के स्थापना दिवस और ओशो के जन्मदिन को लेकर केक काटा गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने विद्यालय प्रबंधन समिति को स्कूल की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

# एसपी कार्यालय में अपराध गोष्ठी आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। एसपी कार्यालय में बुधवार को एसपी अजय कुमार ने अपराध गोष्ठी किया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी इत्यादि) की समीक्षा की गई । साथ ही जनशिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न मामलों को 02 माह के अंदर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, जेल से छुटे अपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत आइआइएफ-1 जव 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एंड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का ससमय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को ससमय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रिमीनल ला के तहत इ साक्ष्य एप का उपयोग करने हेतु निर्देश दिया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़/पतरातु, लोक अभियोजक रामगढ़, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र, रामगढ़, पु०नि०-सह-थाना प्रभारी रामगढ़ /रजरप्पा, सभी थाना/ओपी प्रभारी एवं सभी शाखा प्रभारी उपस्थित थे।

### भुरकुंडा शीतला मंदिर में भागवत कथा हुआ शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा सयाल मोड़ स्थित माता शीतला मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्री भागवत कथा को लेकर बुधवार को कलश स्थापना व कलश पूजन अनुष्ठान किया गया। इस अवसर पर कथा वाचक पुरोहित पंडित रामकुमार पाठक के द्वारा वैदिक संस्कार व मंत्रोच्चारण के साथ 11 कलश की स्थापना व पूजन की गई। तत्पश्चात आरती के साथ 3 बजे श्री भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। मौके पर कथा वाचक पंडित रामकुमार पाठक ने बताया की सात दिवसीय श्रीभागवत कथा का 11 दिसम्बर से आगाज हुआ है। जिसका 17 दिसम्बर को हवन के साथ समापन होगा।

### सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित



विष्णुगढ़। बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में साहित्य और समाजसेवा में विशेष योगदान देने वाले तमिल भाषा के महाकवि चिन्नास्वामी सुब्रमण्यम भारती जी का 142वां जन्मोत्सव मनाया गया। सुब्रमण्यम भारती जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीपप्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं के द्वारा बारी-बारी से भाषण और उनके लिखे कविताओं की प्रस्तुति दी गई।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारती कई भाषाओं के जानकार थे और तमिल भाषा के प्रति उनका जुनून था।उनकी रचनाओं में राजनीतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विषय शामिल थे। संगोष्ठी के आयोजन में सर्वणा मिश्रा , बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक कुमार झा,वीरेन्द्र देव,शशि भूषण देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार भुवनेश्वर कुमार महतो,संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,आजाद ,नाजरा सुनीता सभी सत्रों के प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

### विधानसभा अध्यक्ष से मिले दो विधायक



हजारीबाग। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बुधवार को विधानसभा के अध्यक्ष रवीन्द्र महतो से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें विधानसभा के अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान प्रदीप प्रसाद ने महतो के कुशल नेतृत्व और विधानसभा में उनके समर्पित योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में रवीन्द्र महतो का अनुभव और नेतृत्व सदन की मर्यादा और कार्यकुशलता को नई ऊंचाईयों तक ले जाएगा। प्रदीप प्रसाद ने विश्वास व्यक्त किया कि रविंद्र महतो के नेतृत्व में विधानसभा में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूती मिलेगी और सभी दलों के बीच समन्वय स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष के रूप में महतो का कार्यकाल प्रदेश के विकास और लोकतंत्र के लिए एक प्रेरणादायक अध्याय साबित होगा। इस अवसर पर सिमरिया के विधायक कुमार उज्जवल दास भी महतो को बधाई दी। उज्जवल दास ने भी अध्यक्ष के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट करते हुए कहा कि उनका अनुभव और मार्गदर्शन विधानसभा की कार्यवाही को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने सदन में रचनात्मक सहयोग और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। शिष्टाचार भेंट के दौरान दोनों विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से विधानसभा और प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके साथ सकारात्मक दृष्टिकोण साझा किया।

# मंत्री संजय यादव से मिला राजद व कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

## पतरातू की औद्योगिक समस्याओं से कराया अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्रम नियोजन एवं उद्योग मंत्री संजय कुमार यादव से राजद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव एवं कांग्रेस के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राजद व कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संजय यादव को मंत्री बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। साथ ही बुके देकर स्वागत करते हुए पतरातू क्षेत्र के पीवीयूएनएल सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों द्वारा क्षेत्र के श्रमिकों के मूल समास्याओं, शोषण दोहन की ओर ध्यान आकृष्ट किया। वही औद्योगिक क्षेत्र में जीवन यापन कर रहे आम लोगो को उद्योगों द्वारा वायु एवं जल प्रदूषण के कारण जानलेवा बीमारियों सहित कई समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने औद्योगिक क्षेत्र की समास्याओं के निराकरण के लिए सख्ती से कदम उठाने का मंत्री संजय कुमार यादव आग्रह किया। मौके पर मंत्री संजय कुमार यादव ने आश्वस्त किया की जल्द ही समास्याओं के निराकरण के लिए सकारात्मक पहल किया जाएगा। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में सुजीत कुमार पटेल, संतोष यादव, सत्येन्द्र यादव, अनिल कुमार, संजीव कुमार सिंह, धीरज पटेल सहित कई लोग शामिल थे।

### ललन यादव ने संजय यादव को दी बधाई

कुजू। संजय प्रसाद यादव के विधायक बनने व मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र के समाज सेवी से ललन कुमार यादव ने मुलाकात कर बधाई दी। उन्होंने रांची स्थित आरजेडी कार्यालय जाकर मंत्री संजय प्रसाद यादव को पुष्प गुच्छ देकर बधाई एवं शुभकामना भी दिये। ललन यादव ने कहा कि संजय प्रसाद यादव के मंत्री बनने से राज्य के जनता का विकास होगा। वहीं उन्होंने मंत्री को क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का आग्रह किया। जिस पर मंत्री ने हर संभव समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया।

# कैंसर से लड़ें और इनसे बचें



**कैंसर** एक ऐसी खतरनाक बीमारी है, जोकि हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। गलत खान-पान और धूम्रपान के कारण कैंसर की समस्या तेजी से बढ.रही हैं। यह एक लाइलाज बीमारी है। हालांकि शुरूआती लक्षण पहचानकर इसका इलाज किया जा सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी रोजाना खाई जाने वाली चीजें ही इस बीमारी का कारण बनती है। बहुत से लोगों को लगता है कि सिर्फ शराब, सिगरेट या इसके घुएं और तम्बाकू के कारण ही कैंसर होता है। मगर एक शोध के मुताबिक, जिन चीजों का सेवन आप रोज करते हैं, उनमें से कुछ चीजों से कैंसर का खतरा बढता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें खाने से कैंसर का खतरा बना रहता है। इनके उपयोग से दूर रह कर कैंसर जैसी घातक बीमारी से बचा जा सकता है।

### 1. माइक्रोवेव पॉपकॉर्न

आजकल लोग टीवी या फिल्म देखते समय पॉपकॉर्न को बड़े मजे से खाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं यह भी कैंसर का कारण बनता है। दरअसल, जब माइक्रोवेव में ऐसे पैकेट को गरम किया जाता है तो ये कई तरह के कैमिक्लस छोड़ता है, माइक्रोवेव में पैकेट गर्म करने से जब यह कई तरह के केमिकल छोड़ता है तो पैकेट में मौजूद ऑयल या मक्खन पॉपकॉर्न में मिलकर फेफड़ों को सीधा नुकसान पहुंचाता है। इससे आपको फेफड़ों का कैंसर हो सकता है।

### 2. डिब्बा बंद खाना

भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच लोग आजक लोग ताजे फल और सब्जियों के बजाए डिब्बा बंद खाने का सहारा ले रहे हैं लेकिन यह सेहत के लिए हानिकारक होते है। इस तरह के फूड्स में बिसफेनोल ए नामक कैमिकल पाया जाता है, जोकि कैंसर का कारण बनता है।

### 3. रिफाइंड चीनी

कुछ लोग ब्राउन शुगर को सेहत के लिए अच्छा मानते हैं लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कैंसर का सबसे बड़ा कारण रिफाइंड चीनी और हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप होता है। ब्राउन शुगर में कलर और फ्लेवर मिलाए जाने के कारण यह ज्यादा खतरनाक हो जाती है। रिफाइंड चीनी से शरीर के अंदर कैंसर सेल्स बढते हैं और आप इस बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 4. कार्बोनेटिड ड्रिंक

आजकल लोग ज्यादातर कार्बोनेटिड ड्रिंक्स पीते हैं, खासकर र्गिमयों में लेकिन आपको बता दें कि यह भी सेहत के लिए हानिकारक है। दरअसल, बोतल में भरी ऐसी ड्रिंक्स में कार्बोहाइड्रेट होता है। साथ ही इसमें मौजूद हाई-फ्रुटोज कॉर्न सीरप, तरह-तरह के कैमिकल्स और कलर्स भी होते हैं, जोकि कैंसर सेल्स को बढावा देते हैं।

### 5. वेजिटेबल ऑयल

वेजिटेबल ऑयल में भी कई तरह के कैमिकल्स होते हैं, जोकि सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं। वेजिटेबल ऑयल को लंबे समय तक चलाने के लिए हाइड्रोजन और अन्य रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा बनाया जाता है। इसे ट्रांस वसा भी कहते हैं, जो हृदय रोग, इम्यून सिस्टम और कैंसर को बढावा देते हैं।

### 6. डाइट फूड्स

वजन कंट्रोल करने या कम करने के चक्कर में आजकल ज्यादातर लोग डाइट फूड्स का सेवन करते हैं। मगर जरूरत से ज्यादा इनका सेवन भी कैंसल सेल्स को बढाता है, जिससे आप कैंसर जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

### 7. फ्राइड फूड

खाने से ज्यादा आजकल लोग फ्राइड फूड खाते हैं। छोटी-छोटी भूख लगने पर भी आजकल ज्यादातर लोग फ्राइड फूड खाना ही पसंद करते हैं। मगर इनमें मौजूद कई कैमिकल्स कैंसर का कारण बनते हैं।

### 8. आलू चिप्स

आलू चिप्स खाना तो हर किसी को पसंद होता है लेकिन इनमें सबसे ज्यादा फैट और कैलोरी पाई जाती है। आलू के चिप्स और फ्रेंच फ्राई में अधिक मात्रा में एक्रिलामाइड नामक तत्व पाया जाता है जोकि सिगरेट में मौजूद होता है। ऐसे में इनका कम से कम सेवन करें।

# युवा अब गठिया जैसे बुढ़ापे के रोग से परेशान



**बढती** उम्र का असर चेहरे के साथ-साथ सेहत पर भी दिखने लगता है। बढती उम्र के साथ लोगों को कई बीमारियां घेर लेती हैं लेकिन आजकल खराब लाइफस्टाइल और खान-पान के कारण लोग जवानी में ही बुढापे की इन बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। आपकी दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और कुछ चीजों का इस्तेमाल आपको जवानी में ही बुढापे की बीमारियों का शिकार बना देता है। आज हम आपको शरीर में दिखने वाले कुछ ऐसे छोटे-छोटे संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि ये बताते हैं कि जवानी में ही आप बूढे. हो रहे हैं।

### 1. गठिया की समस्या

गठिया रोज बुढापे में होने वाली समस्या है लेकिन आजकल सेहत का ध्यान न रखने से लोगों को यह समस्या जवानी में ही हो रही है। 30-35 साल की उम्र में गठिया दर्द होना जवानी में बुढापे आने का संकेत हैं। इस बात को नजरअंदाज करने की बजाए अपनी सेहत का ठीक से ख्याल रखें।

### 2. नींद न आना

आजकल बिजी शेड्यूल के कारण लोगों को ठीक से नींद नहीं आती लेकिन दिनभर की थकान के बावजूद भी नींद न आने को इग्नोर न करें। इसका असर न सिर्फ आपकी सेहत पर दिखता है बल्कि इससे चेहरे पर भी कई प्रॉब्लम होने लग जाती है। बूढे. लोगों को तो ये बीमारी हो जाती है लेकिन जवानी में ये होना सही नहीं है।

### 3. आंखें कमजोर होना

आंखें कमजोर होना आजकल आम समस्या बनती जा रही है लेकिन आपको बता दें कि ज्यादातर लोगों को यह समस्या बुढापे में ही होती है। अगर जवानी में भी ऐसा रहा है तो सतर्क हो जाइए। दिनभर टीवी, मोबाइल, कम्प्यूटर और लैपटॉप के सामने बैठे रहने के कारण यह समस्या होती है। अब आप काम तो नहीं रोक सकते है लेकिन हैल्दी डाइट और एक्सरसाइज तो कर सकते हैं।

### 4. थकावट महसूस होना

दिनभर भागदौड़ करने के बाद थकावट होना तो आम है लेकिन जवानी में इतनी ज्यादा थकावट सेहत के लिए अच्छी नहीं। आजकल लोग जरा-सा काम करने के बाद ही थक जाते हैं, जोकि इस बात की ओर इशारा करता है कि आप अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे रहे।

### 5. चेहरे पर झुर्रियां पड़ना

खान-पान और एक्सरसाइज न करने के कारण आजकल लड़कियों को यह समस्या जवानी में हो जाती हैं। इसे छुपाने के लिए आप मेकअप करते हैं लेकिन इसकी बजाए आपको हैल्दी चीजों, योग और एक्सरसाइज का सहारा लेना चाहिए।

### 6. बाल सफेद होना

अगर कम उम्र में ही आपके बाल सफेद हो रहे हैं तो संभल जाएं। बुढापे में ऐसा होना आम है। मगर जवानी में ऐसा होने का मतलब है कि आप अपने बालों केयर नहीं करते। इसलिए अपने बालों की ठीक से केयर करें और अच्छे शैंपू का इस्तेमाल करें।

### 7. त्वचा में ढीलापन

बुढापे की तरफ बढते हुए त्वचा भी ढीली होने लगती है। हाथ, चेहरे, गले की त्वचा लटकने लगती है। अगर कम उम्र में ही ये सब हो रहा है तो आप जल्दी बूढे. दिखने लगेंगे। इससे बचने के लिए सूरज की किरणों से खुद को बचाएं, सेहतमंद खाना खाएं और अच्छे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

# क्या आपको भी लगती है बहुत ज्यादा ठंड?



निधि सिह



**क्या** आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए।

दिसंबर-जनवरी का महीना देश के अधिकतर हिस्सों में भीषण ठंड वाला होता है। हालांकि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में ठंड कम है। सेहत के लिहाज से ठंड का समय कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को इन दिनों विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। ठंड के कारण सर्दी-जुकाम की समस्या से लेकर साइनस और आर्थराइटिस की दिक्कत ट्रिगर हो सकती है, इसलिए बचाव के उपाय करते रहना सभी के लिए बहुत जरूरी है।

क्या आपको भी अन्य लोगों की तुलना में ज्यादा ठंड लगती है? तमाम प्रयास करने के बावजूद भी शरीर जल्दी गर्म नहीं हो पाता है। कभी-कभी ऐसा होना तो सामान्य है हालांकि अगर अक्सर ये दिक्कत बनी रहती है तो सावधान हो जाना चाहिए। कुछ मामलों में ऐसा अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं या फिर विटामिन्स की कमी के भी कारण हो सकता है।

**ठंड अधिक लगना**

वैसे तो कोई बीमारी नहीं है, हालांकि यह किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत जरूर हो सकता है।

**एनीमिया, हाइपोथायरायडिज्म,** फाइब्रोमायल्जिया या एनोरेक्सिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस तरह की दिक्कतें हो सकती हैं। कुछ प्रकार की क्रोनिक बीमारी के शिकार लोगों को भी अन्य लोगों की तुलना में अधिक ठंड लग सकती है।

**आइए जानते हैं कि इसके लिए किन कारणों को मुख्यरूप से जिम्मेदार माना जाता है?**

कहीं आपमें विटामिन्स की कमी तो नहीं?

डॉक्टर कहते हैं, बहुत अधिक ठंड लगना कई बार शरीर में जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की कमी के कारण भी हो सकता है। अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी है तो ठंड अधिक महसूस हो सकती है। यह विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन और ऑक्सीजन के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विटामिन की कमी होने पर शरीर लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं कर पाता, जिससे एनीमिया हो सकता है।

### ये बीमारियां भी हो सकती हैं कारण

ठंड के प्रति असहिष्णुता के कई और भी कारण हो सकते हैं जिसपर सभी लोगों को गंभीरता से ध्यान देते रहने की आवश्यकता होती है।

**एनोरेक्सिया-** खाने से संबंधित इस विकार के कारण शरीर में वसा की कमी होने का जोखिम बढ़ जाता है।

**हाइपोथायरायडिज्म-** यह बीमारी तब होती है जब थायरॉयड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में थायराइड हार्मोन नहीं बना पाती है।

**रक्त वाहिकाओं की समस्या-** इस विकार (जैसे रेनॉड) के कारण शरीर के सभी अंगों तक रक्त का प्रवाह ठीक तरीके से नहीं हो पाता है।

**हाइपोथैलेमस की समस्या-** मस्तिष्क का यह हिस्सा शरीर के तापमान को नियंत्रित करने वाले हार्मोन का उत्पादन करता है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपको ठंड अधिक महसूस हो रही है तो तुरंत सचेत हो जाएं और उचित उपचार कराएं। लंबे समय तक पोषक तत्वों की कमी होने से शरीर में कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। खान-पान और दिनचर्या में सुधार करके इस तरह की दिक्कतों में आराम पाया जा सकता है।

अगर आपको विटामिन-बी12 या फिर थायरॉइड की समस्या है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। इन स्थितियों का समय पर उपचार न हो पाने के कारण कई तरह की जटिलताओं का जोखिम हो सकता है।



योग भारतीय संस्कृति का भाग है। योग अभ्यास भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है, जोकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ा देती है। नियमित रूप और सही तरीके से योग करने पर स्वस्थ तन और सुंदर मन मिलता है। फिट और स्वस्थ रहने के लिए आजकल हेल्थ-क्लब्स, स्कूल्स और हॉस्पिटल्स में भी योग करवाया जाने लगा है लेकिन योग करने से पहले आपको उसके नियमों का पता होना भी बहुत जरूरी है। योग करते समय सावधानियां इस्तेमाल न करने से आपको इसका फायदा होने की बजाए नुकसान भी हो सकता है। कुछ ऐसे नियमों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप योग का पूरा फायदा ले सकते हैं। **योग गुरु स्वामी मुक्तरथ, सत्यानंद योग मिशन**

# योग मन और शरीर का संतुलन



### योग से जुड़े जरूरी नियम

**1. योगासन से पहले शरीर को करें तैयार**

जिस तरह एक्सरसाइज से पहले वार्मअप करना जरूरी होता है, उसी तरह योग करने से पहले भी वार्मअप करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए योगासन करने पहले शरीर को वार्मअप करने के लिए हल्का-फुल्का व्यायाम जरुर कर लें। इससे आपका शरीर खुलेगा तथा लचीला हो जाएगा। आप चाहें तो इसके लिए सूक्ष्म आसन भी कर सकते हैं।

**2. भोजन करने के तुरंत बाद न करें योग**

सुबह हो या शाम, कभी भी भोजन के तुरंत बाद योग नहीं करना चाहिए। योग हमेशा खाने के करीब 3 घंटे बाद करें। इसके अलावा सुबह आप खाली पेट भी योग कर सकते हैं। केवल वज्रासन ही ऐसा योग है, जिसे भोजन के बाद किया जा सकता है।

**3. कठिन आसन से न करें शुरुआत**

योगासन की शुरूआत करते समय हल्के आसन का चयन करें। चाहे आपको कितनी भी प्रैक्टिस क्यों न हो लेकिन योग की शुरूआत किसी कठिन आसन से नहीं करनी चाहिए। बिना शरीर को तैयार किए आप कठिन योग करने लगेंगे तो चोट लगने का डर रहता है।

**4. योग करने का सही समय**

योग सूरज उगने से पहले और सूर्य डूबने के बाद किसी भी समय किया जा सकता है लेकिन दिन के समय योग न करें। योगासन सुबह के समय करने से अधिक लाभ मिलता है। मगर फिर भी अगर आप किसी कारण से सुबह योग नहीं कर पाएं तो शाम या रात को खाना खाने से आधा घंटा पहले भी कर सकते हैं। यह ध्यान रखें कि आपका पेट भरा न हो। इसलिए भोजन करने के 3-4 घंटे बाद और हल्का नाश्ता लेने के 1 घंटे बाद आप योगासन करें।

**5. योग के दौरान ठंडा पानी न पीएं**

योग करते समय बीच में ठंडा पानी पीना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। योग के दौरान शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है। ऐसे में ठंडा पानी पीने से सर्दी जुकाम, कफ और एलर्जी की शिकायत हो सकती है। इसलिए योग के समय और बाद में नार्मल पानी ही पीएं।

**6. बीमारी में न करे योग**

अगर आपको कोई भी गंभीर समस्या, जोड़ों, कमर, घुटनों में अधिक दर्द है तो योग करने के लिए डॉक्टर से सलाह लें। इसके अलावा योग करने के दौरान बाथरूम नहीं जाना चाहिए बल्कि अपने शरीर का पानी पसीने के जरिए बाहर निकलना चाहिए।

**7. गलत पोज न करें**

इन्स्ट्रक्टर द्वारा बताए अनुसार ही योग करें। गलत आसन करने से कमर दर्द, घुटनों में तकलीफ या मसल्स में खिंचाव हो सकता है। इसके अलावा पीठ, घुटने या मसल्स की प्रॉब्लम हो तो योग करने से पहले ट्रेनर से सलाह जरूर ले।

**8. योग के तुरंत बाद न नहाएं**

योगासन करने के तुरंत बाद न नहाएं बल्कि कुछ समय बाद स्नान करें। क्योंकि किसी भी व्यायाम या अन्य शारीरिक गतिविधि के बाद शरीर गर्म हो जाता है और आप एकदम से नहाएंगे तो सर्दी-जुकाम, बदन दर्द जैसी तकलीफ हो सकती है। इसलिए योग करने के एक घंटे बाद ही नहाएं।

**9. ध्यान केंद्रित करना**

योगासन करते समय अपने मोबाइल फोन ऑफ कर दें। क्योंकि इसे करते समय आपका ध्यान इधर-उधर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हंसी मजाक का माहौल न बनाए इससे आपसे योग में कोई गलत स्टेप हो सकता है।

**10. एक्सपर्ट से लें सलाह**

अक्सर लोग योग करने के लिए टीवी या कोई किताब पढ़ने लगते हैं लेकिन योग हमेशा किसी एक्सपर्ट की सलाह से ही करना चाहिए। इसके अलावा अगर आप किसी बीमारी से छुटकारा पाने के लिए योग कर रहें तो भी एक्सपर्ट से सलाह लेना न भूलें।

**इन बातों का भी रखें ख्याल**


1. योगासन खुली और ताजी हवा में करना सबसे अच्छा माना गया है। फिर भी अगर ऐसा करना संभव न हो तो, किसी भी खाली जगह पर आसन करें।

2. योग करते समय संवेदनशील अंग जैसे कमजोर घुटनें, कमर, रीढ.की हड्डी और गर्दन का खास ख्याल रखें। अगर आपको किसी भी तरह की प्रॉब्लम या दर्द हो तो धीरे-धीरे आसन की उस अवस्था से अपने आप को बाहर निकालें।

3. योग करते समय हमेशा ढीले और आरामदायक कपड़े ही पहनें। आप टी-शर्ट या ट्रैक पैंट पहनकर भी योगासन कर सकते है।

4. याद रखे कि किसी भी योगासन को झटके से न करें और न ही योग की मुद्रा से झटके से निकले। इसके अलावा योग उतना ही करे, जितना आप आसानी से कर पाएं। धीरे-धीरे अभ्यास बढाने की कोशिश करने करें न एकदम से अधिक योग करें।

# सर दर्द को गंभीरता से लें



बढ़ती गर्मी में अक्सर लोगों को सिर दर्द की परेशानी होने लगती है। अगर आपको लगातार सिरदर्द हो रहा है तो एक बार डॉक्टरी जांच जरूर करवाएं। यह माइग्रेन भी हो सकता है। माइग्रेन का दर्द साइलेंट किलर की तरह अचानक से अटैक करता है, जिससे सिर के आधे हिस्से में असहनीय दर्द होने लगता है। वहीं, गर्मियों में यह दर्द और भी बढ़ जाता है। पुरुषों से ज्यादा महिलाओं माइग्रेन स पीड़ित है। ऐसे में इसके लक्षण को पहचानकर जल्द इलाज करवाना बहुत जरूरी है।

माइग्रेन के लक्षण
- नींद की कमी
- धुंधला दिखाई देना
- बार-बार यूरिन आना
- चॉकलेट खाने का मन
- शरीर का एक हिस्सा सुन्न महसूस होना
- भूख कम लगना

माइग्रेन के कारण
- हाई ब्लड प्रैशर
- तनाव
- भरपूर मात्रा में पानी न पीना
- मौसम में बदलाव
- गर्मी में घूमना
- एलर्जी

माइग्रेन में क्या न खाएं

डिब्बाबंद पदार्थों, रेड वाइन और जंक फूड का सेवन न करें

माइग्रेन में क्या खाएं

दूध, दही, पनीर, दालें, मांस और मछली को डाइट में शामिल करें

माइग्रेन के घरेलू उपाय
- दिन में दो बार गाय के घी की कुछ बूंदे नाक में डालें।
- गुनगुने तेल से सिर की मालिश करें। इससे दर्द से राहत मिलेगी।
- नींबू के छिलकों का पेस्ट तैयार कर लें। बाद में इसे माथे पर लगाएं।
- दर्द होने पर तुरंत बर्फ या ठंडे पानी की पट्टी सिर पर रखें। इससे दर्द से आराम मिलेगा।

# आरवीएस के छात्रों ने राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, एनएमएल, जमशेदपुर में किया नवाचार का अनुभव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आरवीएस अकादमी के कक्षा 12वीं के विज्ञान छात्रों ने राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर के शैक्षणिक दौरे के दौरान एक अनूठा अनुभव प्राप्त किया। अपने शिक्षकों के साथ गये छात्रों को धातुकर्म प्रक्रियाओं, अनुसंधान और नवीन तकनीकों के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त हुआ जो उद्योग को आगे बढ़ाती हैं। दिन की शुरुआत एनएमएल टीम द्वारा छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करने के साथ हुई, जहां उन्हें संस्थान के इतिहास और सामग्री विज्ञान एवं धातुकर्म के क्षेत्र में इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गयी।





राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर के शैक्षणिक दौरे के दौरान एक अनूठा अनुभव प्राप्त करते आरवीएस अकादमी के कक्षा 12वीं के विज्ञान विद्यार्थी।

छात्रों को अनुसंधान और परीक्षण प्रयोगशालाओं का दौरा कराया गया, जहां उन्होंने अत्याधुनिक प्रयोग और अध्ययन की गयी अवधारणाओं के व्यावहारिक अनुप्रयोग देखे।

दौरे की मुख्य विशेषताओं में धातुओं के परीक्षण तकनीकों का प्रदर्शन, धातुकर्म में स्थिरता पर चर्चाएं और वैज्ञानिकों के साथ इंटरैक्टिव सत्र शामिल थे। वैज्ञानिकों ने छात्रों को अनुसंधान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस व्यावहारिक अनुभव ने न केवल छात्रों की सैद्धांतिक समझ को गहरा किया, बल्कि उन्हें औद्योगिक और सामाजिक विकास में विज्ञान की भूमिका पर गहराई से सोचने के लिए प्रेरित किया।

आरवीएस अकादमी के चेयरमैन बिंदा सिंह जी ने कहा, हम छात्रों को कक्षा से परे सीखने के अवसर प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। एनएमएल की यात्रा हमारे छात्रों में जिज्ञासा को बढ़ावा देने और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ऐसे शैक्षिक अनुभव छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को पाटने में मदद करते हैं, जिससे उनके अंदर नवाचार और अनुसंधान के प्रति जुनून जागता है।

इसी भावना को व्यक्त करते हुए, आर.वी.एस. अकादमी की प्रधानाचार्या वीशा मोहिंद्रा ने कहा, राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला का शैक्षणिक दौरा विज्ञान के छात्रों के लिए विज्ञान की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से देखने का एक असाधारण अवसर था। यह व्यावहारिक अनुभव हमारे शैक्षणिक पाठ्यक्रम को पूरक बनाता है और छात्रों को गहन समझ के साथ उन्नत अवधारणाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित करता है। मैं एनएमएल के मार्गदर्शन और इस दौरे को सफल बनाने के लिए हमारे शिक्षकों के प्रयासों के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूं। मुझे विश्वास है कि यह अनुभव हमारे छात्रों की शैक्षिक और व्यावसायिक यात्रा पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ेगा।

## स्पीड न्यूज



### ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने लिया गुरुजी से आशीर्वाद

**चांडिल।** ईचागढ़ की विधायक सविता महतो बुधवार को रांची स्थित झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री गुरुजी शिबू सोरेन के आवास पर जाकर उनसे भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधायक ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बधाई दिया। विधायक ने गुरुजी शिबू सोरेन से काफी देर तक कई मुद्दों पर बातचीत कर गुरूजी का मार्गदर्शन लिया।

### नगर निगम क्षेत्र में अलाव का कार्य शुरू



**जमशेदपुर।** बढ़ती ठंड को देखते हुए मानगो नगर निगम के द्वारा मानगो चौक, डिमना चौक, पारडीह चौक में अलाव जलाने का कार्य किया जा रहा है। चौक चौराहो पर अलाव की व्यवस्था होने से ठंड में लोगों को समस्या नहीं होगा और राहगीर और अन्य अलाव से ठंड में बचाव कर सकते हैं।

### प्रहरी अभियान : एसपी का चांडिल में पैदल मार्च



**चांडिल।** प्रहरी पहल अभियान के तहत सराइकेला-खरसावां जिले के पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने चांडिल में पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी वरुण यादव के साथ नशाखोरी, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध रूप से पार्किंग तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर चांडिल थाना क्षेत्र में पैदल गश्ती किया। इसका उद्देश्य पैदल गश्ती के दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाना है।

### टीबी फ्री इंडिया के तहत 13 को बंटेगा पोषण किट

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के द्वारा टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में संचालित पीएम टीबी फ्री इंडिया का 29वें महीने का पोषण किट, जिसमें टीबी मरीजों के लिए एक महीने की खाद्य सामग्री के साथ प्रोटीन-वसा आहार बादाम, सोयाबिन के अलावा एक महीने की विटामिन खुराक 13 दिसंबर को दिन में 3 बजे रेड क्रॉस भवन, साकची में छगनलाल दयालजी सन्स लि. के सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के साथ रसिकलाल छगनलाल आडेसरा के पुण्य स्मृति में प्रदान किया जायेगा।

# झारखंड राज्य की संस्कृति और परंपराएं यहां के समाज की असली पहचान : आयुक्त

- कोल्हान यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में प्रशासनिक अधिकारियों, मानकी, मुंडा, डाकुवा एवं दिऊरी की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत कोल्हान यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयुक्त सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल हरि कुमार केसरी की अध्यक्षता तथा उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष कुमार शेखर, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी चाईबासा/सारंडा, अपर उपायुक्त सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं मानकी, मुण्डा, डाकुवा एवं दिऊरी की उपस्थिति में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथि व अन्य।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए आयुक्त सिंहभूम कोल्हान प्रमंडल हरि कुमार केसरी ने कहा कि झारखंड राज्य की संस्कृति और परम्पराएं यहां के समाज की पहचान है। इस संस्कृति के संवाहक एवं संरक्षक है यहाँ के विभिन्न परंपरागत पदाधिकारी मानकी, मुण्डा, ग्राम प्रधान, डाकुवा एवं ग्रामीण दिउरी (पुजारी)। झारखंड के ग्रामीण समाज में आपका महत्वपूर्ण स्थान है और स्थानीय शासन, न्याय एवं सामाजिक समरसता में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस हेतु इन्हें कोल्हान का ग्रामीण प्रशासन बोला जाता है, झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से हो रहे सामाजिक और आर्थिक बदलावों ने मानकी-मुण्डा की जिम्मेदारियों को और भी बढ़ा दिया है। वर्तमान परिदृश्य में आपके कार्य यथा जनता के साथ सरकार का सीधे संबंध रखना,विवादों का निपटारा ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्रामों में करना, अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना एवं लगान वसूली सहित अन्य कार्य काफी सराहनीय है। सन 1834-35 में ब्रिटिश सरकार ने इकरारनामा के आधार पर कोल्हान क्षेत्र के लिए मानकी को तथा मुंडा को अलग-अलग सनद पट्टा निर्गत किया गया जिसे अब हकूक-नामा के नाम से जाना जाता है। मुंडा को ग्राम का प्रधान तथा मानकी को पीड़ का प्रधान बनाया गया है। मुंडा-मानकी अपने ग्राम तथा पीड़ के प्रति उत्तरदायी होंगे। यही रिवाज स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी कोल्हान में प्रचलित है।

उपायुक्त ने कहा कि सामाजिक संरचना और मानकी-मुंडा व्यवस्था जो महत्वपूर्ण अंग है इसको आपस में संवाद स्थापित कर और बेहतर करने के लिए आयोजित किया गया है। जिससे आप सभी को अपनी बातों को रखने का सामान अवसर प्राप्त हो एवं जो वास्तविकता धरातल में चल रही है उसका फीडबैक आपके माध्यम से जिला प्रशासन को मिल सके। उन्होंने कहा कि आप सभी मानकी-मुण्डा द्वारा जो भी मांग जिला प्रशासन से की गई है उसे पूरा करने के लिए हम सभी कृत संकल्पित हैं। साथ ही राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में संकल्प जारी कर आपके सम्मान राशि जो में वृद्धि की गई है वह सम्मान राशि आप सभी को यथाशीघ्र प्राप्त हो इस दिशा में जिला प्रशासन अग्रेतर कार्य कर रही है। पश्चिमी सिंहभूम जिले की प्रगति, सामाजिक व्यवस्था एवं संरचना को आपके माध्यम से और विकासशील करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आपको अपने दायित्व एवं जिम्मेदारी का सही से निर्वहन करना होगा। ग्राम स्तर पर जो छोटे-छोटे मतभेद उत्पन्न होते हैं उसको पंच के माध्यम ग्राम स्तर पर ही निपटारा करें ताकि समाज में फैली कुरितियों पर नियंत्रण रख सकें।

## एक नजर में

### कांड्रा बाजार में श्रीगणेश मंदिर का हुआ भूमिपूजन



**गम्हरिया।** कांड्रा बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मोदक समाज की ओर से स्व विजय नंदी की पुण्य स्मृति में भगवान श्रीगणेश के मंदिर निर्माण हेतु शिलान्यास एवं भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। पंडित गौतम मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन कराया गया। बताया गया कि इस मंदिर का निर्माण आगामी वर्ष गणेश पूजा से पूर्व पूरा कर लिया जायेगा। निर्माण के बाद मंदिर में भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जायेगी। मौके पर कांड्रा हनुमान मंदिर, काली पूजा कमेटी सदस्यों के साथ साथ कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### केरला पब्लिक स्कूल में मना प्राइमरी दिवस समारोह




**जमशेदपुर।** केपीएस, कदमा में बुधवार को ह्यवार्षिक प्राइमरी दिवस समारोह के दूसरे दिन कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय गौरव, एकता और देशभक्ति के मूल्यों पर आधारित बच्चों की कई प्रस्तुतियों ने अतिथियों का मन मोह लिया। वार्षिक समारोह शिक्षकों, छात्रों और उनके परिवारों को शैक्षिक गतिविधियों, कलात्मक अभिव्यक्ति और भावनात्मक प्रदर्शनों से एक सूत्र में बांधने की एक उत्तम पहल की है। कार्यक्रम में 360 छात्रों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि हसन इमाम ने कार्यक्रम की भूरि झभूरि प्रशंसा की और कहा कि कार्यक्रम बच्चों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने का एक उत्तम प्रयास साबित होगो कार्यक्रम का समापन छात्र उत्कर्ष निवास के धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान से हुआ। मौके पर केरला पब्लिक स्कूल की अध्यक्षा महोदया मनोरमा नायर, निदेशक शरत चंद्रन और श्रीकांत नायर, पूर्व प्रधानाचार्या शांता वैद्यनाथन, शैक्षणिक निदेशका लक्ष्मी आर, रचना नायर, प्रधानाचार्या शर्मिला मुखर्जी, अलामेलु रविशंकर, संगीता सामंत व अन्य शाखाओं के प्रधानाचार्य और उप-प्रधानाचार्य पर उपस्थित थे।

### कई लाभुकों को नहीं मिल पा रहा मंईयां सम्मान योजना का लाभ, सौंपा गया ज्ञापन




**गम्हरिया।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के सरायकेला-खरसावां जिला कमेटी की ओर से गम्हरिया अंचल कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर सभी प्रकार के पेंशन से वंचित लोगों को यथाशीघ्र पेंशन भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की गई। प्रदर्शन के पश्चात, प्रतिनिधिमंडल द्वारा गम्हरिया के अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सरकार द्वारा दिये जा रहे मंइयां सम्मान योजना व अन्य सभी प्रकार का पेंशन पाने से काफी संख्या में लाभुक बंचित रह गए हैं। इस बाबत कई बार लाभुकों द्वारा कार्यालय का चक्कर लगाकर जानकारी मांगी गई। किन्तु, किसी भी कर्मचारी द्वारा उन्हें कोई सटीक जवाब नहीं प्राप्त हो सका है। ज्ञापन के माध्यम से मंइयां सम्मान व अन्य पेंशन योजनाओं के लिए फॉर्म भर चुके लाभुकों को जल्द पेंशन भुगतान प्रारम्भ करने, भीड़ को देखते हुए पर्याप्त कर्मचारी और कंप्यूटर ऑपरेटर की कार्यालय में व्यवस्था करने, लाभुकों को सही जानकारी देने की मांग की गयी। मौके पर रैन कुमार सिंह, मुरारी शरण शर्मा, राम प्रताप सिंह, मौसमी मित्रा, मंजुला सिंह, सपन चक्रवर्ती, रंजीत कुमार समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन में 13-14 दिसंबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस



**जमशेदपुर।** डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजूकेशन में आगामी 13-14 दिसंबर को हारनेसिंग द पावर ऑफ एजुकेशन एंड अडॉप्ट ग्रीन विषयक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश-विदेश से प्रतिभागी एवं वक्ता शिरकत कर रहे हैं। विभिन्न प्रांतों से सात एनजीओ भी पर्यावरण सम्बंधित अपने कार्यों को छात्रों से साझा करेंगे। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं के शिक्षाविद करेंग। इस दौरान 52 तकनीकी पेपर 7 सत्रों में प्रस्तुत किये जायेंगे सभी पेपर प्रजेंटर अपनी प्रस्तुति देंगे और अपने विचारों से समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करेंग। जिससे कि सभी लोग पर्यावरण को संरक्षित करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर एक रेफेरीड जर्नल एवं एक पुस्तक का लोकार्पण किया जायेगा, जिसमें अनेक शोधार्थियों और शिक्षाविदो के शोध आलेख हैं। सभी शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले शोधकताओं को प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की आयोजन सचिव डॉ मोनिका उप्पल ने कार्यक्रम की रुपरेखा बतायी। डी.बी.एम.एस. कॉलेज के चेयरपर्सन ललिता चंद्रशेखर, अध्यक्ष बी.चंद्रशेखर, सचिव प्रिया धर्मराजन , सह-सचिव सुधा दिलीप ,गवर्निंग बॉडी सचिव सतीश सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया कन्वेनर तथा प्राचार्या डॉ.जूही समर्पिता ने बताया कि लौहनगरी में पहली बार पर्यावरण संरक्षण से सम्बंधित अन्तराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस हो रहा है।

# भाजपाइयों ने काटा बवाल





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को बर्मा माइंस दुर्गा पूजा मैदान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल काटा। बताया कि गाड़ियों की पार्किंग कर टाटा स्टील और जुस्को मैदान को हथियाना चाहती है, इस मैदान पर लंबे समय से पूजा का आयोजन होता आया है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराया।

# एमजीएम में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने 500 जरूरतमंदों को करवाया भोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के इंजीनियर इलियास खान ने एमजीएम अस्पताल में आयोजित भोजन वितरण समारोह में 500 जरूरतमंदों के बीच भोजन बांटा, जिसके मुख्य अतिथि जमशेदपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने मरीज के अभिभावक, रिश्तेदार और अटेंडर के बीच ब्रेड, केला, सेब, फ्रूट केक और बच्चों को चॉकलेट बांटकर किया। मुख्य अतिथि ने संस्था के कार्यों की काफी प्रसंशा की और सोच को सलाम किया। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट जैसी संस्था जो जरूरतमंदों के लिए राहत का कार्य करते रही है। संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों में खाना खिलाना और मरीजों में दवा की जरूरत को पूरा करना और असहाय लोगों की सहायता की मुख्य अतिथि ने काफी सराहना की और कहा कि संस्था के ऐसे कामों को बढ़ावा देना बहुत ही पुण्य का काम है और उन्होंने संस्था के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, पॉलीटेक्निक कॉलेज के सैयद आसिफ अख्तर, मोइनुद्दीन अंसारी, हाजी अयूब अली और अमर नाथ की इस तरह के कामों में जुड़े रहने की सराहना की।



# भगवान के गुणों का श्रवण करें, वही भक्ति है : पंडित पवन कृष्ण गौतम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार संध्या को जोगार्स पार्क गोलमुरी स्थित विजय नगर मैदान में भागवत कथा आरंभ हुई। आयोजन के दूसरे दिन पंडित पवन कृष्ण गौतम ने श्री कुसुम मधुबन बिहारी गौ सेवा संस्थान द्वारा आयोजित भागवत कथा में आए सभी देवीयो और सज्जनों के समक्ष कथा प्रारंभ करते हुए कहा कि वैसे सत्य को बारंबार प्रणाम करते है, जो समस्त ब्रह्माण्ड में अधर्म का नाश किया हो कुरीति कुमति का सर्वनाश किया हो वैसे ब्रह्मांड नायक को बार बार प्रणाम है। यक्ष ने पहला प्रश्न किया कि आखिर मानव का धर्म क्या है और दूसरा प्रश्न भगवान के कितने अवतार हुए साथ ही यह बताइए कि भगवान कौन से अवतार में कौन सा लीला किये। सूत महराज ने जबाव देते हुए बताया कि भागवत कथा में अमृत का रस है और भागवत सुनने के लिए नहीं बल्कि भागवत तो पीने के लिए है इसलिए इसका रसपान कीजिए आनंदित रहिए, सूत महराज ने कहा कि गंगा में डुबकी लगाने से पाप नहीं धुलते है बल्कि भागवत कथा में रसपान करने से पाप धुलते हैं।



# एक्सआईटीई के स्वयंसेवकों ने किया पिंडराबेड़ा पंचायत का सर्वे, चलाया स्वच्छता अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**गम्हरिया।** एक्सआईटीई कॉलेज गम्हरिया के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की ओर से उन्नत भारत अभियान के तहत प्रखंड के पिंडराबेड़ा पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान एनएसएस विभाग के स्वयंसेवकों द्वारा गांव का सर्वे किया गया।



मौके पर पंचायत की मुखिया सुकमति मार्डी ने बताया कि पंचायत में एक प्राइमरी स्कूल, एक मिडिल स्कूल, दो आंगनबाड़ी केंद्र तथा एक स्वास्थ्य उपकेंद्र है। इन सभी स्थानों का वार्ड सदस्य गोरखा हेंब्रम के साथ एनएसएस अधिकारी नवल नारायण चौधरी द्वारा 15 स्वयंसेवकों के माध्यम से सर्वे कराया गया। इस दौरान समाजसेवी उदय मार्डी भी मौजूद रहे। स्वयंसेवकों ने आंगनबाड़ी केंद्र में भी स्वच्छता अभियान चलाया।

# जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने टोडो एफसी को 10-0 से हराया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** चार गोल करने वाले जुआला की अगुआई में जमशेदपुर एफसी रिजर्व्स ने रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग के क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 दिसंबर को शिलांग के एमएफए ग्राउंड में टोडो एफसी को 10-0 से हरा दिया। इस जीत ने जमशेदपुर को तालिका में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जबकि क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन में एक और मैच खेला जाना है।

रेड माइनर्स ने शुरुआत में ही लय बना ली, कार्तिक ने 5वें मिनट में पुइया के कॉर्नर से गोल करके स्कोरिंग की शुरूआत की। पुइया ने 10वें मिनट में जुआला के पास से गोल करके बढ़त दोगुनी कर दी। सात मिनट बाद पुइया ने फिर से गोल किया और मिडफील्ड में रोहन के नियंत्रण से शुरू हुए मूव को फिनिश किया।



जमशेदपुर ने अपना दबदबा जारी रखा। 36वें मिनट में जुआला ने अपना खाता खोला, जिसमें एमजार्ड ने असिस्ट की और हाफटाइम तक स्कोर 4-0 हो गया। दूसरा हाफ और भी एकतरफा रहा, जिसमें जमशेदपुर ने अपना आक्रामक प्रदर्शन जारी रखा। रेमसन ने 52वें मिनट में पांचवां गोल किया, उसके बाद 56वें मिनट में जुआला ने दूसरा गोल किया। 62वें मिनट में बियान ने शानदार गोल करके खेल में अपना योगदान दिया और 88वें मिनट में जुआला ने स्टॉपेज टाइम में अपना चौथा गोल करने से पहले अपनी हैट्रिक पूरी की। बियान ने अंतिम क्षणों में गोल करके स्कोर और आगे बढ़ाया।

टोडो एफसी को जमशेदपुर के लगातार हमलों को रोकने में संघर्ष करना पड़ा और वे पूरे खेल के दौरान केवल एक ही शॉट लक्ष्य पर लगा पाए। रेड माइनर्स की डिफेंस लाइन मजबूत रही, जिसने टोडो को आगे बढ़ने का कोई मौका नहीं दिया। इस शानदार जीत के साथ, जमशेदपुर एफसी रिजर्व तालिका में शीर्ष पर है, जिसने क्षेत्रीय दौर के लिए क्वालीफिकेशन के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। जमशेदपुर एफसी अपना अगला मैच 13 दिसंबर को फुटबॉल 4 चेंज अकादमी के खिलाफ खेलेगी।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम ने लाल गेंद से किया अभ्यास

एजेंसी

**एडिलेड।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट में मिली 10 विकेट से हार के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली की अगुआई में भारतीय बल्लेबाजों ने लाल गेंद से अभ्यास किया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन में 14 दिसंबर से तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट महज ढाई दिन में ही खत्म हो गया था, इसलिए भारत के पास तैयारी के लिए अतिरिक्त समय है। भारत को बुधवार को ब्रिसबेन पहुंचना है।



**भारत ने तकनीक पर दिया ध्यान**

भारत ने भी इस समय का उपयोग किया और मंगलवार को अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिससे वो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अन्य मैचों में वापसी कर सके। आस्ट्रेलियाई टीम शनिवार से होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए ब्रिसबेन चली गई है, लेकिन भारत ने एडिलेड में लाल गेंद से अभ्यास का फैसला किया है। भारतीय टीम ने अपनी रक्षात्मक तकनीक और गेंदों को छोड़ने पर ध्यान दिया। बीसीसीआइ ने टीम के अभ्यास का वीडियो एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, अब आगे के बारे में सोचने का समय है। ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारी एडिलेड में शुरू हो चुकी है।

**नेट्स पर रोहित ने किया अभ्यास**

खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित पिछली 12 पारियों में एक अर्धशतक (52) के साथ सिर्फ 142 रन बना पाए हैं। वह अपने बेटे के जन्म के कारण पहले टेस्ट में नहीं खेल पाए थे और मंगलवार को उन्होंने भारतीय स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनों का सामना करते हुए जल्द से जल्द लय हासिल करने का लक्ष्य रखा। दूसरे टेस्ट में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे रोहित ने दो पारियों तीन और छह रन बनाए। वह पहली पारी में एलबीडब्ल्यू हुए, जबकि दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने उन्हें बोल्ड किया।

**कोहली ने भी बहाया पसीना**

पर्थ में पहले टेस्ट में शतक के साथ 16 महीने के शतक के सूखे को समाप्त करने वाले कोहली पिंक बॉल टेस्ट में दोनों पारियों में विकेट के पीछे आउट हुए। उन्होंने पहली पारी में दूसरी स्लिप, जबकि दूसरी पारी में विकेटकीपर को कैच थमाया। स्टार भारतीय बल्लेबाज कोहली ने पूरे जज्बे के साथ अभ्यास किया। उन्होंने नेट सत्र की शुरूआत में सावधानी बरती लेकिन फिर धीरे-धीरे लय में आ गए।

**राहुल-पंत ने भी नेट्स पर बिताया समय**

लोकेश राहुल शांत दिखे। उन्होंने अपने डिफेंस पर अधिक ध्यान दिया, जबकि ऋषभ पंत ने कुछ पिक अप शॉट खेले। शुरूआती टेस्ट में भारत की 295 रन की विशाल जीत में 161 रन की पारी खेलने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और भारतीय गेंदबाजों के सामने भी आक्रामक रुख अपनाया। गेंदबाजी में हर्षित राणा, आकाश दीप, यश दयाल, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर की स्पिन तिकड़ी शामिल थी, जबकि कुछ थ्रोडाउन विशेषज्ञ भी थे। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की प्रमुख भारतीय तेज गेंदबाजी जोड़ी के साथ-साथ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी ने अधिक पसीना नहीं बहाया।



## आइसीसी टेस्ट रैंकिंग: नंबर वन बल्लेबाज बने हैरी ब्रूक, गेंदबाजों में बुमराह शीर्ष पर बरकरार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हैरी ब्रूक ने बुधवार को जो रूट को पछाड़कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं गेंदबाजों की सूची में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं। आइसीसी ने एक बयान में कहा, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बदलाव हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सितारों ने अद्यतन सूची में बड़ी बढ़त हासिल की है। पिछले हफ्ते वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आठवें टेस्ट शतक के दम पर ब्रूक ने रूट को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया, इंग्लैंड के दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अब रैंकिंग में रूट पर एक अंक की बढ़त बना ली है। ब्रूक के कुल 898 रेटिंग अंक हैं, जबकि रूट के 897 अंक हैं। रूट ने इस साल जुलाई में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था और अपने शानदार करियर में कुल नौ बार पहले स्थान पर रहे हैं। ब्रूक ने बेसिन रिजर्व में ब्लैक कैप्स पर इंग्लैंड की 323 रनों की प्रभावशाली जीत के दौरान 123 और 55 रन बनाए। आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टार ट्रैविस हेड छह पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर और



दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। पूर्व नंबर 1 रैंक वाले बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन तीन पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज दिनेश चांदीमल (दो पायदान ऊपर 15वें स्थान पर) और दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर काइल वेरिन (15 पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) भी टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में ऊपर चढ़े हैं। टेस्ट गेंदबाजों की सूची में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी एक स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर हैं। मिशेल स्टार्क (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर), क्रिस वोक्स (दो स्थान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर) और गस एटकिंसन (चार स्थान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (चार स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर) शीर्ष 20 में वापस आ गए हैं। भारत के स्पिनर रवींद्र जडेजा ऑलराउंडरों की टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 पर बने हुए हैं।

वनडे रैंकिंग में वेस्टइंडीज के दो खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले दो मैचों के बाद बढ़त हासिल की है। शाई होप बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं और उनके साथी गुडाकेश मोती गेंदबाजों की सूची में चार स्थान की छलांग के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अपडेट की गई टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में पाकिस्तान के लिए भी कुछ खुशी है, कप्तान मोहम्मद रिजवान बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग के साथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी गेंदबाजों की सूची में छह स्थान की छलांग के साथ 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : वेंकटेश अय्यर के हरफनमौला प्रदर्शन से मध्य प्रदेश सेफा में

एजेंसी

**अलूर (कर्नाटक)।** हरप्रीत सिंह और वेंकटेश अय्यर की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मध्य प्रदेश ने अलूर में सौराष्ट्र को चार गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर 2010-11 के बाद पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में मध्य प्रदेश ने 19.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी वेंकटेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 38 रन बनाए, इसके अलावा उन्होंने तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। दूसरी तरफ हरप्रीत ने नौ गेंदों पर आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 22 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मध्य प्रदेश के लिए अर्पित गौड़ (29 गेंदों पर 42 रन), सुभ्रांशु सेनापति (16 गेंदों पर 24 रन) और कप्तान रजत पाटीदार (18 गेंदों पर 28 रन) ने भी मध्य प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, सौराष्ट्र के लिए चिराग जानी ने 45 गेंदों पर नाबाद 80 रन बनाए। जानी ने अपनी पारी में आठ चौके और चार छक्के लगाए। उन्होंने सौराष्ट्र के लिए आखिरी तीन ओवरों में 45 रन जोड़े। एक समय 36 गेंदों पर 54 रन बनाने वाले गोहिल ने 18वें ओवर से दो चौके और एक छक्का लगाया। चिराग के अलावा हार्विक देसाई और जय गोहिल ने 17-17 रन बनाए, जबकि प्रेरक मांकड ने 16 और विश्वराज जडेजा ने 15 रन बनाए।

### रहाणे का चौथा अर्धशतक, मुंबई सेमीफाइनल में

एजेंसी

**अलूर।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे अजिंक्य रहाणे के तूफानी अर्धशतक से मुंबई ने बुधवार को यहां विदर्भ को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली टी20 क्रिकेट टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 221 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में मुंबई ने रहाणे की 45 गेंद में 10 चौकों और 3 छक्कों से 84 रन की पारी की बदौलत 19.2 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर जीत दर्ज की। रहाणे और पृथ्वी साव (26 गेंद में 49 रन, 5 चौके, 4 छक्के) ने पहले विकेट के लिए 7 ओवर में 83 रन जोड़कर मुंबई को शानदार शुरूआत दिलाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज दीपेश परवानी ने पृथ्वी को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान श्रेयस अय्यर (05) और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (09) ने जल्दी पवेलियन लौटे जिससे मुंबई का स्कोर 11.1 ओवर में तीन विकेट पर 118 रन हो गया। टीम को अंतिम आठ ओवर में जीत के लिए 104 रन की दरकार थी। रहाणे पारी के 16वें ओवर में 157 रन के स्कोर पर पवेलियन लौटे । भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दुबे (22 गेंद में नाबाद 37, एक चौका, 2 छक्के) और सुयांश शेडगे (12 गेंद में नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) ने इसके बाद चार से कुछ अधिक ओवर में 67 रन की साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले विदर्भ के लिए अथर्व ताइडे (41 गेंद में 66 रन, 10 चौके, एक छक्का) और अपूर्व वानखेड़े (33 गेंद में 51 रन, 2 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़े जबकि शुभम दुबे ने 19 गेंद में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 43 रन की उपयोगी पारी खेली।



**दिल्ली भी अंतिम चार में**

दूसरी तरफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने उत्तर प्रदेश को 19 रन से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। दिल्ली ने अनुज रावत (33 गेंद में 73 रन, सात चौके, पांच छक्के) के अर्धशतक के अलावा प्रियांश रोड़ा (44) और यश धुल (42) की उपयोगी पारियों से तीन विकेट पर 193 रन बनाए। इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 174 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से प्रियम गर्ग ने सर्वाधिक 54 रन बनाए लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त साथ नहीं मिला। अब मुंबई की टीम शुक्रवार को होने वाले सेमीफाइनल में बड़ौदा से भिड़ेगी जबकि इसी दिन दिल्ली को मध्य प्रदेश का सामना करना है।

### बंगाल को 41 रनों से शिकस्त देकर बड़ौदा सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु।** शाश्वत रावत (40), अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत (37) के बाद लुकमन मेरीवाला, हार्दिक पंड्या और अतीत शेठ के (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बड़ौदा ने बुधवार को पहले क्वार्टर फाइनल में बंगाल को 41 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉकी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं। बड़ौदा के 172 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 31 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। करण लाल (छह), कप्तान सुदीप कुमार घरामी (दो), ऋतिक चटर्जी (शून्य) और अभिषेक पोरेल (22)रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद ऋतविक रॉय चौधरी और शाहबाज अहमद ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने ऋतविक रॉय चौधरी (29) को आउट कर बड़ौदा के लिये चौथा विकेट झटका। इसके बाद तो बड़ौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बंगाल का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। प्रदीप्त प्रमाणिक (तीन), सक्षम चौधरी (सात), मोहम्मद शमी (शून्य) और सायन घोष (शून्य) पर आउट हुये। शाहबाज अहमद ने 36 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली। बड़ौदा के गेंदबाजों ने बंगाल की पूरी टीम को 18 ओवरों में 131 रन पर समेट कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बड़ौदा की ओर से लुकमन मेरीवाला, हार्दिक पंड्या और अतीत शेठ के (तीन-तीन विकेट) लिये।

## मंधाना के शतक के बावजूद हारा भारत, ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज 3-0 से जीती

एजेंसी

**पर्थ।** सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के शतक के बावजूद भारत को तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 83 रन की हार के साथ 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। अरुंधति रेड्डी (26 रन पर 4 विकेट) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने वाका पर आस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 78 रन कर दिया था लेकिन अनाबेल सदरलैंड (95 गेंद में 110 रन, 9 चौके, 4 छक्के) के शतक से मेजबान टीम छह विकेट पर 298 रन का बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। सदरलैंड ने एशलेग गार्डनर (50) के साथ 5वें विकेट के लिए 96 और कप्तान तहलिया मैकग्रा (56) के साथ छठे विकेट के लिए 122 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में भारतीय



टीम मंधाना की 109 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के से 105 रन की पारी के बावजूद 45.1 ओवर में 215 रन पर सिमट गई। जब तक स्मृति क्रीज पर थी तब तक भारत की जीत की उम्मीद बंधी हुई थी लेकिन उनके आउट होने के साथ मेहमान टीम की सांत्वना जीत दर्ज करने की उम्मीद भी टूट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ऑफ स्पिनर एशलेग ने 30 रन देकर पांच विकेट चटकाए। लेग स्पिनर एलेना किंग ने भी 27 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मंधाना को दूसरे छोर पर अन्य बल्लेबाजों से समर्थन नहीं मिला। एलेना ने हरलीन देओल (64 गेंद में 39 रन) को अपनी ही गेंद पर लपककर मंधाना के साथ उनकी दूसरे विकेट की 118 रन की साझेदारी का अंत किया जिसके बाद टीम ने लगातार विकेट गंवाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने पांचवें ओवर में ही रिचा घोष (02) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मेगान शूट ने बोल्ड किया। टीम को कप्तान हरमनप्रीत कौर (22 गेंद में 12 रन) और जेमिमा रोड्रिग्ज (11 गेंद में 16 रन) से काफी उम्मीदें थी लेकिन इन दोनों ने निराश किया। सीनियर बल्लेबाज दीप्ति शर्मा भी खाता खोलने में नाकाम रहीं। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद फोएबे लिचफील्ड (25) और जॉर्जिया वोल (26) ने पहले विकेट के लिए 10.1 ओवर में 58 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई।

### 13वें राउंड के बाद डिंग लिरेन ने गुकेश को बराबरी पर रोका, सीरीज 6.5-6.5 से बराबर

**नयी दिल्ली।** खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर भारत के डी. गुकेश ने सिंगापुर के रिजॉर्ट वर्ल्ड सेंटोसा में चल रहे विश्व शतरंज चैम्पियनशिप 2024 में बुधवार को मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन चीनी ग्रैंड मास्टर ने अपना सर्वश्रेष्ठ रक्षात्मक खेल दिखाया और 13वें गेम में गुकेश को बराबरी पर रोक दिया। 13 राउंड के बाद स्कोरलाइन 6.5-6.5 से बराबर है और इस चैंपियनशिप में केवल एक और गेम शेष है। गुकेश ने e4 से शुरूआत की और डिंग ने फ्रेंच डिफेंस गेम खेलने के लिए e6 से जवाब दिया। इससे पहले सोमवार को, डिंग ने गुकेश को सफेद मोहरों से हराया जिससे उन्हें विश्व चैम्पियनशिप श्रृंखला में बराबरी हासिल करने में मदद मिली। डिंग के पास गुरुवार को आखिरी बार सफेद मोहरे होंगे। यदि चैंपियनशिप 14 राउंड के बाद टाई हो जाती है, तो यह गेम टाई-ब्रेक में छोटे समय के प्रारूप में चली जाएगी।

### त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद को रोमांचक मुकाबले में विश्व नंबर वन जोड़ी से मिली हार


**हांगझोउ।** त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी को बुधवार को ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल 2024 में महिला युगल के अपने पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। आज यहां चीन के हांगझोउ में पहली बार इस टूनार्मेंट में खेल रही भारतीय जोड़ी को टोक्यो ओलंपिक 2024 की रजत पदक लियू शेंग शु और तन निंग से 22-20, 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## एचआइएल जैसी लीग में खेलने का सपना देखा करती थी: वंदना

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम में करीब 15 साल के कठिन सफर के बाद, वंदना कटारिया इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने की कगार पर हैं क्योंकि वह अगले साल की शुरूआत में उद्घाटन महिला हॉकी इंडिया लीग में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के लिए मैदान में उतरने के लिए खुद को तैयार कर रही हैं। वंदना ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हमारे लिए यह बहुत बड़ी बात है कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है। शिविर में उत्साह है क्योंकि सभी खिलाड़ी इस अनुभव का आनंद लेने और उच्च स्तर पर हॉकी खेलने के लिए उत्सुक हैं। हम सभी उम्मीद कर रहे हैं कि महिला एचआइएल एक बड़ी सफलता होगी और पुरुषों की एचआइएल जितनी ही चर्चा बटोरेगी। और हम बेहद उत्साहित हैं और इसे संभव बनाने के लिए हॉकी इंडिया का जितना धन्यवाद करें, कम है। वंदना भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 317 मैच खेल चुकी हैं और इस दौरान उन्होंने 158 गोल किए हैं। वह उस टीम का भी अहम हिस्सा थीं, जिसने तमाम मुश्किलों के बावजूद टोक्यो 2022 ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल किया। फिर भी, एचआइएल में खेलने के विचार ने उनके अंदर जोश भर दिया और वंदना इसका श्रेय एचआइएल के भारतीय पुरुष हॉकी टीम पर पड़ने वाले प्रभाव को देती हैं। वंदना ने बताया, पिछले संस्करणों में, पुरुष टीम को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ घुलने-मिलने, उनके आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने का मौका मिला और जैसा कि सभी देख सकते हैं, इससे टीम को काफी मदद मिली है और वे अब लगातार पदक जीत रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि इस साल जब महिला एचआइएल चार टीमों के साथ शुरू होगी, तो भी यही प्रभाव होगा। यह उन खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा अवसर होगा, जो राष्ट्रीय शिविर में अपनी क्षमता दिखाने और विभिन्न कोचों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने में विफल रहे। इससे भारतीय महिला हॉकी टीम में आने वाली प्रतिभाओं के बेल्ट को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, जब पहले एचआइएल पुरुषों के लिए चल रहा था, तो मैं उन मैचों को देखती थी और सपना देखता थी कि मैं एक दिन इस तरह की लीग में खेलूंगी। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि यह अब हकीकत है और हम लीग शुरू होने में बस एक महीने से ज्यादा समय दूर हैं। महिला टीम इसे अपनी क्षमता दिखाने के अवसर के रूप में देख रही है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने से निस्संदेह हमारे प्रदर्शन और आत्मविश्वास में सुधार होगा। वंदना के अलावा, श्राची रार बंगाल टाइगर्स में उदिता, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, महिमा चौधरी और सुशीला चानू जैसी मजबूत भारतीय कोर है। वह ओलंपिक कांस्य पदक विजेता फियोना क्रैकल्स और ऑस्ट्रेलिया की तीन बार की ओलंपियन ग्रेस स्टीवर्ट के साथ ड्रेसिंग रूम भी साझा करेंगी। उनकी टीम में ज्योति एडुला, मुमुनी दास और लालरिनपुई जैसी कुछ युवा भारतीय संभावनायें भी हैं। 32 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, महिला एचआइएल मेरे लिए अपनी क्षमताओं को दिखाने का एक मौका है ताकि मैं भारतीय टीम में अपनी जगह बनाए रख सकूं, लेकिन एक फॉरवर्ड के रूप में, मैं टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ अच्छा तालमेल बनाने पर भी ध्यान केंद्रित करूंगी। लीग कुछ खिलाड़ियों को उनके खोल से बाहर निकालकर उन्हें अधिक सहज बनाने के लिए भी बाध्य करती है। यह अनुभव अंतरराष्ट्रीय और भारतीय दोनों ही तरह के सभी खिलाड़ियों के लिए सुधार के क्षेत्रों पर भी प्रकाश डालेगा। उन साथियों के खिलाफ खेलना भी दिलचस्प होगा जो आपको सालों से जानते हैं और आपकी सभी आदतों से वाकिफ हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम एक अच्छा टीम प्रदर्शन करना चाहेंगे, पूरे सीजन में सुधार करेंगे और लीग जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।





# सांसद पप्पू ने रेलवे कनेक्टिविटी और बंद ट्रेनों को लेकर केंद्र सरकार से की मांग

एजेंसी



**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आज लोकसभा के प्रश्नकाल के दौरान रेलवे कनेक्टिविटी और कोरोना के समय बंद की गई पैसेंजर ट्रेनों के परिचालन को फिर से शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के बाद बिहार में एक भी पैसेंजर ट्रेन पुनः चालू नहीं की गई है। सांसद ने कहा कि बिहार के कोसी-सीमांचल क्षेत्र, जो हर साल बाढ़ की चपेट में आता है, वहां रेलवे कनेक्टिविटी बेहद सीमित है। उन्होंने विशेष रूप से कुसेर्ला- बिहारीगंज- भीमनगर, शिवहर- सीतामढ़ी, और बोधगया-राजगीर-वैशाली जैसी महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का जिक्र किया, जिन पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। सांसद ने बताया कि कुसेर्ला-बिहारीगंज-भीमनगर रेल परियोजना के लिए घोषित 190 करोड़ रुपये अब तक जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इन रेल लाइनों पर कार्य तुरंत शुरू किया जाए, क्योंकि बिहार का आधार पर्यटन और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का विकास है। रेल मंत्री अश्विन वैष्णव ने सांसद पप्पू यादव की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उनकी रेलवे के क्षेत्र में गहरी समझ की सराहना की। मंत्री ने कहा, आप रेलवे के अच्छे जानकार हैं। कृपया और भी बेहतर सुझाव दें। हम आपके साथ मिलकर बिहार को मजबूत और सशक्त बनाएंगे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष के चुनाव को लेकर झड़प

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कदवा गांव में उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति के चयन को लेकर इस विद्यालय में लगातार तीसरी बार भी विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन नहीं हो पाया। बताते चलें कि चिट्ठी के अनुसार पूर्व में जो सदस्य एवं अध्यक्ष बन चुके हैं, वैसे लोगों को नहीं चुनना है। प्रबंधन समिति का गठन करने के लिए धुरकी प्रखंड के बीआरसी से प्रेक्षक गुलाम सरवर एवं प्रकाश मिश्र, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव वहीं धुरकी थाना के एएसआई अजय कुमार के मौजूदगी में प्रबंधन समिति का चयन को लेकर विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता से चयन करने की बात आई तो पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने प्रेक्षक को गाली गलौज देने लगे। धुरकी बीआरसी से भगाने की भी धमकी देने लगा। जबकि प्रेक्षक गुलाम सरवर ने बताया कि जो प्रबंधन समिति का सदस्य पूर्व से इस विद्यालय में हैं वैसे व्यक्ति को चयन नहीं करना है। अभिभावक ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य अंधेरे में धकेलने का काम कर रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### राजद सुप्रीमो के बयान पर जदयू महिला प्रकोष्ठ का प्रतिरोध मार्च

**पटना।** बिहार प्रदेश जदयू महिला प्रकोष्ठ ने राजद सुप्रीमो के बयान विरोध में बुधवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय, पटना से इनकम टैक्स चैराहा तक प्रतिरोध मार्च निकाला। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलायें इसमें शामिल हुई एवं लालू प्रसाद यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भारती मेहता ने कहा कि 7 बेटियों के पिता लालू प्रसाद यादव के महिला संवाद यात्रा के संबंध में दिये गये अपमानजनक बयान से बिहार की बेटियां आहत हैं। लालू को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। उनके बयान से महिलाओं के प्रति राजद की असली सोच उजागर हुई और प्रदेश की महिलायें किसी भी सूरत में इसे बर्दाश्त नहीं करेंगी। चुनाव दर चुनाव में प्रदेश की महिलाओं द्वारा नकारे जाने की पीड़ा और बेचैनी में अब लालू प्रसाद यादव महिलाओं का सम्मान करना तक भूल चुके हैं। इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा, प्रदेश महासचिव किरण रंजन, प्रदेश सचिव रीना चौधरी और नेहा निसार सैफी सहित प्रकोष्ठ की कई पदाधिकारी एवं कार्यक्रता मौजूद रहीं।

### मनरेगा कार्यालय हमेशा बंद रहने पर ग्रामीण मजदूरों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

**सहरसा।** जिले के बनमा ईटहरी प्रखंड के मनरेगा कार्यालय पर बुधवार को काम मांगने पहुंचे जमालनगर पंचायत के करीब आधे दर्जन मजदूरों ने मनरेगा कार्यालय को बंद देखकर आक्रोशित होकर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और कार्यालय से अनुपस्थित मनरेगा कर्मी के विरोध में लिखित आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को देकर उचित कार्यवाही की मांग की। जमालनगर पंचायत के लालपुर गांव निवासी प्रदर्शनकारी मजदूर सुमित्रा देवी ने बताया कि नौ माह पूर्व पंचायत रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार से 82 मजदूरों द्वारा काम मांगा गया था और कुछ नए मजदूरों का जॉब कार्ड बनाने को कहा गया। लंबे समय बीतने के बाद जब मजदूर को काम नहीं मिला तो बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच गए लेकिन कार्यालय में ताला बंद देखकर भड़क कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। मजदूरों ने बीडीओ को पीआरएस और पीओ के विरोध में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। आवेदन में कहा है कि जन जागरण शक्ति संगठन की ओर से 82 मजदूरों को काम देने के लिए मार्च 2024 को आवेदन पीआरएस को दिया था लेकिन 9 माह बीतने के बाव्द न तो मजदूरों को काम दिया गया न ही नई जॉब कार्ड बनाया गया, जिसकी शिकायत कार्यक्रम पदाधिकारी बनमा ईटहरी से भी किया गया था लेकिन पीओ द्वारा टाल मटोल किया जाता रहा। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूर होने के कारण मजदूर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाकर वापस चला जाता है, क्योंकि हर दिन मनरेगा कार्यालय बंद रहता है। मनरेगा का कार्यालय जिला मुख्यालय स्थित बंफर चौक पर चलाया जाता है, जहां योजना के संलिप्त बिचौलिए ही पहुच पाते हैं। आम मजदूर को पहुंचना टेठी खीर है।चुकी एक व्यक्ति को जिला पहुंचने में करीब डेढ़ सौ रुपए किराए पर खर्च होता है।

### लालू यादव के बयान से आधी आबादी आहत: श्रवण कुमार

**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने महिला संवाद यात्रा को लेकर लालू प्रसाद यादव के दिए गए बयान को अशोभनीय और निंदनीय करार दिया। मंत्री ने जदयू कार्यालय में बुधवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू प्रसाद यादव की ओछी टिप्पणी से प्रदेश सहित पूरे देशभर की आधी आबादी का अपमान हुआ है और महिलायें कभी उन्हें माफ नहीं करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक है। इसलिए विपक्षी गठबंधन में दबाव की राजनीति चल रही है। भवन निर्माण मंत्री जयंत राज ने कहा कि महागठबंधन में शह-मात का खेल चल रहा है। सत्ता की महत्वाकांक्षा में सभी घटक दल एक-दूसरे की पैर खींच रहे हैं और प्रदेश की जनता भी उनके इस खेल को बखूबी समझ रही है। वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में सफाया होना तय है।

### रोहतास में सड़क दुर्घटना में भाई-बहन की मौत

**सासाराम।** बिहार में रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र में बुधवार को सड़क दुर्घटना में भाई–बहन की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि खुरमाबाद गांव निवासी सैयद हसन (18)अपनी बहन को बाइक से स्कूल छोड़ने जा रहा था।इसी दौरान जीटी रोड स्थित टेकरी ओवर ब्रिज पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में भाई–बहन की मौत हो गई।

### सारण : रेस्टोरेंट में छापामारी कर आपत्तिजनक सामग्री तथा शराब बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट में छापामारी कर आपत्तिजनक सामग्री एवं शराब बरामद की गयी है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि दिल्ली से आयी एक रेस्क्यू टीम ने पुलिस अधीक्षक (यातायात) बसंती टूडू के साथ मिलकर डुमरसन बाजार स्थित लखनपुर गोलम्बर के समीप नित्या फैमली एवं औगौरा रेस्टोरेंट में यह छापेमारी की। अवैध गतिविधि की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। छापामारी में मिशन मुक्ति फाउंडेशन की टीम दिल्ली के विरेन्द्र कुमार सिंह, अक्षय पांडेय, नारायणी सेवा संस्थान के अखिलेंद्र सिंह, सारण ट्रैफिक डीएसपी समेत भारी पुलिस बल मौजूद थी।

## दिनेश कॉलेज में भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का समापन



उपस्थित प्रशिक्षक व प्रशिक्षणार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्षा में बुधवार को दो दिवसीय भारतीय भाषा दिवस कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में बीएड एवं डीएलएड के विभिन्न प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने चार्ट और मॉडल के माध्यम से भारत के विभिन्न क्षेत्रों के भाषा एवं भाषायी विभिन्नता इत्यादि को प्रस्तुत किया। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया और कहा कि किसी मनुष्य की पहचान उसकी भाषा से ही होती है। सहायक प्राध्यापक जनार्दन शुक्ला ने भारतीय भाषा के महत्व को बताया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु अमृता, अंजलि, मिथिलेश, शुभम, शाहिद, नेहा, सुप्रिया, श्वेता, संदीप इत्यादि ने शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर सहायक प्राध्यापको में अरविंद तिवारी, शशिकांत सिंह यादव, जनार्दन, आनंद कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

## सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूरा करने को लेकर बीडीओ ने की बैठक



बैठक करते बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव/बरडीहा।** बरडीहा बीडीओ सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने सरकार के महत्वाकांक्षी एवं जानोपयोगी योजनाओं की वृहद समीक्षा को लेकर पंचायत सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और मईंयां सम्मान योजना की वृहद समीक्षा की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास की धीमी प्रगति होने के कारण पंचायत सचिवों को स्पष्टीकरण निर्गत किया। इसके अलावा ब्लक को-आर्डिनेटर रशीद अंसारी को भी स्पष्टीकरण निर्गत करते हुए दो दिनों के अंदर सभी लंबित रजिस्ट्रेशन और सैंक्शन योजनाओं को शून्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जिस लाभुक का योजना सैंक्शन हो गया है उन लोगों को यथाशीघ्र पहले किस्त कि राशि उपलब कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जानोपयोगी योजना में यदि विलंब पाया गया तो इसे भ्रष्टाचार माना जाएगा। कहा की वर्तमान में मईंयां सम्मान योजना में बरडीहा प्रखंड में अभी भी 1400 लाभुकों का आवेदन पंचायत सचिवों के पास सत्यापन के लिए लंबित हैं। इसे एक सप्ताह के अंदर सत्यापित करने का निर्देश दिया। साथ ही मईंयां सम्मान योजना के लाभुकों के सभी अभिलेख सुरक्षित रखने के निर्देश दिया। साथ ही मईंयां सम्मान योजना के लाभुकों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

## नाबालिग लड़की को विशेष समुदाय के युवक ने भगाया, प्राथमिकी दर्ज

**मझिआंव।** थाना अंतर्गत पुरहे पंचायत क्षेत्र से एक 17 वर्षीया नाबालिग लड़की अर्चना कुमारी (काल्पनिक नाम) को विशेष समुदाय के एक युवक के द्वारा भगा कर ले जाने का आरोप लड़की की मां ने लगाई है। वहीं मां के लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस ने थाना कांड संख्या 121/2024 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की। अर्चना कुमारी की मां ने लिखित आवेदन के माध्यम से बताई है कि 9 दिसंबर को समय करीब 1:00 बजे रात्रि में मेरी बेटी जिसका रंग गोरा लंबाई लगभग 5 फीट और शरीर का बनावट मोटापा है। लड़की उजाला सूट काला पजामे पर में जुती पहनी हुई है जो घर से बिना कहे पुछे चली गई है। जबकि मेरी लड़की मोहम्मद आलम जो पिता का नाम मालूम नहीं है ग्राम प्रतिहारी, थाना बिशनपुरा (नगर) गढ़वा निवासी के साथ पहले से ही बात विचार करते रहती थी। मेरे घर में मोबाइल था फिर भी मोबाइल को छुपा कर रखी थी मेरे पति के पास मोबाइल था जिसका नंबर है। जबकि पूर्व में मोहम्मद आलम के साथ कहीं चली गई थी मुझे पूरा शक है कि इस लड़का के साथ मेरी बेटी गई है। इधर परिजनों से ही मिली जानकारी के अनुसार लड़की का कहना था कि जब पहले भागी तो मैं उक्त लड़के के साथ निकाह कर ली हूं। इसलिए हम सबों का शक है कि वह लड़की उसी के साथ जाकर रह रही है। इसलिए न्याय के लिए गुहार लगा रही हूं। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि लड़की के मां के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर 10 दिसंबर को प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच प्रक्रिया के साथ लड़की की खोजबीन किया जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम का निर्देश

**अररिया।** समाहरणालय परिसर में डीएम अनिल कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें कुहासा को लेकर दुर्घटना से बचाव को लेकर सभी थानाध्यक्ष एवं टोल प्लाजा के प्रबंधक को डीएम द्वारा निर्देश दिया गया है कि टोल पार करते वक्त वैसे सभी वाहन जिनके आगे पीछे रेडियम रिफ्लेक्टर नहीं है, उस पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाया जाए। प्रायः ट्रैक्टर, टेंपो, ट्रक एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर नहीं होने के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। डीएम और एसपी ने मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक, ट्रैफिक डीएसपी, यातायात निरीक्षक एवं सभी थानाध्यक्ष को इसको कड़ाई से अनुपालन कराने हेतु निर्देश दिया गया। एनएचएआई, आरसीडी, ग्रामीण कार्य विभाग को सड़क पर साइनेज बोर्ड, व्हाइट स्ट्रिप्स एवं रिफ्लेक्टर को लगाने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही व्हाईट मार्किंग को नियमित रूप से साफ कराने हेतु डीएम द्वारा निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा जिले के अंदर सभी अवैध कट को चिन्हित कर लिया गया है। एनएचएआई,आरसीडी एवं सभी को अवैध कटों को बंद करने का भी बैठक में निर्देशित किया गया।

## भाषाएं अनेक भाव एक : सेक्रेटरी

### भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन




कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** रेहला स्थित एसबी पाण्डेय सनातन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में बुधवार को एक सप्ताह से चल रही भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सेक्रेटरी वीएनएस पिल्लई ने कहा कि महाकवि सुब्रामण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य सभी लोग सभी भाषाओं का सम्मान करें। भाषा अनेक है लेकिन भाव एक है। उन्होंने कहा कि लोगों को मतृभाषा के साथ-साथ अन्य भाषा का भी ज्ञान होना चाहिए। मौके पर प्रो. संजीव कुमार पाण्डेय, शशि कान्त पाण्डेय, आनंद यादव, गरिमा यादव, सत्यवती तिवारी, रुपेश तिवारी सहित काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

## जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



सम्मानित करते पदाधिकारी

**गढ़वा।** प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया करमटोली रांची के सभागार में फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में फेडरेशन 8 के सभी ग्रुप के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य ने भाग लिया। इस दौरान ग्रुप द्वारा पूरे साल किए गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। साथ ही नए वर्ष में पीड़ित मानवता की सेवा में पूरे दम खम से सेवा करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी, सेंट्रल कमेटी के सदस्य विनोद कपूर, अजयकांत पाठक, स्पेशल कमेटी के सदस्य डॉ हरे श्याम, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष केएस शोखी, एससी जैन, संतोष जैन, विनोद कमलापुरी, आरके चौधरी एवं एमपी केशरी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले सत्र में पास्ट प्रेसिडेंट फोरम की मीटिंग पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें चर्चा हुई कि पास्ट प्रेसिडेंट के अनुभव का लाभ सभी ग्रुप को कैसे मिले। बैठक के उपरान्त सभी ग्रुप को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा को परमानेंट प्रोजेक्ट हर महीना के तीसरे रविवार को ज्ञान निकेतन स्कूल में होने वाले हृदय जांच शिविर के लिये एवं जायन्ट्स सेवा सप्ताह पूरे सप्ताह सेवा कार्य के लिए बेस्ट प्रोजेक्ट का अवार्ड मिला। गढ़वा ग्रुप एवं ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता को प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवार्ड एवं मोमेंटो सहित कुल चार अवार्ड प्राप्त हुए। मौके पर विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहित सभी ग्रुप के द्वारा किये गए सेवा कार्यो की सराहना की। फेडरेशन एनुअल कॉन्फ्रेंस में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा से ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केशरी तथा फेडरेशन पास्ट प्रेसिडेंट फोरम के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता सहित पांच सदस्यों ने भाग लिया।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई घायल



घायल को अस्पताल पहुंचाते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना अंतर्गत मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क पर भंडरिया गांव के समीप नहर मोड़ पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर पुलिया में जा टकराया। मामला मंगलवार की देर रात की है। मोटरसाइकिल पर सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के सोनपुरवा निवासी सोहन कुमार मेहता एवं मनीष कुमार मेहता पिता उदय मेहता के रूप में की गई। ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस बुला कर दोनों भाई को रेफरल अस्पताल मझिआंव भेजा। जानकारी के अनुसार डॉ. वीर प्रताप सिंह ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल मनीष कुमार को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## ड्यूटी के लिए कहे जाने पर सीएचओ ने दिया ट्रांसफर का आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वास्थ्य उपकेंद्र

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के एक स्वास्थ्य उप केंद्र में पदस्थापित अाकिारी को ड्यूटी करने की जनता की गुजारिश बहुत नागवार गुजरी। इस कारण उन्होंने जिला के मुख्य चिकित्सा पदाकिारी सह सिविल सर्जन से अपना स्थानांतरण अन्यत्र कर दिए जाने की गुहार लगाई है। यह मामला कांडी प्रखंड क्षेत्र के औरा स्वास्थ्य उप केंद्र सह प्रसव केंद्र से जुड़ा हुआ है।

ज्ञात हो कि 36 पूर्व वर्ष 1988 में स्थापित इस स्वास्थ्य उपकेंद्र में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाकिारी-सीएचओ अनुराग लो का डेढ़ साल पहले पदस्थापन हुआ था। इसकी जानकारी ग्राम वासियों को संयोग वश उनके पदस्थापन के कई महीना के बाद कार्यालय सूत्रों से प्राप्त हुई थी। क्योंकि उनका एक दिन भी स्वास्थ्य केंद्र में आगमन नहीं हुआ था। बाद की अवाि में भी उपकेंद्र में ना जाकर एक दो बार सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में एवं लोकसभा, विाानसभा चुनाव के दौरान ही मतदान केंद्र पर कुछ समय के लिए उनके दर्शन हुए थे। हाल फिलहाल में स्वास्थ्य उपकेंद्र औरा में लगातार ताला लटके रहने की घटना सुर्खियां बनी।

इसके बाद विभाग ने केंद्र का ताला खोलने को लेकर पदस्थापित कर्मियों पर दबाव बनाया। जिसका नतीजा है कि करीब दो हफ्तों से ओपीडी अवाि में कुछ घंटे के लिए इस उप केंद्र का ताला खुलना शुरू हुआ। जो सामुदायिक स्वास्थ्य पदाकिारी को काफी नागवार गुजरा।

इस विषय में पदाकिारी की उपकेंद्र में अनुपस्थिति को लेकर जिला के मुख्य चिकित्सा पदाकिारी ड अशोक कुमार से बात की गई तो बताया गया कि सीएचओ ने अन्यत्र स्थानांतरण किए जाने का अनुरोा करते हुए उन्हें आवेदन समर्पित किया है। इसका मतलब यह हुआ कि सरकारी संस्थानों में पदस्थापित पदाकिारी व कर्मचारी अपने घर में बैठकर वेतन लेते रहें। लेकिन उनसे ड्यूटी करने की बात कोई नहीं कहे।

अगर ऐसा कहा जाएगा तो वह अपना ट्रांसफर करा कर वहां चले जाएंगे जहां उन्हें ड्यूटी नहीं करनी पड़े। लेकिन उनका वेतन नियमित रूप से भुगतान होता रहे। इस विषय में शिवपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिाि अरुण राम, वार्ड सदस्य लालती देवी, नजमा बीवी, इसराइल अंसारी, नंदकुमार राम, सुरेंद्र यादव सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि यह सरकारी संस्थान केवल ताला बंद रखने के लिए नहीं खुला है। अगर यही रवैया रहा तो वे लोग शीघ्र ही इसकी लिखित फरियाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से मिलकर करेंगे।

## एक पेज का शेष

### केंद्र से बकाया वसूली का कानूनी विकल्प

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में निबंधित सभी पत्रकारों के लिए प्रशिक्षण, बीमा और पेंशन का अधिकार सुनिश्चित किया जायेगा। राज्य में मदरसा बोर्ड का गठन किया जायेगा। अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड एवं उर्दू अकादमी का गठन किया जायेगा। सभी पात्र महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि के रूप में 2,500 रुपये हर महीने दिये जायेंगे। आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, रसोईया, पोषण सखी, स्वास्थ्य सहियाए जल सहिया आदि के मानदेय में हमारी सरकार ने सम्मानजनक वृद्धि की है। मानदेय में अन्य कर्मियों के अनुरूप वार्षिक वृद्धि की जायेगी।

**कई बड़ी घोषणाएं :**अपने अभिभाषण में राज्यपाल संतोष गंगवार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण देने सहित कई बड़ी घोषणाएं की। झामुमो ने चुनाव घोषणा पत्र में वादा किया था कि राज्य सरकार की हर नौकरी में 33 प्रतिशत आरक्षण देगी। उन्होंने कहा कि सरकार झारखंड में सभी विभागों में शीघ्र नियुक्तियां शुरू करेगी। किसानों को बिना ब्याज के कृषि ऋण मुहैया कराने को सरकार प्रतिबद्ध है। हो, मुंडारी, कुडुख व अन्य जनजातीय भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की पहल करेंगे। सरकार आदिवासी-मूलवासी को स्थानीय नीति बनाकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों में शत प्रतिशत आरक्षण देने को प्रतिबद्ध है। वर्षों से खासमहल एवं जमाबंदी की जमीन पर रह रहे परिवारों को मान सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने के साथ साथ गैरमजरूवा जमीन पर बसे रैयतों की भूमि जिसकी रजिस्ट्री और रसीद काटने पर 2017 में रोक लगा दी गयी थी, उसे प्रारंभ किया जायेगा।

### 26000 आचार्यों के रिजल्ट पर रोक

एक अन्य मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेपीएससी के अध्यक्ष के पद पर जल्द नियुक्ति करने का निर्देश दिया है। पवन कुमार की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने कहा कि जेपीएससी के अध्यक्ष का पद रिक्त होने की वजह से कई नियुक्तियों पर असर पड़ रहा है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि इस महत्वपूर्ण संस्था के अध्यक्ष का पद लगभग तीन महीने से रिक्त है। 11वीं से 13वीं जेपीएससी मेंस परीक्षा हो चुकी पर अध्यक्ष का पद खाली रहने की वजह से इंटरव्यू और रिजल्ट की प्रक्रिया बाधित हो रही है। जेपीएससी की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने कोर्ट को बताया कि अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है और जल्द की अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी जायेगी।

स्पीड न्यूज

### तकनीक कितनी ही बदल जाए पर अखबारों का कोई मुकाबला नहीं : रामबहादुर



**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय ने बुधवार को कहा कि लोगों तक समाचार पहुंचाने की तकनीक कितनी ही बदल जाए पर प्रकाशित अखबारों का फिलहाल कोई मुकाबला नहीं है। राय ने समाचारों की दुनिया में प्रौद्योगिकी के असर पर कहा कि आज जिस किसी के हाथ में मोबाइल है वह खबर लेने-देने का काम कर रहा है और एक तरह से पत्रकार हो गया है, लेकिन आज भी अखबार, पतला हो या मोटा, उसे पढ़ने का जो मजा है वह टीवी या मोबाइल के समाचार पढ़ने और देखने से नहीं मिलता।

### विश्व का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर ढाका

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बुधवार सुबह 9:10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 249 दर्ज किया गया। इस स्तर के साथ ढाका दुनिया में सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले शहरों की सूची में तीसरे स्थान पर रहा। वायु गुणवत्ता और प्रदूषित शहर रैंकिंग में ढाका की हवा को बहुत अस्वास्थ्यकर के रूप में वर्गीकृत किया गया। पाकिस्तान का लाहौर और भारत का कोलकाता क्रमशः 320 और 285 के एक्यूआई के साथ सूची में पहले और दूसरे स्थान पर रहा।

### पाकिस्तान में 86 हजार सिम ब्लॉक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हाल ही में कम से कम 86 हजार मोबाइल फोन सिम को ब्लॉक किया गया है। इन सिम का इस्तेमाल राज्य विरोधी गतिविधियों में किये जाने का दावा किया गया है। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार संसदीय सचिव साजिद मेहदी ने बुधवार को नेशनल असेंबली में आसिया नाज तनोली के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फर्जी खबरों के प्रसार के संबंध में लाए गए ध्यानाकर्षण नोटिस के जवाब में जानकारी दी कि राज्य विरोधी गतिविधियों के लिए कम से कम 86 हजार सिम ब्लॉक कर दिए गए हैं।

### बीजापुर में मुठभेड़ एक नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुनगा के वन क्षेत्र में बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया। इस दौरान नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट किया, जिसमें डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। दोनों को बीजापुर जिला अस्पताल लाया गया है। घायल जवानों- मंगलू कुड़ियम और योगेश्वर सोरी का इलाज बीजापुर जिला अस्पताल में जारी है। दोनों जवानो की स्थिति सामान्य है। उन्होंने बताया कि मारे गये नक्सली के शव के साथ मौके से 9 एमएम. पिस्टल, जिन्दा आईईडी, 6 नग रिमोट स्विच एवं अन्य सामग्री बरामद की गयी है।

# सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर राज्यसभा में हंगामा

एजेंसी

- **उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा विपक्ष : रिजिजू**
- **संविधान को बदलना चाहता है सत्ता पक्ष : प्रमोद तिवारी**

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में बुधवार को सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष के बीच एक बार फिर कार्यवाही हंगामे के भेट चढ़ गई । सदन में सुबह ग्यारह बजे कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोक-झोंक शुरू हो गयी, जिसके कारण पहले सदन की कार्यवाही 12 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। उच्च सदन में बुधवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सूचीबद्ध दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए पांच नोटिस मिले हैं। सभापति ने नोटिस देने वाले सदस्यों में से एक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जॉन ब्रिटास का नाम लिया। उसी दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष की ओर से सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की आलोचना की।

उन्होंने जॉर्ज सोरोस के साथ कांग्रेस के संबंधों पर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात को भी स्पष्ट किया कि सोनिया गांधी के साथ जॉर्ज सोरोस का नाम सत्ता पक्ष की ओर से नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया की ओर से जोड़ा गया है। उन्होंने कठोर शब्दों में कहा कि विपक्ष को शर्म आनी



चाहिए कि वे ऐसे व्यक्ति से जुड़े हैं, जो देश के खिलाफ काम करता है। विपक्षी भारत विरोधी ताकतों के साथ काम करते हैं और फिर सभापति के खिलाफ नोटिस देते हैं। सभापति का समर्थन करते हुए रिजिजू ने हंगामे के बीच कहा कि 72 साल में एक किसान का बेटा उपराष्ट्रपति बना है। उन्होंने संसद और संविधान की गरिमा को बनाए रखा है।

विपक्ष उपराष्ट्रपति पर बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी सदस्य सभापति के पद का सम्मान नहीं कर सकते तो वे सदन के लायक नहीं हैं। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और देश को बताना चाहिए सोरोस और उनके बीच क्या संबंध है? कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्ष संविधान के प्रति निष्ठा रखता है जबकि सत्ता पक्ष के लोग बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को बदलना चाहते हैं। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग संविधान के हत्यारे हैं।

नड्डा ने कहा कि वे अध्यक्ष के खिलाफ आरोप लगाकर वास्तविक मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके बाद फिर सदन में हंगामा होने लगा। हंगामा होते देख उपसभापति ने सदन की कार्यवाही को गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सभापति ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई : खड़गे



राज्यसभा के सभापति के खिलाफ इंडी गठबंधन के अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि सभापति ने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में ऐसी स्थिति पैदा कर दी है कि हमें अविश्वास प्रस्ताव के लिए यह नोटिस लाना पड़ा। हमारी उनसे कोई व्यक्तिगत दुश्मनी या राजनीतिक लड़ाई नहीं है। हम देशवासियों को बताना चाहते हैं कि हमने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए बहुत सोच-समझकर यह कदम उठाया है। कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में खड़गे ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद दूसरे नंबर का सबसे उच्च संवैधानिक पद है। इस पद पर महाविद्वान डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डा. शंकर दयाल शर्मा, जस्टिस हिदायत उल्ला और केआर नारायणन समेत कई महान लोग रह चुके हैं। 1952 से अब तक किसी उपराष्ट्रपति के खिलाफ संविधान के आर्टिकल 67 के तहत इस तरह का अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया गया, क्योंकि वो हमेशा निष्पक्ष और राजनीति से परे रहे। केवल सदन चलाना और वो भी जो सदन के नियम कानून हैं, उसके तहत सदन चलाते रहे। आज हमें कहना पड़ता है कि सदन में रूल्स को छोड़कर राजनीति ज्यादा हो रही है।

## स्मार्ट इंडिया हैकथान को प्रधानमंत्री मोदी ने किया संबोधित, कहा

# युवाओं के विजन पर चलेगी सरकार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश सभी के प्रयासों से ही तेजी से आगे बढ़ सकता है और बढ़ भी रहा है। ऐसे में हमें अब हर क्षेत्र में लीक से हटकर ( आउट आफ बाक्स ) सोचने व काम करने की जरूरत है। एक समय था जब सरकारें किसी समस्या का समाधान देने का दावा करती थी, लेकिन अब आप सब समाधान दे रहे है।

आज देश के युवा सरकार के साथ मिलकर देश की चुनौतियों के लिए काम कर रहे है। उनमें अब देश के विकास के लिए एक ओनरशिप की भावना विकसित होती दिख रही है। सरकार सिर्फ संसाधन मुहैया करा रही है। यह नए भारत का नया गवर्निंग मॉडल



है, जिसमें युवाओं का विजन ही सरकार का विजन है। उन्हें जो चाहिए उस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। हाल ही में लिए गए वन नेशन-वन सब्क्रिप्सन का निर्णय भी इसी पहल का हिस्सा है, जिसे पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। मोदी बुधवार को स्मार्ट इंडिया हैकथान- 2024 के सातवें संस्करण के ग्रैंड फिनाले में देश भर के 51 नोडल केंद्रों पर मौजूद 13 सौ से अधिक छात्रों और इनोवेटर के समूह को संबोधित कर रहे थे।

**21वीं सदी के भारत को देखने का आपका नजरिया अलग**

उन्होंने छात्रों से कहा कि भविष्य की दुनिया नालेज और इनोवेशन से ही संचालित होने वाली है। ऐसे में हम सभी का लक्ष्य भारत को दुनिया का सबसे इनोवेटिव देश बनाने की है। दुनिया आप सभी की ओर से देख रही है। इसके साथ विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी भी आप सब पर है। इसके साथ ही यदि हमें भारत को दुनिया में इकोनॉमी का सुपर पावर बनाना है तो नए-नए क्षेत्रों में खूब काम करना होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी छात्रों को संबोधित किया। और कहा कि पीएम की पहल से देश अब नवाचार और रचनात्मकता का केंद्र बन चुका है। जहां देश भर के छात्र नई चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए अपने बौद्धिक कौशल का उपयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की प्रतिभा, दूरदर्शिता,कठिन परिश्रम, नेतृत्व और नवाचार से भारत को 21वीं सदी के ज्ञान व उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक मॉडल बनाएंगे। साथ ही देश को दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभरने का मार्ग भी प्रशस्त करेंगे।

**पीएम ने छात्रों से पूछे सवाल :** पीएम ने इस दौरान हैकथान में हिस्सा लेने वाले छात्रों व इनोवेटरों के समूहों से सीधी बात भी की। उनसे इनोवेशन को लेकर सवाल भी पूछे। इस दौरान एक छात्र ने बताया कि उन्होंने एक ऐसी तकनीक पर काम किया है, जिसमें माइक्रो डाप्लर तकनीक से दूर से ही ड्रोन या पक्षी है इसका पता लगाया जाए सकेगा। इस पर पीएम ने पूछा कि क्या भी बताएगा कि यह कितनी स्पीड से आ रहा है। तो छात्रों ने कहा कि वह आगे इस पर काम करेंगे। छात्रों के एक समूह ने इस दौरान साइबर सिक्यूरिटी को किए गए अपने इनोवेशन भी पीएम के साथ साझा किया। पीएम ने कहा कि आपका प्रयास ठीक है लेकिन साइबर अटैक करने वाले प्रत्येक चार घंटे में अटैक का एक नया तरीका खोज लेते है। ऐसे में हम भी साइबर सिक्यूरिटी को लेकर उतनी तेजी से काम करें। पीएम ने छात्रों से कहा कि वह हैकथान में वैश्विक स्तर की चुनौतियों के लिए समाधान लेकर आए।

**यंग लीडर्स डायलाग में लें हिस्सा :** पीएम ने युवाओं से 11 और 12 जनवरी को आयोजित होने वाले विकसित भारत यंग लीडर्स डायलांग में हिस्सा लेने की अपील की है।




### राष्ट्रपति ने दिया राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार

**नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को सतत और समावेशी विकास के विषयों में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए विभिन्न श्रेणियों में चुने गए 45 पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश की लगभग 64 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है। इसलिए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों और ग्रामीणों का विकास और सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है।**

# चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका खारिज

**देशद्रोह के आरोप में दास को बांग्लादेश सरकार ने किया था गिरफ्तार**

**ढाका ।** बांग्लादेश की एक अदालत ने बुधवार को पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका खारिज कर दी। बांग्लादेश सम्मिलित सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता दास को देशद्रोह के आरोप गिरफ्तार किया गया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि चटगांव मेट्रोपोलिटन सेशन जज मोहम्मद सैफुल इस्लाम ने बुधवार को यह आदेश पारित किया। उन्होंने कहा कि याचिका इसलिए खारिज कर दी गई क्योंकि दास के पास अपनी ओर से किसी वकील का लेटर ऑफ अटॉर्नी नहीं था। इसमें यह भी उल्लेख किया गया है कि उनके वकील सुभाशीष शर्मा सुरक्षा कारणों से 3 दिसंबर को सुनवाई में शामिल नहीं हो सके। देश के प्रमुख बंगाली दैनिक प्रथम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, चटगांव मेट्रोपॉलिटन सेशन जज कोर्ट के लोक अभियोजक पीपी मोफिजुल हक भुइयां ने बताया कि राज्य पक्ष



ने अदालत को सूचित किया कि वकील रवींद्र घोष, ने दास की ओर से केस लड़ने के लिए कोई पावर ऑफ अटॉर्नी नहीं दी थी। घोष ने चिन्मय की अग्रिम जमानत की सुनवाई के लिए आवेदन दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक चिन्मय के वकील सुभाशीष शर्मा भी मौजूद नहीं थे। सुभाशीष ने केस लड़ने के लिए रवींद्र घोष को लिखित में कुछ भी नहीं दिया।

### इंडस्ट्री के मामले में भारत की ओर देख रही दुनिया : गडकरी



**नोएडा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को इंडिया एक्सपो सेंटर में निर्माण प्रदर्शनी बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गडकरी ने कहा कि इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत में कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में जिन मशीनों का निर्माण किया जा रहा है उन्हें अमेरिका भी मंगवा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 39 एक्सप्रेसवे के प्रोजेक्ट प्रोसेस में हैं। मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा होने वाला है। केंद्र सरकार कश्मीर टू कन्याकुमारी तक एक्सप्रेस-वे की योजना पर काम कर रही है। चार दिवसीय प्रदर्शनी में करीब 100 देशों के एक हजार से अधिक ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं।

# 2035 तक भारत का अपना होगा स्पेस स्टेशन

## भारतीयों को 2040 तक चांद पर उतारा जायेगा : डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

- **स्पेस सेक्टर के लिए नये कानून पर विचार कर रही है सरकार : अंतरिक्ष मंत्री**

**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि 2025 के अंत तक या 2026 की शुरूआत में गगनयान मिशन के तहत पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जायेगा। नयी दिल्ली में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ऐलान किया कि भारत 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करेगा।

इसे **भारत अंतरिक्ष स्टेशन** नाम दिया जाएगा। साथ ही 2040 तक एक भारतीय आंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजने की योजना सरकार बना रही है। साथ ही भारत अपने गहरे समुद्र मिशन के तहत 6,000 मीटर की गहराई में मानव को भेजने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर को मैनेज करने के लिए एक नए कानून पर काम कर रही है। इस सेक्टर में पिछले चार साल में प्राइवेट प्लेयर्स ने सैटेलाइट के निर्माण और लॉन्च में अहम भूमिका निभायी है, जिसके चलते काफी सुधार हुआ है। डॉ. सिंह ने कहा कि 2014 में जहां स्पेस स्टार्ट-अप की संख्या सिर्फ एक थी, वह अब बढ़कर 266 हो गयी है।

उन्होंने बताया कि भारत ने श्रीहरिकोटा लॉन्च साइट से अब तक 432 विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं, जिनमें से 397 पिछले 10 साल में ही लॉन्च किए गए हैं। इसरो ने 5 दिसंबर को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से प्रोबा-3 मिशन लॉन्च किया।



यूरोपियन स्पेस एजेंसी के इस मिशन का उद्देश्य दो उपग्रहों- कोरोनोग्राफ और ऑकुल्टर के जरिए सूर्य के बाहरी वातावरण की स्टडी करना है।

**2040 तक कई बड़ी योजनाएं :** डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के पहले चरण को सेट-अप करने के लिए गगनयान मिशन को शुरू करने का टारगेट रखा है। इसके अलावा, चंद्रयान-4 के जरिए चंद्रमा की चट्टानों के नमूने वापस लाने, शुक्र ग्रह का अध्ययन करने और नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल्स तैयार करने के निर्देश दिए हैं। भारत का लक्ष्य 2047 तक विज्ञान और अंतरिक्ष क्षेत्र में ग्लोबल लीडर बनना है।

**क्या है मिशन गगनयान**

गगनयान भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार एस्ट्रोनॉट्स अंतरिक्ष में जाएंगे। यह 3 दिन का मिशन होगा, जिसके तहत एस्ट्रोनॉट्स के दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा। इसके बाद क्रू मॉड्यूल को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराया जायेगा। अगर भारत अपने मिशन में कामयाब रहा तो वो ऐसा करने वाला चौथा देश बन जायेगा।

